# GORAKHPUR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांकः- 26-11-2022

# चौराहों-गलियों में सीसीटीवी कैमरा लगाए जाने की अपील

**महावीर छपरा (एसएनबी)।** क्षेत्र के चौराहों पर त्रिनेत्र प्रभारी ने दौरा कर दुकानदारों व ग्रामीणों को सीसीटीवी कैमरा लगाए जाने के लिए जागरूक किया। गोरखपुर त्रिनेत्र प्रभारी संतोष कुमार अवस्थी ने महावीर छपरा चौराहे पर दुकानदारों व ग्रामीणों को कैमरा लगाने के लिए जागरूक कर निर्देशित किया और कहा कि कैमरा लगाने के बहुत से फायदे होते हैं। जैसे घरों के सामने चोरी होना व एक्सीडेंट होना और मार झगड़ा जैसे अन्य वारदातों में सीसीटीवी कैमरा का वीडियो मान्य होता है और उसी के आधार पर कार्यवाही की जाती है।

इस दौरान एसएसआई सतपाल सिंह, उप निरीक्षक विशाल राय, चौकी इंचार्ज मड़रीया कुआ भारत भूषण सिंह, सुरेंद्र कुमार सिंह, राज रतन, राम कुमार गिरी, राहुल यादव और दुकानदार तारकेश्वर गुप्ता, दिनेश यादव, पंन्चानन यादव, सुरेंद्र मद्धेशिया, बलवंत पासवान, कन्हैया निषाद, मेजर मद्धेशिया, जय हिंद निषाद, किशोर यादव सहित बहुत से लोग उपस्थित रहे।

# सचिव के खिलाफ केस

**बासंगाव(एसएनबी)।** विकास खण्ड बांसगांव ग्राम सभा खमुहाभट्ट के प्रधान प्रतिनिधि श्रवण गुप्ता की तहरीर पर बांसगांव थाने में आज शाम सचिव ज्वाला सिंह के खिलाफ मारपीट की धारा 323, 504, 506 की धारा में मुकदमा दर्ज किया गया। मुकदमा दर्ज कराने के लिए दर्जन भर प्रधान मौके पर मौजूद रहे। मौके पर प्रधान संघ के ब्लाक अध्यक्ष विष्णु शंकर मिश्रा ने बताया कि जब तक सचिव के खिलाफ कार्यवाही नहीं होगी तब तक हम लोग विकास कार्य का बहिष्कार करेगें। दूसरी तरफ सचिव ज्वाला सिहं के तहरीर परं कल 24नवम्बर को बासगांव ब्लॉक के ग्राम प्रधान खंम्हुआभट्ठ के प्रधान प्रतिनिधि श्रवण गुप्ता के विरुद्ध भादवि की धारा 323, 504, 506, 332 के अन्तर्गत मुकदमा दर्ज किया है।

# छात्राओं ने यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक

**गोरखपुर (एसएनबी)।** चंद्रकांति रमावती देवी आर्य महिला पीजी कालेज गोरखपुर में शुक्रवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के ज्ञानदा, विजया, प्रेरणा इकाई के द्वारा यातायात जागरूकता रैली का आयोजन किया गया, जिसमें स्वयंसेविकाओं द्वारा सभी को सड़क पर वाहन चलाने संबंधित नियमों को लेकर लोगों को जागरूक किया तथा वाहन चलाते समय सीटबेल्ट लगाने हेलमेट लगाने संबंधी जागरूकता बढ़ाई गयी।



यातायात जागरूकता अभियान के तहत रैली निकालती सीआरडी पीजी कालेज की छात्राएं।

## सीआरडीपीजी कालेज से निकाली गयी रैली

इसके अतिरिक्त गाड़ी पर नए नंबर प्लेट लगाने से होने वाले फायदे तथा ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने संबंधी नियमों को भी छात्राओं ने लोगो को बताया, रैली महाविद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर ऊचवां के रास्ते नसीराबाद, अलीनगर, बक्शीपुर, चरनलाल चौक होते हुए वापस आयी। रैली का शुभारंभ महाविद्यालय प्रबन्धक द्वारा किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आस्था प्रकाश, डॉ. पूजा गुप्त एवं डा. रेखा रानी शर्मा तथा महाविद्यालय के समस्त प्रवक्तागण उपस्थित रहे।

# लड़की को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के जुर्म में सात साल की कैद

**गोरखपुर (एसएनबी)।** किशोरी को बहला फुसलाकर कर भगा ले जाने का जुर्म सिद्ध पाए जाने पर विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट कोर्ट रोहित सिंह ने गुलरिहा थाना क्षेत्र के नारायनपुर नम्बर 2 हीरागंज टोला निवासी अभियुक्त राजेश निषाद को सात साल के कठोर कारावास व 70 हजार अर्थदंड से दण्डित किया है। अर्थदंड न देने पर अभियुक्त को नौ माह कारावास अलग से भुगतना होगा। अभियोजन पक्ष की ओर से वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी रामयान राम एवं विशेष लोक अभियोजक अरविंद श्रीवास्तव का कहना था कि अभियुक्त वादी को कई मोबाइल नम्बर से फोन कर के उसकी लड़की को गाली गुप्ता और धमकी देता था कि अपनी लड़की से बात कराओ। 16 सितंबर 2018 को समय करीब 12 बजे अभियुक्त वादी की लड़की को बहला फुसलाकर कर भगा ले गया।

# न्यायालय परिसर की सुरक्षा का तैयार किया खाका



निरीक्षण करते जिला जज तेज प्रताप तिवारी, एडीजी अखिल कुमार व अध्यक्ष मनोज पाण्डेय।

गोरखपुर (एसएनबी)। दीवानी कचहरी परिसर में सुरक्षा व्यवस्था चौक चौबंद करने के लिए लिहाज से शुक्रवार को अपर पुलिस महनिदेशक गोरखपुर जोन अखिल कुमार और जिला जज के साथ भ्रमण किया। सुरक्षा व्यवस्था को और गति देने के लिए वार्ता की गयी।

**दीवानी न्यायालय परिसर का एडीजी और जिला जज ने लिया जायजा**

दीवानी कचहरी की सुरक्षा व्यवस्था को परखने के लिए एडीजी और जिला जज परिसर का जायजा लिया। जायजा के दौरान सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मियों के बारे में फीडबैक लिया गया। साथ ही परिसर में पार्किंग व्यवस्था को देखा गया जिसस कोर्ट में आने -जाने वाले अधिवक्ता और वादकारियों की व्यवस्था के बारे में जानकारी ली गयी। इस दौरान वार पदाधिकारियों से भी समस्या के बारे में जानकारी ली गयी जिससे समस्या का समाधान समय से किया जा सके।

इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था हाईलेवल करने के लिए रणनीति भी तैयार की गयी है। कचहरी में कई बार हत्या की घटनाएं हो चुकी है। इस देखते हुए परिसर में किसी प्रकार का कोई असलहा लेकर प्रवेश नही कर सकता हैं।

# शादी का दबाव बनाने वाला आरोपी धराया

**गोरखपुर (एसएनबी)।** गत दिनों कैंट इलाके में युवती से जबरिया शादी करने का दबाव बनाने और उसे जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपी प्रभात कुमार पांडेय पुत्र दीपक कुमार पांडेय निवासी देईपार थाना गीडा को कैंट प्रभारी शशिभूषण राय की टीम ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस का कहना है कि 24 नवम्बर को युवती कैंट इलाके में आयी थी। युवती



का आरोप है कि प्रभात कुमार पांडेय उससे अक्सर छेड़खानी करता था और शादी का दबाव बनाता था। विरोध करने पर युवती और उसके परिवार को जान से मारने की धमकी देता था। घटना के दिन वह युवती से विवाद कर लिया जहां युवती ने परिजनों को घटना की जानकारी दी। युवती की तहरीर पर कैंट थाने में मुकदमा संख्या 988/2022 धारा 354,323,504,506 के तहत केस दर्ज कर उसकी तलाश में जुटी थी। इस दौरान मुखबिर की सूचना पर आज दारोगा राजबंश सिंह सिपाही गोविन्द यादव ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# एटीएम बदलकर 61 हजार की शापिंग, केस

**सहजनवा (एसएनबी)।** सहजनवा थाना क्षेत्र के पिपरा निवासी 73 वर्षीय बुजुर्ग सहजनवा स्थित एक एटीएम से पैसा निकालने गए थे। वहां एक युवक ने चालाकी से बुजुर्ग का एटीएम बदल लिया और बिग बाजार में 61 हजार की शपिंग कर डाली। बुजुर्ग ने अपने साथ हुई धोखाधड़ी की शिकायत सहजनवा थाने में की लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई।

सहजनवा थाना क्षेत्र के पिपरा निवासी 73 वर्षीय बुजुर्ग बुधिराम यादव 26 अक्टूबर को सहजनवा स्थित फिश किंग होटल के पास एसबीआई के एटीएम से पैसा निकालने गए, पैसा निकालते समय उनके पीछे एक युवक ने मदद के बहाने उनका कोड देख लिया और बड़ी चालाकी से बुजुर्ग का एटीएम ले लिया और अपना एटीएम बुजुर्ग को दे दिया,उस समय बुजुर्ग नही जान पाया, अगले दिन बुजुर्ग के मोबाइल पर पैसा कटने का मैसेज आया तो बुजुर्ग को इसकी जानकारी हुई तो वह अपने बैंक गया ,तब पता चला कि उसके कार्ड से संजय तिवारी नामक एक युवक ने बिग बाजार और किसान सेव केंद्र से 61 हजार की खरीददारी हुई है। धोखे से बदले गए एटीएम कार्ड जो युवक ने बुजुर्ग को दिए थे , उसकी जानकारी बैंक पर कर पर नाम संजय तिवारी जिसका पता लेबर कालोनी गोरखपुर के रूप में हुई, ।न्यायालय के आदेश पर सहजनवा पुलिस ने गुरुवार को संजय तिवारी पर धारा 406, 379, 420 के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# मोबाइल छीनकर भाग रहे पल्सर सवार को दबोचा

पादरी बाजार (एसएनबी)। शाहपुर थानाक्षेत्र के जेल बाईपास सड़क से मोबाइल छीनकर भाग रहे दो पल्सर सवारों में एक को जनता ने पकड़ कर पुलिस को सौप दी। शाहपुर थानाक्षेत्र के जेल बाई पास सड़क स्थित रजनी मैरिज हाल पर मोहनापुर निवासी राजन नामक लड़का सिर पर रोड लाइट रखा मोबाइल से बात करते हुए गुरुवार को रात 10 बजे जा रहा था कि पल्सर सवार दो मनबढ़ मोबाइल छीनकर भागने लगे कि 100 कदम आगे ही ठेले से टकरा कर गिर गया। जिसमें पल्सर चला रहा जंगल धुषड़ के बैताल गढ़, पिपराइच निवासी राजन चौहान जिसे चोट लग गयी थी को आसपास के लोगों ने पकड़ लिया जबकि जिसने मोबाइल छीना था पीछे बैठा खोठ्ठा, पिपराइच निवासी विमलेश फरार हो गया।

## गल्ला व्यवसायी को लूटने का प्रयास

ब्रह्मपुर (एसएनबी)। झगहा थाना क्षेत्र के गोबरौर चौकी के पास बुलेट सवार बदमाशो ने इसी थाना क्षेत्र के नई बाजार निवासी शुधांशू जयसवाल की चारपहिया गाड़ी रोकने का प्रयास किया गाड़ी नहीं रोकने पर गाड़ी का शीशा मार कर तोड़ दिया। सुधांशु के अनुसार वह गल्ला व्यवसायी है। वह कौडीराम से पैसे का तगादा करके वापस घर आ रहे थे। सुधांशु ने बताया की बदमाशो ने लूट के नियत से हमे रोकने का प्रयास किया लेकिन मैंने गाड़ी नहीं रोका। जिससे बुलेट सवार लुटेरों ने गाड़ी का शीशा तोड़ दिया है। पीड़ित ने इसकी सूचना 112 पर दे दी है। स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल कर रही है।



**मेरी मर्जी :** यातायात व्यवस्था को धता बताते बाइक पर सवार बच्चे। फोटो : एसएनबी

# रामगढ़ताल में तीन पर गैंगस्टर का केस दर्ज

गोरखपुर। चोरी करने वाले तीन युवकों पर रामगढ़ताल पुलिस ने शुक्रवार को गैंगस्टर का केस दर्ज कर लिया। आरोपियों पर पहले से कई मुकदमे दर्ज हैं। प्रभारी निरीक्षक सुधीर सिंह ने बताया कि रानीबाग निवासी रवि निषाद, महुईसुधरपुर निवासी करन साहनी और पथरा निवासी प्रवेश को गिरोहबंद किया गया है। तीनों के खिलाफ रिपोर्ट तैयार कर डीएम को भेजी गई थी।

# छेड़खानी और धमकी देने का आरोपी गिरफ्तार

गोरखपुर। कैंट पुलिस ने छेड़खानी और धमकी देने के आरोपी को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपी की पहचान गीडा के देईपार निवासी प्रभात पांडेय के रूप में हुई। प्रभारी निरीक्षक शशिभूषण राय ने बताया कि 24 नवंबर को एक युवती ने केस दर्ज कराया था।

# लूट का आरोपी गिरफ्तार

गोरखपुर। शाहपुर पुलिस ने लूट करने के एक आरोपी को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपी की पहचान पिपराइच के जंगलधूसड़ निवासी राजन चौहान के रूप में हुई। आरोपी के खिलाफ शाहपुर थाने में पहले ही केस दर्ज था। आरोपी की तलाश में पुलिस टीम जुटी थी।

# दरोगा को ठोकर मारने वाले चालक पर केस

कुसम्ही बाजार (गोरखपुर)। कैंट थानाक्षेत्र में18 नवम्बर को स्कॉर्पियो की ठोकर से घायल बुलेट सवार दरोगा का लखनऊ में इलाज चल रहा है। उन्हें काफी गंभीर चोट आई है। उधर, दरोगा के पिता ने स्कॉर्पियो चालक के खिलाफ केस दर्ज कराया है। दारोगा अजय एअरपोर्ट की सुरक्षा ड्यूटी में तैनात थे।

# हत्यारोपित को उम्रकैद

गोरखपुर (एसएनबी)। हत्या का जुर्म सिद्ध पाए जाने पर जनपद न्यायाधीश तेज प्रताप तिवारी ने सहजनवां थाना क्षेत्र के पुंडा निवासी अभियुक्त सूरज को आजीवन कारावास एवं 13 हजार रुपए अर्थदंड से दण्डित किया है। अर्थदंड न देने पर अभियुक्त को एक साल एक माह का कारावास अलग से भुगतना होगा।



अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता जयनाथ यादव का कहना था कि वादिनी कमलावती सहजनवां थाना क्षेत्र के पुंडा की निवासी है।अभियुक्त वादिनी को सुनसान जगह पर देखकर उसके साथ छेड़छाड़ करता था और उसकी बात न मानने पर अनहोनी घटना कारित करने की धमकी देता था। 29 अक्टूबर, 2014 की शाम करीब छः बजे वादिनी का लड़का अरुण कुमार शौच के लिए घर से बाहर निकला और घर वापस नहीं आया। वादी उसकी तलाश करती रही परंतु वादिनी का लड़का नहीं मिला। 30 अक्टूबर 2014 को वादिनी के लड़के की लाश उसके टोले के पश्चिम धान के खेत में मिली।

# लैपटॉप रखा बैग बरामद कर मालिक को सौंपा

गोरखपुर। ट्रैफिक पुलिस ने शुक्रवार को लैपटॉप रखा बैग काफी खोजबीन के बाद बरामद कर लिया। एसपी ट्रैफिक ने उसके मालिक को बुलाकर बैग सुपुर्द कर दिया। देवरिया जिले के खुखुंदू क्षेत्र के सठियांव गांव निवासी विवेक त्रिपाठी गुरुवार को प्राइवेट बस से गोरखपुर आए थे। उनका बैग बस में ही छूट गया। आईटीएमएस कंट्रोल रूम की मदद से उसकी तलाश की गई। सुबह रोडवेज बस स्टैंड के पास यातायात निरीक्षक 3 के चालक रामाज्ञा प्रसाद को बैग मिला।

# हॉस्पिटल प्रबंधक को डॉक्टर के बेटे ने पीटा

गोरखपुर। शहर के एक डॉक्टर के पुत्र आर्यन सिंह ने एक हॉस्पिटल के प्रबंधक संतोष राय के साथ मारपीट की। संतोष ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया है कि आर्यन और विकास तथा दो अन्य लोगों ने उसकी पिटाई की। इंस्पेक्टर कैंट शशिभूषण राय ने बताया कि केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

संतोष राय ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि दाउदपुर में रहने वाले एक डॉक्टर के आवास के पास उनके बिजली का सामान लेकर गाड़ी जा रही थी। रास्ता संकरा होने की वजह से वहां जाम जैसी स्थिति हो गई। इसी दौरान डॉक्टर के बेटे आर्यन और उनके भतीजे विकास तथा दो अन्य लोग आ गए। रास्ता खाली कराने को लेकर विवाद शुरू कर दिया और मारपीट भी की।

# एटीएम कार्ड बदलकर 61 हजार की खरीदारी, केस

- सहजनवा थानाक्षेत्र के पिपरा का मामला
- शिकायत के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई

सहजनवा, हिन्दुस्तान संवाद। क्षेत्र के पिपरा निवासी 73 वर्षीय बुजुर्ग सहज़नवा स्थित एटीएम से पैसा निकालने गए थे। वहां एक युवक ने चालाकी से उनका एटीएम कार्ड बदल लिया और बिग बाजार में 61 हजार की शॉपिंग कर डाली।

बुजुर्ग ने अपने साथ हुई धोखाधड़ी की शिकायत सहज़नवा थाने में की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। थानाक्षेत्र के पिपरा निवासी 73 वर्षीय बुजुर्ग बुधिराम यादव सहजनवा स्थित एसबीआई एटीएम बूथ से पैसा निकालने गए। पैसा निकालते समय उनके पीछे एक युवक ने मदद के बहाने उनका कोड देख लिया और बड़ी चालाकी से उनका एटीएम बदल लिया। अगले दिन बुजुर्ग के मोबाइल पर पैसा कटने का मैसेज आया तो वह अपने बैंक गए। बैंक से पता चला कि कार्ड से संजय तिवारी नामक युवक ने बिग बाजार और किसान सेवा केंद्र से 61 हजार की खरीददारी की है। उसकी जानकारी बैंक पर करने पर नाम संजय तिवारी का पता लेबर कालोनी, गोरखपुर के रूप में हुई। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने गुरुवार को संजय तिवारी पर मुकदमा पंजीकृत किया है।

# हत्या के जुर्म में आजीवन कारावास की सजा

- अर्थदंड नहीं देने पर भुगतना होगा एक वर्ष का अलग से कारावास
- सहजनवा क्षेत्र के पुंडा गांव में वर्ष 2014 में हुई हत्या का मामला

गोरखपुर, निज संवाददाता। हत्या का जुर्म सिद्ध पाए जाने पर जनपद न्यायाधीश तेजप्रताप तिवारी ने सहजनवा थानाक्षेत्र के पुंडा निवासी अभियुक्त सूरज को आजीवन कारावास और 13 हजार रुपये अर्थदंड से दण्डित किया है।

अर्थदंड नहीं देने पर अभियुक्त को एक साल एक माह का कारावास अलग से भुगतना होगा। अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता जयनाथ यादव का कहना था कि वादिनी कमलावती पुंडा की निवासी हैं। 29 अक्तूबर 2014 की शाम वादिनी का बेटा अरुण शौच के लिए घर से बाहर निकला और घर वापस नहीं आया। वादी उसकी तलाश करती रही, लेकिन वादिनी का बेटा नहीं मिला। 30 अक्तूबर 2014 को वादिनी के लड़के की लाश उसके टोले के पश्चिम धान के खेत में मिली।

# यातायात जागरूकता रैली निकाली

गोरखपुर। सीआरडी आर्य महिला पीजी कॉलेज में शुक्रवार को राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से यातायात जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इसमें स्वयंसेविकाओं ने सड़क पर वाहन चलाने संबंधित नियमों को लेकर लोगों को जागरूक किया। रैली कॉलेज परिसर से शुरू होकर ऊचवां के रास्ते नसीराबाद, अलीनगर, बक्शीपुर, चरनलाल चौक होते हुए वापस परिसर में पहुंची।

# चोरी करते पकड़े गए आरोपित को जेल

**जासं, मुंडेरा बाजार**: ग्राम चौरी के सतहवां चौराहे पर स्थित मकान से गुरुवार को चोरी करते हुए पकड़े गए चोर को चौरीचौरा थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश करते हुए जेल भेज दिया। चोर पिपरहिया निवासी कर्णजीत चौरसिया के घर चोरी कर रहा था। इसी दौरान घर के लोगों के आने पर चोर भागने लगा। लोगों ने पकड़कर पुलिस को सौंप दिया।

# यातायात की पाठशाला में बच्चों ने पढ़ा नियमों का पाठ, ली शपथ

- दैनिक जागरण ने स्कूलों में आयोजित किया जन जागरूकता कार्यक्रम
- यातायात विभाग के अधिकारियों ने बच्चों को दी नियमों की जानकारी

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर**: दैनिक जागरण के सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को शहर के स्कूलों में सड़क सुरक्षा की पाठशाला लगी, जिसमें बच्चों ने यातायात नियमों का पाठ पढ़ा। साथ ही यातायात विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी में सड़क पर चलते समय यातायात नियमों का पालने करने की शपथ ली।

जागरूकता कार्यक्रम की शुरुआत जेपी एजुकेशन एकेडमी गोरखनाथ से हुई। यातायात उप निरीक्षक विनीत यादव ने विद्यालय के निदेशक सलील के श्रीवास्तव की मौजूदगी में बच्चों को यातायात नियमों की जानकारी दी। यातायात संकेतकों के बारे में एक-एक कर बताया और कहा कि सड़क पर चलते समय इसका जरूर ध्यान रखें। यह आपके हित में है। स्टेपिंग स्टोन इंटर कालेज ग्रीन सिटी में यातायात उप निरीक्षक इन्दल राम ने विद्यालय के निदेशक राजीव गुप्ता, प्रधानाचार्य अपनीत गुप्ता व उप प्रधानाचार्य स्नेहिता चौहान की मौजूदगी में बच्चों को सीट बेल्ट, हेलमेट लगाने के फायदे व न लगाने से होने वाले नुकसान की जानकारी दी। उन्होंने बच्चों को यातायात नियमों की शपथ दिलाई।

इसी क्रम में आरपीएम एकेडमी ग्रीन सिटी में भी यातायात की पाठशाला लगी। यहां यातायात उप निरीक्षक राहुल राव ने रोड सिग्नल, जेब्रा क्रासिंग, ट्रैफिक सिग्नल की जानकारी दी। कहा, वाहन चलाते समय इनका जरूर ध्यान रखें।



जेपी एजुकेशन एकेडमी में यातायात नियमों को जागरूक करते टीएसआइ विनीत • जागरण



आरपीएम एकेडमी ग्रीन सिटी में बच्चों को जागरूक करते टीएसआइ इंदल कुमार• जागरण



एचपी चिल्ड्रेन एकेडमी में बच्चों को जानकारी देते एसआइ सूरज कुमार• जागरण



स्टेपिंग स्टोन इंटर कालेज में यातायात नियमों को लेकर जागरूक करते टीएसआइ इंदलराम

आरपीएम एकेडमी के निदेशक अजय शाही ने कहा कि यदि बचपन से आप यातायात नियमों का पालन करेंगे तो न सिर्फ यह आपकी आदतों में शुमार हो जाएगा बल्कि दुर्घटनाओं से भी बचाव होगा। निदेशक आराधना शाही की मौजूदगी में प्रधानाचार्य रवि श्रीवास्तव ने बच्चों को यातायात नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई।

स्प्रिंगर पब्लिक स्कूल बरगदवा में आयोजित कार्यक्रम में यातायात उप निरीक्षक संजय कुशवाहा ने कहा कि सुरक्षित यातायात हम सभी की जिम्मेदारी है। यह तभी संभव है जब हमें उसका ईमानदारी से पालन करें। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों का पालन करें और दुर्घटनाओं से बचे रहें। विद्यालय की निदेशक शिप्रा श्रीवास्तव व शिक्षक-कर्मचारी मौजूद रहे।

सिविल लाइन स्थित एचपी चिल्ड्रेन एकेडमी में यातायात उप निरीक्षक सुरेश कुमार रत्ना व चौकी प्रभारी जटेपुर धीरेंद्र राय ने बच्चों को यातायात नियमों के साथ स्कूल बस में बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा के बस में यात्रा करते समय शहरी का कोई अंग बाहर न निकालें। पायदान पर खड़े होकर यात्रा न करें। बस में शोर-गुल कर चालक ध्यान न बटाएं। नियमों का अपुपालन स्वयं तो करें ही अपने आसपास के लोगों को भी जागरूक करें। इस दौरान विद्यालय के निदेशक अनन्य प्रताप शाही व प्रधानाचार्य अनुजा श्रीवास्तव समेत अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

# पति पर कुकर्म कर अश्लील वीडियो वायरल करने का आरोप, मुकदमा

**जासं, सहजनवा**: गीडा क्षेत्र की रहने वाली एक महिला ने दहेज न मिलने पर पति पर कुकर्म कर अश्लील वीडियो बनाकर इंटरनेट मीडिया पर वायरल करने का आरोप लगाया है। उसने जेठ पर छेड़खानी और ससुर पर रस्सी से गला दबाकर मारने की कोशिश करने का भी आरोप लगाया है। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर पति सलमान, जेठ मेराज, जेठानी आयशा, ननद तथा ससुर जुबेर अहमद के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न और छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज किया है।

महिला का कहना है कि उसकी शादी 17 मई 2022 को संतकबीर नगर जनपद के महुली थाना क्षेत्र के एक गांव के सलमान खान के साथ हुई थी। आरोप है कि मां ने पिता के नहीं रहने पर भूमि बेचकर 15 लाख रुपये खर्च कर शादी की थी। ससुराल पहुंचने पर चार पहिया वाहन और पांच लाख रुपये और मांगा जाने लगा। नहीं देने पर पति समेत ससुराल वालों ने उत्पीड़न करना शुरू कर दिया। 25 मई को जेठ ने कमरे में घुसकर छेड़छाड़ किया और घरवालों से शिकायत करने पर उलटे महिला के ऊपर ही आरोप लगा दिया। ससुर ने 30 मई को रस्सी से गला कसकर जान से मारने की कोशिश की। शिकायत करने पर पुलिस द्वारा कार्रवाई नहीं करने पर न्यायालय की शरण लेनी पड़ी। थाना प्रभारी गीडा राकेश सिंह यादव ने कहा मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## ग्राम पंचायत अधिकारी पर मुकदमा

जसं, बांसगांव : ग्राम पंचायत अधिकारी ज्वाला सिंह पर थाना पुलिस ने शुक्रवार को ग्राम प्रधान प्रतिनिधि श्रवण गुप्ता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया है। ग्राम पंचायत खम्भुआ भट्ट की प्रधान प्रतिनिधि ने आरोप लगाया है कि सचिव द्वारा गुपचुप ढंग से अपने किसी निजी फर्म को 68 हजार 956 रुपये का भुगतान कर दिया गया। जानकारी होने के बाद पूछताछ पर उन्होंने गाली देते हुए जान से मारने की धमकी दी।

## हत्या के आरोपित को आजीवन कारावास

गोरखपुर : हत्या का आरोप सिद्ध पाए जाने पर जनपद न्यायाधीश तेज प्रताप तिवारी ने सहजनवां थाना क्षेत्र के पुंडा निवासी सूरज को आजीवन कारावास एवं 13 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड न देने पर अभियुक्त को एक वर्ष एक माह का कारावास अलग से भुगतना होगा।

## कोर्ट के आदेश पर युवक पर जालसाजी का मुकदमा

सहजनवां : कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने लेबर कालोनी निवासी संजय तिवारी के विरुद्ध शुक्रवार को जालसाजी का मुकदमा दर्ज किया है। आरोपित पर एटीएम कार्ड बदलकर 62 हजार रुपये निकालने का आरोप है। नगर पंचायत के पिपरा निवासी 73 वर्षीय बुद्धिराम यादव 26 अक्टूबर को हाईवे पर स्थित एसबीआई के एटीएम से 20 हजार रुपये निकालने गए थे। वहां खड़े व्यक्ति ने मदद के बहाने उनका एटीएम कार्ड बदल लिया। घर पहुंचने पर खाते से 62 हजार रुपये निकलने का मैसेज आने के बाद वह बैंक पहुंचे और खाते की जांच कराई। बुजुर्ग ने पुलिस को तहरीर दी थी। कार्रवाई नहीं करने पर उन्हें न्यायालय जाना पड़ा। थाना प्रभारी नितिन रघुनाथ श्रीवास्तव ने बताया कि आरोपित पर जालसाजी का मुकदमा दर्ज किया गया है। (जासं)

# यातायात नियमों का पालन कर चलाएं वाहन

- एसपी यातायात ने नगर निगम के वाहन चालकों को किया प्रशिक्षित
- कहा, हादसा रोकने के लिए जरूरी है यातायात नियमों का ज्ञान

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर:** सड़क सुरक्षा अभियान के तहत शुक्रवार को नगर निगम में सभागार में चालकों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई। मुख्य अतिथि एसपी यातायात डा.एमपी सिंह ने वाहन चालकों से कहा कि समझदारी से गाड़ी चलाने के साथ ही संकेतक के बारे में जान लें। यातायात नियम का पालन करके दुर्घटना को टाला जा सकता है।

एसपी यातायात ने कहा कि छात्रों के साथ ही समाज के हर वर्ग को जागरूक करने के लिए दैनिक जागरण परिवार की ओर से चलाया जा रहा अभियान सराहनीय है। नगर निगम के चालकों से एसपी यातायात ने कहा कि स्वच्छता का संदेश देने के साथ ही अपने परिवार, रिश्तेदार और शहर के लोगों को यातायात नियमों का पालन करने की सलाह दें।युवकों को बताया कि हर वर्ष दुर्घटना में 70 प्रतिशत युवाओं की मृत्यु होती है। 60 से 70 प्रतिशत दुर्घटनाएं दो पहिया वाहन से होती है। अधिकतर हादसे वहां होते हैं जहां हाईवे पर कस्बे या गांव की सड़क मिलती है। हाईवे पर वाहन लेकर चढ़ते समय रुककर पहले देख लें कि कहीं दूसरी तरफ से कोई गाड़ी तो नहीं आ रही। ऐसे जगह तेजी न दिखाएं। वाहन को पार्किंग में खड़ा करें। जेब्रा कासिंग पर इस बात का ध्यान दें कि अगर कोई गुजर रहा है तो सिग्नल ग्रीन होने के बाद भी गाड़ी रोंक दें। एंबुलेंस, पुलिस व फायर ब्रिगेड की गाड़ी को रास्ता दें। नगर आयुक्त अविनाश सिंह, अपर नगर आयुक्त दुर्गेश मिश्रा, उप नगर आयुक्त संजय शुक्ल, यातायात निरीक्षक अजीत पांडेय ने भी वाहन चालकों से कहा कि अच्छा नागरिक होने का परिचय दें। नियमों का पालन करने के साथ ही अपने आसपास रहने वालों को भी जागरूक करें।



दैनिक जागरण द्वारा आयोजित सड़क सुरक्षा अभियान के दौरान नगर निगम में कार्यरत वाहन चालकों को जानकारी देते एसपी ट्रैफिक डा. महेन्द्र प्रताप सिंह ● जागरण



स्प्रिंगर पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों को जागरूक करते टीएसआइ संजय कुशवाहा ● जागरण

# लूट के आरोपित को पकड़ा

गोरखपुर : शाहपुर पुलिस ने लूट करने के आरोपित को शुक्रवार को गिरफ्तार किया ।दोपहर बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया जहां से जेल भेल भेज दिया गया। सीओ गोरखनाथ रत्नेश सिंह ने बताया कि पकड़े गए आरोपित की पहचान पिपराइच के जंगलधूसड़ निवासी राजन चौहान के रूप में हुई ।आरोपित के विरुद्ध शाहपुर थाने में कई मुकदमे में दर्ज हैं। (जासं)

# छेड़खानी व धमकी देने का आरोपित गिरफ्तार

गोरखपुर : छात्रा से छेड़खानी व स्वजन को जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपित को कैंट थाना पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार किया।दोपहर बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया जहां से जेल भेज दिया गया। प्रभारी निरीक्षक थाना कैंट शशिभूषण राय ने बताया कि पकड़ा गया आरोपित प्रभात पांडेय गीडा थानाक्षेत्र के देईपार गांव का निवासी है।आरोप है कि युवक राह चलते उसके साथ छेड़खानी करता है और शादी का दबाव बनाता है। मना करने पर परिवार वालों को जान से मारने की धमकी देता है। (जासं)

# मोबाइल छीनकर भाग रहा बदमाश पकड़ाया, साथी भागा

पादरी बाजार : जेल बाईपास स्थित रजनी मैरिज हाल पर मोहनापुर निवासी राजन सिर पर रोड लाइट रख मोबाइल से बात करते हुए रात 10 बजे जा रहा था। एक बाइक पर सवार दो बदमाश उसका मोबाइल छीनकर भागने लगे, भाग रहे दो बदमाशों में एक को लोगों ने पकड़ लिया। दूसरा साथी भागने में सफल रहा। शाहपुर थाना पुलिस पकड़े गए बदमाश से पूछताछ कर रही है। बदमाश ने अपना नाम पिपराइच के जंगल धुसड़ बैतागढ़ निवासी राजन चौहान बताया। दूसरे साथी का नाम पिपराइच के खोढ़ढा निवासी विमलेश बताया है। बदमाश की बाइक ठेले से टकराने पर कुशीनगर के सब्जी विक्रेता ओमप्रकाश भी घायल हो गए। (जासं)

# यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक

गोरखपुर। सीआरडीपीजी कॉलेज की ओर से यातायात सुरक्षा जागरूकता रैली का आयोजन शुक्रवार को हुआ। जहां, छात्राओं ने लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया।

रैली का शुभारंभ महाविद्यालय की प्रबंधक डॉ. विजयलक्ष्मी मिश्रा ने हरी झंडी दिखाकर किया। यातायात रैली महाविद्यालय परिसर से होकर ऊचवां, नसीराबाद, अलीनगर, बक्शीपुर होते हुए वापस महाविद्यालय परिसर में समाप्त हुई। डॉ. आस्था प्रकाश, डॉ. पूजा गुप्त आदि मौजूद रहीं। संवाद

# छेड़खानी व धमकी देने का आरोपी गिरफ्तार

गोरखपुर। कैंट पुलिस ने छेड़खानी व धमकी देने के आरोपी को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपी की पहचान गीडा के देईपार निवासी प्रभात कुमार पांडेय के रूप में हुई।

प्रभारी निरीक्षक शशिभूषण राय ने बताया कि 24 नवंबर को एक युवती ने केस दर्ज कराया था। आरोप है कि युवक राह चलते उसके साथ छेड़खानी करता है और शादी का दबाव बनाता है। मना करने पर परिवार वालों को जान से मारने की धमकी देता है। ब्यूरो

# प्रधान के प्रतिनिधि व सचिव में हाथापाई, मुकदमा दर्ज

अमर उजाला ब्यूरो

हरनही। बांसगांव क्षेत्र के खमुहाभट्ट के प्रधान के प्रतिनिधि व सचिव में बुधवार को हुई हाथापाई के मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर लिया। बुधवार की शाम पुलिस ने सचिव ज्वाला सिंह की तहरीर पर प्रधान प्रतिनिधि पर केस दर्ज किया।

विरोध में प्रधान संघ के अध्यक्ष विष्णु शंकर मिश्रा की अगुवाई में प्रधानों ने डीएम से मुलाकात की। डीएम के आदेश पर पुलिस ने प्रधान प्रतिनिधि की तहरीर पर भी केस दर्ज कर लिया।

जानकारी के मुताबिक, खमुहाभट्ट गांव के प्रधान प्रतिनिधि श्रवण गुप्ता बुधवार को ब्लॉक पर गए थे। इस दौरान एक फाइल को लेकर सचिव से उनकी बहस हो गई। आरोप है कि दोनों पक्ष में हाथापाई हो गई।

मौजूद लोगों ने बीच-बचाव किया। घटना के बाद सचिव ने बांसगांव थाने में तहरीर दी, जिसके आधार पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया।

इसकी जानकारी होने पर शुक्रवार को प्रधान संघ के अध्यक्ष की अगुवाई में प्रतिनिधि मंडल ने डीएम से मुलाकात कर केस दर्ज कराया। ब्लॉक अध्यक्ष विष्णु शंकर मिश्रा ने बताया कि जब तक सचिव के खिलाफ कार्रवाई नहीं होगी, हम लोग कार्य बहिष्कार करेंगे।

# रामगढ़ताल में तीन पर गैंगस्टर का केस दर्ज

**गोरखपुर।** चोरी में तीन युवकों पर रामगढ़ताल पुलिस ने शुक्रवार को गैंगस्टर का केस दर्ज कर लिया। आरोपियों पर पहले से कई मुकदमे दर्ज हैं। प्रभारी निरीक्षक सुधीर सिंह ने बताया कि रानीबाग के रवि निषाद, महुईसुधरपुर के करन साहनी और पथरा के प्रवेश निषाद को गिरोहबंद किया गया है। तीनों के खिलाफ रिपोर्ट डीएम को भेजी गई थी। ब्यूरो

# महिला की पिटाई पर पति समेत तीन पर केस

**चौरीचौरा।** चौरीचौरा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत गौनर के टोला मौनहा के बारी टोला निवासी मुराती देवी से मारपीट के मामले में पुलिस ने पति समेत तीन लोगों पर केस दर्ज किया है। जानकारी के मुताबिक, मुराती देवी ने तहरीर में लिखा है कि बृहस्पतिवार की शाम को पारिवारिक विवाद में पति रामसरन, दान बहादुर व सहदेव ने मिलकर पिटाई की। ब्यूरो

# बाइक से एसपी सिटी ने की रेकी, पुलिस ने तोड़ीं भट्ठियां

## अमरुद मंडी में 80 भट्ठियां तोड़ीं, दो क्विंटल लहन नष्ट

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। राजघाट पुलिस ने अमरूद मंडी में शुक्रवार को अभियान चलाकर शराब की 80 भट्ठियों को तोड़ दिया। वहीं, पुलिस ने करीब दो क्विंटल लहन नष्ट कर दी।

यह पूरी कार्रवाई एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई की रेकी के बाद की गई है। दरअसल, दो दिन पहले एसपी सिटी खुद बाइक से अमरूद मंडी गए थे और फिर ठिकाने की तलाश कर पुलिस को कार्रवाई के निर्देश दिए थे।



कच्ची शराब के खिलाफ अभियान चलाती राजघाट पुलिस। संवाद

जानकारी के मुताबिक, अमरूद मंडी में लंबे समय से कच्ची शराब का कारोबार होता है। पुलिस जब भी उस ओर ध्यान देना बंद करती है, धंधा बढ़ जाता है। इसकी गोपनीय जानकारी किसी ने एसपी सिटी को दी थी। एसपी सिटी दो दिन पहले खुद बाइक से अकेले ही अमरूद मंडी में चले गए थे।

वहां पर रेकी करने के बाद राजघाट पुलिस को कार्रवाई के निर्देश दिए, जिसके बाद शुक्रवार को थानाध्यक्ष राजेंद्र सिंह फोर्स के साथ पहुंचे और 80 भट्ठियों को तोड़ने के साथ ही लहन को नष्ट करा दिया।

# नर्सिंग होम में घुसकर प्रबंधक से मारपीट, तीन पर केस

अमर उजाला ब्यूरो

### एक नर्सिंग होम के संचालक के बेटे पर आरोप, पुलिस जांच में जुटी

गोरखपुर। कैंट इलाके में स्थित भावना नर्सिंग होम में घुसकर प्रबंधक से मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि एक नर्सिंग होम के संचालक के बेटे आर्यन सिंह ने अपने चाचा विकास व अन्य के साथ मिलकर वारदात की है। पुलिस ने आर्यन, विकास व दो अन्य लोगों पर मारपीट का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के मुताबिक, भावना नर्सिंग होम के प्रबंधक संतोष कुमार राय ने तहरीर में लिखा है कि दाउदपुर स्थित एक नर्सिंग होम के पास ही भावना हॉस्पिटल है। 21 नवंबर को वायरिंग का काम चल रहा था।

उसके लिए रास्ते से एक गाड़ी बिजली का कुछ सामान ले कर भावना हॉस्पिटल जा रही था। रास्ता संकरा होने से वहां ट्रैफिक की समस्या हो गई। तभी, अस्पताल संचालक के बड़े बेटे आर्यन सिंह, अपने चाचा विकास और अन्य 2 लोगों के साथ आ गए। रास्ता खाली कराने के लिए उन्होंने विवाद शुरू कर दिया और गाली-गलौज के साथ मारपीट भी की।

इतना ही नहीं, आर्यन सिंह और विकास अपने साथियों संग भावना अस्पताल के अंदर घुस गए और वहां के प्रबंधक संतोष कुमार राव को गालियां देने लगे और हाथापाई भी की। यह पूरी घटना देख अस्पताल के अंदर मौजूद मरीजों में दहशत फैल गई, जिससे मरीज काफी डर गए।

प्रभारी निरीक्षक शशिभूषण राय ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# एक तरफा प्यार में किशोरी पर किया चाकू से हमला

## शाहपुर इलाके में हुई घटना, पुलिस ने आरोपी युवक को किया गिरफ्तार

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। शाहपुर इलाके में एक तरफा प्यार में किशोरी पर युवक ने बृहस्पतिवार की रात चाकू से हमला कर दिया। गंभीर हालत में युवती को एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया।

पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी युवक राज उर्फ किशन पर हत्या की कोशिश व अन्य धाराओं में केस दर्ज कर शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी पहले भी लॉकडाउन के समय इसी लड़की का अपहरण कर दुष्कर्म व पॉक्सो के आरोप में जेल गया था। इन दिनों जमानत पर बाहर है।

जानकारी के मुताबिक, शाहपुर इलाके की 17 वर्षीय किशोरी की

### युवती का अपहरण कर दुष्कर्म व पॉक्सो के आरोप में पहले भी गया था जेल

लॉकडाउन के समय एल्युमिनियम फैक्ट्री के सामने सब्जी की दुकान लगाने वाले युवक से दोस्ती हो गई। वह उसकी दुकान पर रोजाना सब्जी लेने जाती थी। मार्च में किशोरी को लेकर युवक गुजरात चला गया। जिस किराये के कमरे में रहता था, उसके मकान मालिक ने किशोरी के परिजनों को जानकारी दी।

परिजनों ने शाहपुर में केस दर्ज कराया। पुलिस केस दर्ज कर आरोपी को वहां से ले आई और फिर जेल भिजवा दिया। जमानत पर छूटने के बाद उसने दोबारा भागने का दबाव बनाना शुरू कर दिया। बृहस्पतिवार की रात प्रेमिका को मिलने के लिए कृष्णा नगर कॉलोनी स्थित एक पार्क में बुलाया। लेकिन, जब लड़की ने दोबारा उसके साथ भागने से मना किया तो उसने चाकुओं से हमला कर दिया। गले और पेट पर कई जगह चोटें आईं।

मौका देख युवक फरार हो गया। इस घटना से क्षुब्ध किशोरी आत्महत्या करने जा रही थी, लेकिन तभी पास की रहने वाली उसकी कुछ सहेलियां वहां पहुंच गईं। सहेलियों के समझाने के बाद वह घर वापस आई और परिवार के लोगों को घटना की जानकारी दी। परिवार वाले किशोरी को अस्पताल ले गए, जहां उसका इलाज चल रहा है। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

# बच्चा गुम गया हो या सामान, मददगार है चौराहे का एलान

## रोजाना औसतन 10 लोगों का सामान और गुमशुदा लोगों को खोजने में मददगार बन रहे चौराहों पर आईटीएमएस के तहत लगे लाउडस्पीकर



विवेक त्रिपाठी को उनका गुम लैपटॉप लौटाते एसपी ट्रैफिक एमपी सिंह। अमर उजाला

शिवम सिंह

गोरखपुर। किसी का बच्चा गुम गया था, किसी का लैपटॉप बस में छूट गया था और किसी मरीज को आपात स्थिति में तुरंत अस्पताल पहुंचाना था। बच्चा मिल गया, लैपटॉप ढूंढ लिया गया और ग्रीन कॉरिडोर बनाकर मरीज को भी अस्पताल पहुंचा दिया गया। यह सब संभव हुआ इंटेलीजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (आईटीएमएस) के तहत चौराहों पर लगे लाउडस्पीकरों की मदद से।

### नवंबर में 12 गुमशुदा लोगों 98 बैग, 5 मोबाइल और 7 लैपटॉप की तलाश की

पुलिस हर दिन आईटीएमएस के जरिए औसतन 10 लोगों की मदद कर रही है। कोई कीमती बैग ऑटो में छोड़ने के बाद तो कोई अपने जिगर के टुकड़े के गुम होने की फरियाद लिए आता है। आईटीएमएस कर्मी सबकी सुनने के साथ ही सक्रिय हो जाते हैं। शहर के चौराहों पर लगे लाउड स्पीकरों से एलान किया जाने लगता है।

**केस 1**

16 अगस्त 2022 : बरगदवां चौराहे पर दो साल का एक बच्चा पुलिस को रोते-बिलखते मिला। ट्रैफिक सिपाही अजीत ने बच्चे से माता-पिता का नाम पूछा तो वह कुछ नहीं बता पाया। फिर उन्होंने आईटीएमएस की मदद से एनाउंस कराया। बच्चे का हुलिया व कपड़े बताए गए तो परेशान माता-पिता मिल गए। दो घंटे बाद ही बच्चे को सुपुर्द कर दिया। माता-पिता बरगदवां के ही रहने वाले थे। बच्चा घर से खेलते समय सड़क पर आ गया था।

**केस 2**

अक्तूबर 2022 : सिकरीगंज के पिपरा पांडेय गांव के पास सड़क हादसे में तीन युवक घायल हो गए। तीनों की हालत गंभीर थी। राहगीर अनिल अग्रहरि पहले प्राइवेट वाहन से पास के अस्पताल ले गए, लेकिन उन्हें मेडिकल कॉलेज ले जाने की जरूरत थी। अनिल ने तत्काल आईटीएमएस को इसकी जानकारी दी। नौसड़ से मेडिकल कॉलेज तक ग्रीन कॉरिडोर बनाया गया और 13 किलोमीटर की दूरी आठ मिनट में तय की गई। समय से अस्पताल पहुंचने से तीनों की जान बच गई।

**केस 3**

25 नवंबर 2022 : देवरिया के खुखुंदू थाना क्षेत्र के सठियांव निवासी विवेक त्रिपाठी 24 नवंबर को देवरिया से गोरखपुर आए थे। प्राइवेट बस से यूनिवर्सिटी चौराहे पर उतरे थे। इस दौरान उनका पिट्ठू बैग छूट गया। बैग में लैपटॉप व अन्य कीमती सामान मौजूद थे। बृहस्पतिवार रात आठ बजे वह यातायात कार्यालय में आए और इसकी सूचना दी, जिसके बाद पुलिस ने आईटीएमएस की मदद से एनाउंस किया और शुक्रवार को लैपटॉप सहित बैग मिल गया।

आईटीएमएस के जरिए ट्रैफिक व्यवस्था के साथ ही लोगों की मदद भी की जा रही है। जैसे कि गुमशुदा व्यक्ति या फिर सामान की जानकारी होती है, उसे आईटीएमएस की मदद से एनाउंस किया जाता है। लोग भी आगे आते हैं और फिर पुलिस को सामान सुपुर्द कर देते हैं। उसके बाद जिसका सामान है, उसे लौटा दिया जाता है। -**डॉ. एमपी सिंह**, एसपी ट्रैफिक

बता दें कि शहर को जाम से मुक्ति दिलाने के लिए आईटीएमएस की शुरुआत की गई थी। इसके तहत 21 चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे के साथ ही एनाउंस सिस्टम लागू किया गया।

यह व्यवस्था जाम से निजात दिलाने में जहां मददगार साबित हुई वहीं, एसपी ट्रैफिक डॉ. एमपी सिंह ने एक नई पहल कर लोगों की भी मदद की। उनकी पहल पर गुम बैग, मोबाइल फोन या गुमशुदा को खोजने की मुहिम शुरू की गई। जैसे ही जानकारी आती है, आईटीएमएस की मदद से एनाउंस कर पुलिस को सक्रिय कर दिया जाता है। लोगों से अपील की जाती है, लोग भी आगे आते हैं और सामान को पुलिस के हवाले कर देते हैं। नवंबर में 12 गुमशुदा लोगों 98 बैग, 5 मोबाइल और 7 लैपटॉप की तलाश की गई।

### ऐसे ले सकते हैं मदद

- मदद के लिए आईटीएमएस कार्यालय के मोबाइल नंबर 8081208567 पर कॉल करें।
- फोन नहीं रहने पर सड़क किनारे लगे बाक्स में जाकर हेलो बोलिए। कुछ ही देर में आपको मदद मिल जाएगी। 21 चौराहों पर इंटेलीजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (आईटीएमएस) के तहत इमरजेंसी बाक्स लगाए गए हैं। इन बाक्स में बोलने पर आवाज नगर निगम में बने कंट्रोल रूम में सुनाई देती है।
- इमरजेंसी बाक्स में लगे लाल बटन को दबाकर कोई भी व्यक्ति अपनी बात सीधे कंट्रोल रूम में पहुंचा सकता है। बटन दबाने के बाद जैसे ही संबंधित व्यक्ति कुछ बोलेगा, पूरी बात कंट्रोल रूम में सुनाई देने लगेगी। कंट्रोल रूम में बैठी महिला समस्या और जगह की जानकारी लेने के बाद तत्काल 112 नंबर पर फोन कर सहायता भेजेगी। यदि कोई हादसा हुआ है तो कंट्रोल रूम से एंबुलेंस की सहायता के लिए भी फोन किया जाएगा।

# जालसाजी के आरोपी को जेल भेजा गया

गोरखपुर। झंगहा पुलिस ने कूटरचित दस्तावेज तैयार कर जालसाजी करने के आरोपी को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपी की पहचान झंगहा के गइयापार निवासी रविंद्रनाथ के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया। ब्यूरो

# लूट का आरोपी गिरफ्तार, जेल भेजा

**गोरखपुर।** शाहपुर पुलिस ने लूट करने के एक आरोपी को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपी की पहचान पिपराइच के जंगल धूसड़ निवासी राजन चौहान के रूप में हुई। जानकारी के मुताबिक, आरोपी के खिलाफ शाहपुर थाने में पहले ही केस दर्ज था। शुक्रवार को आरोपी को पुलिस ने उसके घर के पास से गिरफ्तार किया। उसे कोर्ट में पेश किया गया, जहां से जेल भेजा गया। ब्यूरो

# किशोरी के अपहरण के आरोपी को सात साल की सजा

## कोर्ट ने साक्ष्यों के आधार पर सुनाया फैसला अर्थदंड भी लगाया

गोरखपुर। बहला-फुसलाकर कर किशोरी को भगा ले जाने का जुर्म सिद्ध पाए जाने पर विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट कोर्ट रोहित सिंह ने गुलरिहा थाना क्षेत्र के नारायनपुर नंबर 2 हीरागंज टोला निवासी अभियुक्त राजेश निषाद को सात साल का कठोर कारावास एवं 70 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड न देने पर अभियुक्त को नौ माह कारावास अलग से भुगतना होगा।

अभियोजन पक्ष की ओर से वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी रामध्यान राम एवं विशेष लोक अभियोजक अरविंद श्रीवास्तव का कहना था कि अभियुक्त वादी को कई मोबाइल नंबर से फोन कर के उसकी लड़की को गाली-गुप्ता और धमकी देता था कि अपनी लड़की से बात कराओ। 16 सितंबर 2018 को अभियुक्त वादी की लड़की को बहला-फुसलाकर कर भगा ले गया। ब्यूरो

# हत्या के अभियुक्त को आजीवन कारावास की सजा

गोरखपुर। हत्या का जुर्म सिद्ध पाए जाने पर जनपद न्यायाधीश तेज प्रताप तिवारी ने सहजनवां थाना क्षेत्र के पुंडा निवासी अभियुक्त सूरज को आजीवन कारावास एवं 13 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड न देने पर अभियुक्त को एक साल एक माह का कारावास अलग से भुगतना होगा।

## कोर्ट ने 13 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया

अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता जयनाथ यादव का कहना था कि वादिनी कमलावती सहजनवां थाना क्षेत्र के पुंडा की निवासी है। अभियुक्त वादिनी को सुनसान जगह पर देखकर उसके साथ छेड़छाड़ करता था और उसकी बात न मानने पर अनहोनी घटना कारित करने की धमकी देता था। 29 अक्तूबर 2014 की शाम करीब छह बजे वादिनी का लड़का अरुण कुमार शौच के लिए घर से बाहर निकला और घर वापस नहीं आया। वादिनी उसकी तलाश करती रही परंतु लड़का नहीं मिला। 30 अक्तूबर 2014 को वादिनी के लड़के की लाश उसके टोले के पश्चिम धान के खेत में मिली। ब्यूरो

DEORIA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 26-11-2022

राष्ट्रीय सहारा दि० 26-11-22

# किशोर न्याय अधिनियम के तहत बच्चों को मिले संरक्षण : एएसपी

देवरिया(एसएनबी)। पुलिस लाईन देवरिया में मनोरंजन कक्ष में विशेष किशोर पुलिस इकाई की मासिक समीक्षा बैठक माह नवम्बर 2022 का आयोजन प्रधान मजिस्ट्रेट, किशोर न्याय बोर्ड देवरिया



बैठक को सम्बोधित करते अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सोनकर।

अंकित राज सिंह की अध्यक्षता में सम्पादित किया गया। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक प्रभारी विशेष किशोर पुलिस इकाई/अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सोनकर द्वारा एस.जे.पी.यू. के कर्तव्य एवं दायित्व के बारे में अवगत कराया गया तथा किशोर न्याय अधिनियम के अनुरूप बच्चों के हित में कार्य करने के लिए निर्देशित किया गया। प्रधान मजिस्ट्रेट के द्वारा एस.बी.आर फार्म के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी देते हुए यह अवगत कराया गया तथा विधि विरूद्ध बालको के बारे में विस्तृत चर्चा किया गया। संरक्षण अधिकारी जिला बाल संरक्षण इकाई जय प्रकाश तिवारी द्वारा बताया गया सोसल बैकग्राउण्ड रिपोर्ट के आधार पर बोर्ड के द्वारा बच्चों के संरक्षण तथा पुर्नवासन का आकलन किया जाता है तथा एस.आई.आर रिपोर्ट के आधार पर बच्चों के परिवार में समायोजन एवं उससे उसके सुनहरे भविष्य के लिए आकलन किया जाता है। इसके साथ ही पाक्सो से सम्बंधित वाद जुनैद बनाम स्टेट आफ उ0प्र0 व अन्य में उच्च न्यायालय द्वारा पास्को के प्रकरणों में बाल कल्याण समितियों द्वारा की जाने वाली कार्यवाही एवं बाल कल्याण अधिकारियों द्वारा प्रस्तुत किये जाने वाले सूचनाओं प्रारूप क व ख के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दिया गया। बैठक में प्रभारी जिला प्रोबेशन अधिकारी रामपाल, सावित्री राय, अध्यक्ष बाल कल्याण समिति, डॉ0 संजय चन्द उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, विरेन्द्र मणि सदस्य बाल कल्याण समिति, बी0एन0 तिवारी सदस्य, किशोर न्याय बोर्ड देवरिया, प्रबन्धक वन स्टाप सेन्टर नीतू भारती व मनोवैज्ञानिक मीनू जायसवाल, अनिरूद्ध कार्यालय जिला प्रोबेशन अधिकारी, चाईल्डलाईन कोलैब एवं रेलवे के प्रतिनिधि, प्रभारी ए0एच0टी0यू0 व जनपद के समस्त थानों में नामित विशेष किशोर पुलिस इकाई आदि मौजूद रहें।

राष्ट्रीय सहारा दि० 26-11-22

# पाक्सो एक्ट के तीन अभियुक्तों को पुलिस ने भेजा जेल

सलेमपुर, देवरिया। अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाए जाने के लिए पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा एवं अपर पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार सोनकर के निर्देशन और सीओ देवानंद व कोतवाल जितेन्द्र सिंह के नेतृत्व में उप निरीक्षक राकेश कुमार पाण्डेय ने अपने हमराही गुलाब चन्द, सद्दाम हुसैन तथा नव जीत सिंह की टीम के साथ मुकदमा अपराध संख्या 226¢2022 धारा 363,354,506 आईपीसी एवं 7¢8 पास्को एक्ट के अभियुक्त खुर्शीद पुत्र सलीम 35, आफताब उर्फ अताहुसैन पुत्र नईमुद्दीन 22 वर्ष तथा बब्लू उर्फ मोहम्मद हुसैन पुत्र इसहाक 40 वर्ष निवासी गण वार्ड नम्बर 13 विसारती मुहल्ला मझौलीराज थाना सलेमपुर को बड़े ही नाटकीय ढंग से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

राष्ट्रीय सहारा दि०- 26-11-22

# शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**तरकुलवा।** तरकुलवा पुलिस ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी क्षेत्र के मदारीपट्टी गांव का रहने वाला है। आरोपी पड़ोस के गांव की एक युवती से शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया। जब युवती शादी के लिए बोली तो वह मुकर गया और बाहर कमाने चला गया। उसने युवती से बात करना बन्द कर दिया और उसके नंबर को ब्लैक लिस्ट में डाल दिया। इसके बाद पीड़ित युवती के पिता ने पुलिस को तहरीर देकर थाने में एफआईआर दर्ज कराई। तरकुलवा थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती बगल के गांव के एक युवक से प्यार करती थी। कुछ दिन बाद युवक शादी का झांसा देकर उससे दुष्कर्म करने लगा। इसी बीच युवक, युवती को छोड़कर हरियाणा कमाने चला गया और उसका नंबर ब्लैक लिस्ट में डाल दिया। जब युवक कुछ दिन बाद गांव लौटा दो युवती ने उसपर शादी का दबाव बनाया मगर युवक शादी करने से मना कर दिया। हार थककर युवती ने अपने पिता के साथ थाने पहुंचकर प्रार्थना पत्र दिया। जिस पर पुलिस ने आरोपी युवक अर्जुन सिंह के खिलाफ धारा 376 का मुकदमा दर्ज कर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जबकि पीड़िता को पुलिस कस्टडी में मेडिकल के लिए देवरिया भेज दिया। इस संबंध में थाना प्रभारी दिनेश मिश्रा ने बताया कि लड़की के पिता की तहरीर पर दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

हिन्दुस्तान दि० 26-11-22

# डॉक्टर के घर चोरी मामले में पुलिस ने दर्ज किया केस

## कार्रवाई

देवरिया, निज संवाददाता। चिकित्सक के घर चोरी के मामले में सदर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। चोरों ने गुरुवार दिन में चिकित्सक के घर में चोरी की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस ने चिकित्सक की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया है।

कुशीनगर जिले के तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के गुरुवलिया बाजार के रहने वाले डॉ. अमित कुमार पुत्र विरेन्द्र कुमार डेंटल सर्जन हैं। उनकी वर्तमान में तरकुलवा सीएचसी पर तैनाती है। वह सदर कोतवाली क्षेत्र के सोंदा गांव में किराए के मकान में रहते हैं। उनकी पत्नी बलिया जिले के एक प्राथमिक विद्यालय में शिक्षिका हैं। वह गुरुवार को बच्चों के साथ अपने मायके बलिया जिले के बेल्थरा गई हुई थी। चिकित्सक कमरे का ताला बंद कर ड्यूटी पर सुबह चले गए। इसी बीच दिन दहाड़े चोरों ने मकान में घुस कर चोरी की घटना को अंजाम दे दिया।

परिवार के लोग शाम को पहुंचे तो चोरी की घटना के बारे में जानकारी हुई। चिकित्सक अमित कुमार ने पुलिस को दिए गए तहरीर में बताया है कि कमरे के रखे हुए सेफ से 25 हजार रुपये नगद, चार टप्स, दो सोने की अंगूठी, चार पायल और एक पावजेब चोर चुरा ले गए हैं। पुलिस ने चिकित्सक की तहरीर पर अज्ञात चोरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दिया है।

हिन्दुस्तान दि० 26-1-22

# घर में घुस कर तोड़फोड़ करने वाले तीन पर केस

- सदर कोतवाली क्षेत्र के साकेत नगर की घटना
- पड़ोसी के घर में पेड़ की डाल आने पर हुई घटना

देवरिया, निज संवाददाता। पड़ोसी के घर में पेड़ की डाल आई हुई है। जिसे काटने की बात को लेकर पड़ोसी ने घर में घुस कर पीड़ित को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर सदर कोतवाली पुलिस ने तीन लोगों के विरुद्ध घर में घुस कर मारपीट और तोड़ फोड़ का मुकदमा दर्ज किया है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के पूर्वी साकेत नगर मोहल्ले के रहने वाले हरेन्द्र सिंह पुत्र स्व. लक्ष्मण सिंह ने पुलिस ने सदर कोतवाली पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि मकान के सामने सड़क उस पार दुर्गा का मकान है। उन्होंने अपने सरहद मे सटे बहुत सारे आम एवं अमरुद का पेड़ लगाया है। जो सड़क के बिजली पोल एवं तार को प्रभावित करता है। कभी भी कोई हादसा हो सकता है। उसी पेड़ को हटवाने के लिए बार बार दुर्गा से कहा गया। लेकिन वह पेड़ की डाल कटवाने के लिए तैयार नहीं होता है। बिजली तार पर जो डाल थी उसे हटवाया जा रहा था। इसी बीच दुर्गा एवं उनके लड़के चन्दन , सोनू आये तथा घर मे घुस कर मारपीट और तोड़ फोड़ किया। पीड़ित की तहरीर पर सदर कोतवाली पुलिस ने दुर्मा मालिक पुत्र अज्ञात, चंदन और सोनू पुत्र दुर्मा निवासी पूर्वी साकेत नगर थाना सदर कोतवाली के विरुद्ध घर में घुस कर मारपीट, तोड़ फोड़ और धमकी देने का मुकदमा दर्ज किया है।

हिन्दुस्तान दि० 26.11-22

# पॉक्सो एक्ट में तीन को जेल

सलेमपुर। पुलिस ने पॉक्सो एक्ट समेत अन्य धाराओं में फरार चल रहे तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया।

गुरुवार की रात कोतवाल जितेन्द्र सिंह के नेतृत्व में मझौलीराज के चौकी के प्रभारी राकेश कुमार पाण्डेय मय हमराह के द्वारा सलेमपुर कोतवाली में धारा 363,354,506 आईपीसी व 7/8 पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित फरार चल रहे वांछित अभियुक्त खुर्शीद , आफताब उर्फ आता हूसैन , बब्लू उर्फ मोहम्मद हुसैन निवासीगण वार्ड नं 13 विसारती मोहल्ला मझौलीराज को दबिश देकर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने इन सभी आरोपियों के खिलाफ अन्य विधिक कार्रवाई कर शुक्रवार को जेल भेज दिया।

हिन्दुस्तान दि० 26-11-22

# कुशीनगर के एसओजी ने चोरों के गिरोह के तीन सदस्यों को दबोचा

- कसया में हुई चोरी की घटना में महुआडीह क्षेत्र में की छापेमारी
- पुलिस ने दो स्थानों से तीन को लिया हिरासत में चोरी का सामान बरामद

देवरिया, निज संवाददाता। चोरी की घटना को अंजाम देने वाले चोरों के गिरोह को कुशीनगर पुलिस ने दबोचा है। चोरों की निशानदेही पर कुशीनगर की एसओजी महुआडीह थाना क्षेत्र में छापेमारी कर दो सगे भाईयों समेत तीन को हिरासत में लेकर चली गई। तीनों के पास से चोरी की बैट्री और अन्य सामान बरामद हुआ है। कुशीनगर पुलिस सभी से चोरी की घटना के बारे में पूछताछ कर रही है।

कुशीनगर जिले में पिछले दिनों चोरी की घटनाएं हुई थी। जिसमें मोबाइल के साथ ही लैपटॉप भी चोरी हुआ था। कुशीनगर की एसओजी और कसया थाने की पुलिस चोरी की घटना के खुलासे के लिए लगी हुई थी। पुलिस ने मामले में कुछ चोरों को हिरासत में लिया तो चोरी की घटना और गिरोह के अन्य सदस्यों के बारे में जानकारी हुई। शुक्रवार को कुशीनगर की एसओजी और कसया थाने की पुलिस महुआडीह थाने पहुंची। कुशीनगर पुलिस ने महुआडीह पुलिस के सहयोग से सहोदरपट्टी गांव में छापेमारी किया। जहां से एक व्यक्ति को हिरासत में लिया। पुलिस टीम को मौके से चोरी का सामान भी बरामद हुआ। इसके बाद हेतिमपुर के बसावन टोला में पुलिस टीम नपे छापेमारी कर दो सगे भाईयों को हिरासत में लिया। चोरों के पास से चोरी का लैपटॉप, बैटरी, इंनवर्टर समेत अन्य सामान बरामद हुआ है। पुलिस टीम तीनों को अपने साथ ले कर कुशीनगर चली गई है। इस संबंध में थानेदार डॉ.महेन्द्र कुमार ने बताया कि कुशीनगर पुलिस आई थी। चोरी की घटना में शामिल कुछ लोगों को हिरासत में लेकर अपने साथ गई है। सामान बरामद हुआ था।

हिन्दुस्तान दि०-26-11-22

# महिला के साथ छेड़खानी करने वाले दो पर मुकदमा

- सदर कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले की घटना
- 23 नवंबर को बाजार जाते समय हुई थी छेड़खानी

देवरिया, निज संवाददाता। घर से बाहर निकलने पर एक महिला से दो युवक छेड़खानी करते थे। दो दिनों पूर्व महिला ने विरोध किया तो दोनों ने मारपीट कर घायल कर दिया। महिला की तहरीर पर सदर कोतवाली पुलिस ने दोनों युवकों के विरुद्ध छेड़खानी और मारपीट का केस दर्ज किया है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले की रहने वाली एक महिला ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि वह घर से बाहर जाती है तो उससे दो युवक छेड़खानी करते थे। 23 नवम्बर को वह बाजार जा रही थी। इसी बीच दोनों युवकों ने उसके साथ छेड़खानी किया। उसने विरोध किया तो दोनों युवकों ने उसे मारपीट कर घायल कर दिया।

पीड़िता की तहरीर पर सदर कोतवाली पुलिस ने आशीष जायसवाल निवासी सदर कोतवाली और रितिक जायसवाल पुत्र राजकुमार जायसवाल निवासी उसरी थाना हसनपुरा जिला सीवान बिहार के विरुद्ध धारा 323, 504, 506, 354 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया।

हिन्दुस्तान दि० 26-11-22

# छात्र को मनबढ़ों ने पीटा, मुकदमा दर्ज

देवरिया। कोचिंग से पढ़ कर घर जा रहे छात्र को मनबढ़ों ने मारपीट कर घायल कर दिया। सदर कोतवाली पुलिस ने एक नामजद समेत अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के राघव नगर मोहल्ले के रहने वाले सुधांशु सिंह पुत्र संजीव सिंह ने पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि 22 नवम्बर की शाम 6 बजे काचिंग से घर वापस जा रहा था। कार्तिक अपने दो और दोस्तों के साथ मौके पर पहुंचा और अभद्रता करने लगा। विरोध करने पर मनबढ़ों ने उसे मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर सदर कोतवाली पुलिस ने कार्तिक और दो अज्ञात के विरुद्ध 323,504,506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया।

# परिवार में समायोजन व बच्चों के भविष्य पर हुई चर्चा

- पुलिस लाइन के सभागार में आयोजित हुई बैठक
- किशोर न्याय अधिनियम का सख्ती से पुलिस करें पालन

देवरिया, निज संवाददाता। विशेष किशोर पुलिस इकाई की बैठक गुरुवार को पुलिस लाइन के मनोरंजन कक्ष में बैठक हुई। किशोर न्यायालय अधिनियम पर चर्चा हुई। जहां किशोर न्याय अधिनियम को सख्ती से पालन करने का निर्देश दिया गया। वहीं बच्चों को उनके परिवार में समायोजन पर विशेष जोर दिया गया।

बैठक की अध्यक्षता प्रधान मजिस्ट्रेट किशोर न्याय बोर्ड देवरिया अंकित राज सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि बच्चों को उनके परिवार को ढूंढ कर समायोजन करना चाहिए।

अपर पुलिस अधीक्षक राजेश सोनकर ने कहा कि जिले के सभी थाने और राजकीय पुलिस को किशोर न्यायालय अधिनियम का पालन कर पीड़ितों को न्याय दिलाना होगा। एसजेपीयू के कर्तव्य एवं दायित्व के बारे में जानकारी दिया।

किशोर न्याय अधिनियम के अनुरूप बच्चों के हित में कार्य करने के लिए निर्देशित किया। जय प्रकाश तिवारी ने बताया कि सोशल बैकग्राउण्ड रिपोर्ट के आधार पर बोर्ड के द्वारा बच्चों के संरक्षण तथा पुनर्वासन का आकलन किया जाता है। एसआईआर रिपोर्ट के आधार पर बच्चों के परिवार में समायोजन एवं उनके उनके सुनहरे भविष्य के लिए आकलन किया जाता है।

इसके साथ ही पाक्सो से सम्बन्धित वाद जुनैद बनाम स्टेट आफ उत्तर प्रदेश व अन्य में उच्च न्यायालय द्वारा पाक्सो के प्रकरणों में बाल कल्याण समितियों द्वारा की जाने वाली कार्यवाही एवं बाल कल्याण अधिकारियों द्वारा प्रस्तुत किये जाने वाले सूचनाओं प्रारूप क व ख के बारे में जानकारी दिया।



विशेष किशोर पुलिस इकाई की बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रधान मजिस्ट्रेट किशोर न्याय बोर्ड अंकित राज सिंह। • हिन्दुस्तान

दैनिक जागरण दि0-26-11-22

# कानूनी प्रक्रिया के तहत करें कार्य

जासं, देवरिया: शुक्रवार को पुलिस लाइन सभागार में विशेष किशोर पुलिस इकाई की समीक्षा बैठक हुई। प्रधान मजिस्ट्रेट किशोर न्याय बोर्ड अंकित राज सिंह ने कहा कि कानूनी प्रक्रिया के तहत कार्य करें, अगर कोई भी बच्चा छूट गया है तो उसकी देखरेख करें और जिले पर गठित टीम को इससे अवगत कराएं। किशोरों के साथ अच्छा व्यवहार करें, अगर किशोर कोई गलती करते हैं तो उन्हें अच्छे तरीके से समझाएं। अगर कोई ढाबा या होटल पर काम कर रहा है तो आप उनका भी संरक्षण करें और उनकी सुरक्षा करें।

अपर पुलिस अधीक्षक डा.राजेश कुमार सोनकर ने कहा कि बच्चों का हित सर्वोपरि है। उनके साथ अच्छा व्यवहार करें और इसे अपना उत्तम काम मानते हुए कार्य करें। अगर किशोर कोई अपराध करते हैं तो उनके साथ सादे वर्दी में रहें और हथकड़ी न लगाएं। अगर कोई किशोर न्याय के लिए थाने पर पहुंचता है तो उसकी गंभीरता से बात सुनें। इस दौरान उन्होंने विशेष किशोर पुलिस इकाई के कार्य व जिम्मेदारी से अवगत भी कराया। जिला बाल संरक्षण अधिकारी जयप्रकाश तिवारी ने विभिन्न तरह की जानकारियां दी। इस दौरान प्रभारी जिला प्रोबेशन अधिकारी रामकृपाल, सावित्री राय, उप मुख्य चिकित्साधिकारी डा.संजय चद, वीरेंद्र मणि, बीएन तिवारी, नीतू भारती, मीनू जायसवाल, अनिरुद्ध प्रमुख रूप से मौजूद रहे।



संबोधित करते प्रधान मजिस्ट्रेट किशोर न्याय बोर्ड अंकित राज सिंह • जागरण

दैनिक जागरण दि० 26-11-22

# पुलिस ने तीन संदिग्धों को उठाया, पूछताछ जारी

जासं, देवरिया : संविदा लाइनमैन को गोली मारकर बाइक लूटने के मामले में पुलिस को कुछ सुराग हाथ लगा है। पुलिस ने तीन संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस जल्द ही इस घटना का पर्दाफाश कर देने का दावा कर रही है।

खुखुंदू के बतरौली पांडेय के रहने वाले अभिमन्यु गोंड शहर के रामलीला मैदान बिजली घर पर संविदा लाइनमैन के पद पर कार्यरत हैं। 15 दिन पूर्व उस समय बदमाशों ने गोली मार दी, जब वह अपने ससुराल तेंनुआ जाने के लिए निकले थे। सदर कोतवाली के पचफेड़वा के समीप बदमाशों ने घटना को अंजाम दिया था।

इस मामले में मुकदमा दर्ज कर विवेचना कर रही कोतवाली पुलिस इस घटना के पर्दाफाश के लिए सर्विलांस का सहारा ले रही है। तीन संदिग्धों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है और उनसे पूछताछ पुलिस कर रही है। सीओ सिटी श्रीयश त्रिपाठी ने बताया कि कुछ लोगों से पूछताछ की जा रही है। जल्द ही इस घटना का पर्दाफाश किया जाएगा।

**पुलिस ने तीन को उठाया : देसही देवरिया :** महुआडीह थाना क्षेत्र के सहोदरपट्टी में एक व्यक्ति के घर क्राइम ब्रांच व कसया पुलिस ने संयुक्त रूप से छापेमारी की। इस दौरान तीन लोगों को उठा लिया। साथ ही उनके पास से चोरी के इन्वर्टर व अन्य सामान भी बरामद किया गया है।

दैनिक जागरण दि० - 26-11-22

# तीन लोगों के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा

देवरिया : कोतवाली पुलिस ने तीन लोगों के विरुद्ध मारपीट समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। शहर के पूर्वी साकेत नगर के रहने वाले हरेंद्र सिंह ने पुलिस को दिए गए तहरीर में कहा है कि मोहल्ले के दुर्गा मलिक, चंदन व सोनू ने उनके व उनके बेटे के साथ मारपीट की। पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच में जुटी है।

अमर उजाला दि० - 26-11-22

# किशोर न्याय अधिनियम के अनुरूप करें कार्य

## विशेष किशोर पुलिस इकाई की हुई मासिक समीक्षा बैठक में बोले एएसपी राजेश सोनकर

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया। विशेष किशोर पुलिस इकाई की समीक्षा बैठक पुलिस लाइंस के मनोरंजन कक्ष में शुक्रवार को प्रधान मजिस्ट्रेट, किशोर न्याय बोर्ड देवरिया अंकित राज सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

अपर पुलिस अधीक्षक व प्रभारी विशेष किशोर पुलिस इकाई राजेश कुमार सोनकर ने एसजेपीयू के कर्तव्य एवं दायित्व के बारे में बताया। उन्होंने किशोर न्याय अधिनियम के अनुरूप बच्चों के हित में कार्य करने के लिए निर्देशित किया। प्रधान मजिस्ट्रेट ने एसबीआर फॉर्म के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

संरक्षण अधिकारी जिला बाल संरक्षण इकाई जय प्रकाश तिवारी ने कहा कि सोशल बैक ग्राउंड रिपोर्ट के आधार पर बोर्ड द्वारा बच्चों के संरक्षण तथा पुनर्वासन का



विशेष किशोर पुलिस इकाई की मासिक बैठक लेते एएसपी राजेश कुमार। संवाद

आकलन किया जाता है। एसआईआर रिपोर्ट के आधार पर बच्चों के परिवार में समायोजन एवं उससे उसके सुनहरे भविष्य के लिए आकलन किया जाता है।

इसके साथ ही पॉक्सो से संबंधित वाद जुनैद बनाम स्टेट ऑफ उप्र व अन्य में उच्च न्यायालय द्वारा पॉक्सो के प्रकरणों में बाल कल्याण समितियों द्वारा की जाने वाली कार्रवाई के बारे में बताया।

साथ ही बाल कल्याण अधिकारियों द्वारा प्रस्तुत की जाने वाली सूचनाओं प्रारूप क व ख के बारे में भी जानकारी दी गई। इस दौरान प्रभारी जिला प्रोबेशन अधिकारी रामकृपाल, बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष सावित्री राय, एसीएमओ डॉ. संजय चंद, बाल कल्याण समिति सदस्य विरेंद्र मणि, किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य बीएन तिवारी, प्रबंधक वन स्टाप सेंटर नीतू भारती आदि मौजूद रहीं।

# KUSHINAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 26-11-2022



गर्ल्स इंटर कालेज में छात्राओं को जागरूक करते हुए पडरौना कोतवाली प्रभारी राजप्रकाश सिंह • जागरण



तपेश्वरी विद्या मंदिर बेलवा चुंगी में बच्चों को जागरूक करते चौकी इंचार्ज अजय पटेल • जागरण

# दहेज उत्पीड़न का आरोपित गिरफ्तार

**जासं, कप्तानगंज :** उप-नगर स्थित सुभाष चौक के समीप शुक्रवार को कप्तानगंज पुलिस ने दहेज उत्पीड़न के आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस उसे कोर्ट ले गई, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। एसएचओ अनिल उपाध्याय अपनी टीम के साथ दोपहर दो बजे उप-नगर में गश्त पर थे। सुभाष चौक के समीप पुलिस का वाहन देख एक युवक भागने लगा। दौड़ाकर पुलिसकर्मियों ने उसे दबोच लिया। उसकी पहचान गणेश कुशवाहा निवासी सेमरा थाना कप्तानगंज के रूप में हुई। एसएचओ ने बताया कि गणेश दहेज उत्पीड़न के मामले में नामजद आरोपित है। पुलिस को उसकी काफी समय से तलाश थी। टीम में दारोगा दशरथ कुमार, कांस्टेबल शैलेश कुमार, रमाकांत गौतम शामिल रहे।

## हत्या के प्रयास का आरोपित धराया

**दुदही :** विशुनपुरा पुलिस ने शुक्रवार को दुदही रेलवे स्टेशन के समीप एक युवक को पकड़ा। उसकी पहचान मुर्तुजा निवासी जंगल विशुनपुरा सिसवनिया के रूप में हुई। एसएचओ महेंद्र राम प्रजापति ने बताया कि वह हत्या के प्रयास के मुकदमे में नामजद आरोपित है। दोपहर में उसके दुदही रेलवे स्टेशन के समीप होने की सूचना पर उसे पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर लिया। टीम में दारोगा लालबहादुर शर्मा, कांस्टेबल चंचल यादव शामिल रहे।



रियल पैराडाइज एकेडमी में छात्रों को यातायात नियमों की जानकारी देते बाएं टीएसआइ सत्य सायाल शर्मा • जागरण



कसया के हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित जागरण पाठशाला में छात्रों को यातायात सुरक्षा की जानकारी देते बीच में सिटी चौकी इंचार्ज संजय कुमार सिंह • जागरण



कसया में देवरिया रोड स्थित आदर्श विद्या निकेतन विद्यालय में सड़क सुरक्षा के बारे में छात्रों को बताते बीच में हाईवे चौकी प्रभारी सन्नी जावला • जागरण

# सड़क सुरक्षा को लेकर स्कूली बच्चों को पढ़ाया गया पाठ

## बोले विशेषज्ञ, स्वयं करें नियमों का पालन, अभिभावकों से भी करें अपील, रुकेंगी दुर्घटनाएं, मिलकर साथ चलने का संकल्प

**जासं, पडरौना:** अपने अभियान के तहत दैनिक जागरण द्वारा शुक्रवार को पांच स्कूलों में सड़क सुरक्षा की पाठशाला लगा बच्चों को जागरूक किया गया। विशेषज्ञों द्वारा यातायात नियमों के बारे में बताते हुए इन नियमों के स्वयं पालन करने और अभिभावकों से भी पालन कराने की अपील करने को कहा गया। बताया गया कि सब मिलकर साथ चलेंगे तो दुर्घटना में असमय होने वाली मृत्यु पर रोक लगेगी।

नगर के स्योबाई कमला देवी गर्ल्स इंटर कालेज में छात्राओं को जागरूक करते हुए पडरौना कोतवाली प्रभारी राजप्रकाश सिंह ने बताया कि सड़क सुरक्षा के नियमों के पालन से दुर्घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाई जा सकती है। स्कूटी चलाएं तो हेलमेट अनिवार्य रूप से पहनें। तीन लोगों की सवारी न करें। रफ्तार पर ध्यान दें तो सड़क पर बने संकेतकों का भी पालन करें। अभिभावकों से भावुक अपील करें। जागरण ने यह मुहिम छेड़ी है तो सबको मिलकर आगा आना चाहिए, क्योंकि यह हमारी सुरक्षा का ही सवाल है। विद्योतमा तिवारी, नीलम गुप्ता, वंदना वर्मा, निशा कौशिक, सारिका मिश्रा, रंजना पांडे, प्रियंका मिश्रा, रेनू मिश्रा, रागिनी शुक्ला, अनुपमा तिवारी, संध्या चतुर्वेदी, नेहा पांडे, नंदनी साहा आदि मौजूद रहे। नगर के रियल पैराडाइज एकेडमी में टीएसआइ सत्य सांयाल शर्मा ने कहा कि सड़क पर वाहन चलाते समय या पैदल चलते समय यातायात नियमों का पालन जरूर करें। ऐसा करने से हम खुद तो सुरक्षित रहेंगे ही दूसरों को भी सुरक्षित करने का कार्य करेंगे। अधिकांश सड़क दुर्घटनाएं इसके पालन नहीं करने से ही होती हैं। प्रधानाचार्य डा. सुनीता पाण्डेय, प्रबंधक डा. नीरन पाण्डेय, जितेंद्र ओझा, श्वेता साहनी, दीपशिखा सिंह, गिरिजेश चौबे, धनंजय मौर्या, विनय जायसवाल, शालिनी रैना, अर्चना श्रीवास्तव, सुमन दीक्षित, सीमा श्रीवास्तव, शिवांगी, नीलम, अर्चना शर्मा, संगीता गौंड़ आदि मौजूद रहे। तपेश्वरी विद्या मंदिर बेलवा चुंगी में चौकी इंचार्ज दरबार रोड अजय पटेल ने कहा कि छोटे बच्चे यातायात नियमों का पालन कराने में बड़ा कारगर रोल अदा कर सकते हैं। आवश्यकता इस इस बात की है कि वे अपने अभिभावकों से इसके लिए अपील करें। कहें कि हेलमेट लगाकर ही घर से निकलें। चार पहिया वाहन में सीट बेल्ट जरूर लगाएं।

सिपाही विजय कुमार, प्रधानाचार्य मारकण्डेय कुमार गौतम, सारा तिवारी, संदीप सिंह, सुभाष कसया के हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित पाठशाला में छात्रों को यातायात सुरक्षा की जानकारी देते हुए चौकी इंचार्ज संजय कुमार सिंह ने बताया कि जान बड़ी कीमती है। जागरण ने अति महत्वपूर्ण अभियान चलाया है। इसका असर जरूर देखने को मिलेगा।

प्रिंसिपल पूनम गुप्ता, डायरेक्टर राजीव कुमार गुप्ता आदि मौजूद रहे। कसया के देवरिया रोड स्थित आदर्श विद्या निकेतन विद्यालय में सड़क सुरक्षा के बारे में छात्रों को बताते हुए हाइवे चौकी प्रभारी सन्नी जावला ने कहा कि यातायात नियमों का सभी मिलकर करें तो हम सड़क दुर्घटनाओं को रोकने में जरूर कामयाब होंगे। डायरेक्टर सुनील कुमार तिवारी कांस्टेबल सत्यप्रकाश यादव आदि मौजूद रहे।

दैनिक जागरण गोरखपुर, 26 नवंबर, 2022

कुशीनगर जागरण

# अवैध संबंध में प्रेमी संग साजिश रचकर कराया पति की हत्या

## मुखबिरी कर भांजे से दिलाया घटना को अंजाम, पति के तेरहवीं बीतने के बाद शादी की थी तैयारी, दोनों आरोपित गिरफ्तार




कार्यालय में हत्याकांड के बारे में जानकारी देते एसपी धवल जायसवाल • जागरण

**जागरण संवाददाता, पडरौना:** तरयासुजान के लोकनहा निवासी बिसागर की हत्या उसकी पत्नी ने ही अपने प्रेमी (सगे भांजे) संग मिलकर कराई थी। दोनों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। घटना को अंजाम देने वाले बिहार निवासी हत्यारे को गुरुवार रात में भी पुलिस ने मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया था।

पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल ने अपने कार्यालय में पत्रकारों को बताया कि मृतक बिसागर की पत्नी का अपने भांजे रवि रंजन निवासी फुलुगनी थाना थावे जिला गोपालगंज बिहार से अवैध संबंध था। दोनों एक दूसरे से शादी करना चाहते थे। इसके लिए महिला ने रवि रंजन संग मिलकर पति को रास्ते से हटाने की योजना बनाई। रवि रंजन ने अपने दोस्त व गांव के ही निवासी रोहित से मामी से शादी करने में मदद मांगी, और वह तैयार हो गया। 13 नवंबर की शाम को बिसागर की पत्नी ने रवि रंजन को फोन कर बताया कि आज दुकान (बिसागर के छोटे भाई की सिसवा बाजार में पेंट की दुकान है। परिवार अभी संयुक्त है) पर बिसागर गए हैं और दुकान बंद कर घर आने में उन्हें देर होगी। सूचना पर रवि रंजन बाइक से अपने दोस्त रोहित को लेकर लोकनहा के समीप सुनसान जगह पर पहुंच गया। रात आठ बजे के आसपास बिसागर जब बाइक से गांव के समीप सुनसान जगह पर पहुंचे तो ओवरटेक कर रोहित ने उनके सिर में गोली मार दी और दोनों बिहार की तरफ फरार हो गए। बाइक रवि रंजन चला रहा था और वह हेलमेट पहने था। घटना की सूचना पर पहुंच पुलिस बदमाशों की तलाश में लग गई। मामले में हत्या का मुकदमा दर्ज कर विवेचना चल रही है। गुरुवार रात को रोहित को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में उसने अपना अपराध स्वीकार कर लिया और हत्याकांड से परदा हटाते हुए मामले जानकारी दी।

रात में ही मृतक की पत्नी व रवि रंजन को लोकनहा से गिरफ्तार कर लिया गया। घटना को अंजाम देने वाले दोनों बदमाशों पर 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित था। टीम में प्रभारी निरीक्षक राजेन्द्र कुमार सिंह, दारोगा आशीष सिंह, विकास मौर्य, रूपेंद्र पाल, हेड कांस्टेबल राधेश्याम यादव, कांस्टेबल रिषु यादव, राघवेन्द्र सिंह, राहुल यादव, आदित्य प्रताप सिंह शामिल रहे।

**बिहार के मंदिर में होनी थी शादी:** मृतक बिसागर की तेरहवीं के बाद पत्नी व रवि रंजन की शादी की तैयारी थी। दोनों ने इसे लेकर जरूरी इंतजाम भी कर लिए थे। शादी बिहार स्थित एक मंदिर में होनी थी।

**रवि रंजन ने रोहित को पुलिस भर्ती में आर्थिक सहयोग का किया था वादा**

रोहित के परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत नहीं है। उसका परिवार बेहद कमजोर है। कप्तान ने बताया कि रोहित बिहार पुलिस में सिपाही भर्ती की तैयारी कर रहा था।

रवि रंजन ने उसे विश्वास दिलाया कि वह उसके मामा की हत्या कर देता है तो हमलोगों पर किसी को शक भी नहीं होगा और वह उसके सिपाही भर्ती में आर्थिक रूप से मदद करेगा।

### मुठभेड़ में बिहार निवासी शातिर को लगी गोली

**तरयासुजान:** तरयासुजान पुलिस की गुरुवार देर रात को क्षेत्र के बाघाचौर बंधे के पास बिहार मार्ग पर बाइक सवार बदमाश से मुठभेड़ हो गई। जवाबी कार्रवाई में बाइक चला रहे बदमाश के पैर में गोली लग गई और वह गिर पड़ा। पुलिस उसे सीएचसी तरयासुजान ने ले गई, वहां से उसे जिला अस्पताल भेज दिया गया। बदमाश की पहचान रोहित निवासी फुलुगनी थाना थावे जिला गोपालगंज बिहार के रूप में हुई। पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल ने बताया कि पुलिस टीम रात आठ बजे गश्त पर थी।



मुठभेड़ में घायल हत्यारोपित को ले जाती पुलिस टीम • जागरण

बाघाचौर बंधे के समीप बिहार मार्ग पर पुलिस का वाहन देख बाइक सवार युवक तेजी से बिहार की तरफ भागना चाहा। पुलिस टीम ने उसका पीछा किया तो उसने फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में उसके दाहिने पैर में गोली लगी और वह गिर पड़ा। उसके पास से एक तमंचा कारतूस मिला। घटनास्थल पर खोखा भी बरामद हुआ। उसने स्वीकारा कि वह बीते 11 नवंबर की रात लोकनहा के समीप हुई हत्या की घटना को अंजाम दिया था। घटना में शामिल व रवि रंजन को वह लोकनहा छोड़कर वापस बिहार जा रहा था। पुलिस टीम में एसएचओ राजेंद्र कुमार सिंह व मातहत शामिल रहे।

# विद्यालय से गायब छात्र मिला पुलिस ने स्वजन को सौंपा

**जासं, पटहेरवा** : क्षेत्र के महुअवा गांव से विद्यालय के लिए निकले छात्र को पुलिस ने 24 घंटे के अंदर खोज कर स्वजन को सौंप दिया। राजकिशोर पटेल का पुत्र राहुल कुमार पटेल पटहेरवा के एक निजी विद्यालय में कक्षा छठवीं कक्षा का छात्र है। वह बीते 22 नवंबर को घर से साइकिल से विद्यालय गया, लेकिन घर नहीं लौटा। उसकी साइकिल गांव के मंदिर के पास मिली। पुलिस को उसका लोकेशन गोरखपुर में पता किया, लेकिन कुछ देर बाद उसका लोकेशन महुअवा कांटा में मिला।

# खाते से एक लाख 70 हजार निकालने का आरोप

**पडरौना :** कोतवाली के विशुनपुरा गांव के निवासी समाचार पत्र वितरक पवन कुमार यादव ने तहरीर सौंपकर अपने खाते से तीन बार में एक लाख 70 हजार रुपये निकाल लिए जाने का आरोप लगाया है। पीड़ित का कहना है कि सुभाष चौक पर संचालित पंजाब नेशनल बैंक की शाखा में मेरा खाता है। सोहरौना में संचालित एजेंसी से एक इलेक्ट्रिक बाइक खरीदी थी, उसका मोटर खराब हो गया है। एजेंसी में शिकायत दर्ज कराकर मोटर बदलने को कहा था। आनलाइन मेरे खाते से 29999 और 69000 रुपये निकाले जाने का मैसेज आ गया। दूसरे दिन शाखा प्रबंधक से लेनदेन बंद करने का आग्रह किया। फिर भी मेरे खाते से 71 हजार रुपये निकाल लिए गए। (जासं)

# विवाद के दौरान हवा में फायरिंग करने वाले चिकित्सक निलंबित

- एसीएमओ अमेठी के पद पर तैनात थे डा. संजीव सिंह
- उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने निलंबन के कार्रवाई की दी जानकारी

**जागरण संवाददाता, पडरौना :** कसया नगर निवासी व अमेठी जिले में एसीएमओ पद पर तैनात डा.संजीव सिंह को शासन ने शुक्रवार को निलंबित कर दिया। निलंबन के दौरान वे मुख्यालय से संबद्ध रहेंगे। प्रदेश के उप-मुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने अपने ट्विटर हैंडल पर निलंबन की कार्रवाई किए जाने की जानकारी दी है।

कसया नगर के निवासी व प्रसिद्ध नेत्र सर्जन डा.संजीव कुमार सिंह बीते दिनों अवकाश पर घर आए थे। इस दौरान उनके मकान के सामने से गुजरी नाली का नगर पालिका द्वारा निर्माण कराया जा रहा था। सुबह लगभग 09 बजे मजदूर जब निर्माण कार्य करने पहुंचे तो डाक्टर ने निर्माण कार्य पर आपत्ति जताई। इसे लेकर उनका अपने पड़ोसी सुधीर राव से कहासुनी हो गई। विवाद की जानकारी पर नजदीक स्थित पिकेट पर तैनात पुलिसकर्मी भी पहुंच गए। इस बीच बात इतनी बढ़ गई कि डाक्टर ने अपने रिवाल्वर से हवा में फायरिंग कर दी। इससे अफरा-तफरी मच गई। पुलिसकर्मियों ने तत्काल रिवाल्वर सहित डाक्टर को कब्जे में ले लिया। देर शाम पड़ोसी की तहरीर पर पुलिस ने मामले में हत्या के प्रयास का मुकदमा पंजीकृत कर आरोपित चिकित्सक को जेल भेज दिया था।



रहे।

## मारपीट में आठ दिन बाद तीन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**नेबुआ-नौरंगिया:** क्षेत्र के बेलवा बाबूराम निवासी मंजूर की तहरीर पर नेबुआ-नौरंगिया पुलिस ने शुक्रवार को नियाज, नसीबुन, नसरूद्दीन के विरुद्ध मारपीट सहित कई धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया।

मंसूर ने दिए तहरीर में कहा है कि बीते 20 नवंबर को आरोपित कहासुनी के बाद मारे-पीटे और दरवाजे पर मौजूद महिला को धक्का दे अलाव में गिरा दिए। जिससे वह झुलस गईं। एसएचओ अतुल श्रीवास्तव ने बताया कि केस दर्ज कर विवेचना की जा रही है।

# छेड़छाड़ व मारपीट में तीन पर मुकदमा

**जागरण संवाददाता, नेबुआ नौरंगिया :** थाना के एक गांव में एक युवती से छेड़छाड़ व मारपीट करने के मामले में तहरीर के आधार पर तीन आरोपितों के विरुद्ध पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। 20 नवंबर को सुबह छह बजे बकरी का बच्चा एक व्यक्ति के घर में घुसकर कुछ सामान का नुकसान कर दिया। युवती की ओर से बकरी के बच्चा को भगाए जाने से आरोपित नाराज हो गया और युवती को पटक कर उसके साथ अश्लील हरकत करने लगा। विरोध जताने और शोर मचाने पर आरोपित की मदद करने दो लोग पहुंच गए। तीनों ने मिलकर युवती को मारा पीटा। उस समय युवती अपने घर में अकेली थी। पीड़िता के दादा की तहरीर पर आरोपित मंजूर, मुस्तफा, जमींदार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज हुआ है। प्रभारी निरीक्षक अतुल कुमार श्रीवास्तव का कहना है कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# गैस एजेंसी संचालक के विरुद्ध मुकदमा

## जांच में मिली थी भारी अनियमितता, केंद्र के लाइसेंस निरस्तीकरण की कार्रवाई भी हुई शुरू

**जागरण संवाददाता, टेकुआटार :** माता-पिता सहज जन सेवा केंद्र सोहसा के संचालक शिव शंकर गुप्ता एवं स्व. प्रभावती देवी एचपी गैस ग्रमीण वितरक सिधावे कटकुइयां के संचालक के विरुद्ध कसया थाने में आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज हुआ है। एसडीएम ने तहसील एवं पूर्ति विभाग की टीम गठित कर जांच का आदेश भी दिया है। सहज केंद्र संचालक के पास 100 किग्रा स्टोरेज यानी सात घरेलू गैस सिलेंडर स्टोरेज एवं वितरण का अनुबंध ग्रमीण वितरण गैस एजेंसी से किया गया है। किसी ग्रामीण ने एसडीएम कल्पना जायसवाल से शिकायत की थी कि अनुबंध के विपरीत काफी संख्या में विभिन्न गैस एजेंसियों का सिलेंडर रखकर कालाबाजारी किया जा रहा है। इसके बाद क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी राजीव कुमार के नेतृत्व में पूर्ति निरीक्षक कसया प्रदीप पांडेय व हाटा रविंद्र सिंह की टीम ने शुक्रवार को जांच की तो सात की जगह 68 सिलेंडर मिले। इसमें 26 एचपी, 38 भारत, चार इंडेन व पांच किग्रा के पांच सिलेंडर मौके पर मिला। इसके अलावे सिलेंडर रखने के लिए उचित स्थान नहीं था। अग्नि शमन यंत्र नहीं पाया गया।



सोहसा मठिया स्थित सहज केंद्र पर जांच करती पूर्ति विभाग की टीम● जागरण

टीम ने रिपोर्ट एसडीएम को सुपुर्द की तो उन्होंने हाटा पूर्ति निरीक्षक सिंह को सहज केंद्र संचालक एवं गैस एजेंसी मालिक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराने का आदेश दिया। एसडीएम ने बताया कि टीम यह भी जांच करेगी कि विभिन्न गैस एजेंसियों के सिलेंडर कहां से आए हैं। जिस एजेंसी ने सिलेंडर दिया होगा उस संचालक के विरुद्ध भी मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। सहज केंद्र के निरस्तीकरण की कार्रवाई भी शुरू कर दी गई है।

# पुलिस ने किशोर को ढूंढ कर परिजनों को सौंपा

संवाद न्यूज एजेंसी

**पटहेरवा/उजारनाथ।** विद्यालय जाने के लिए घर से निकले महुअवा गांव के छात्र को पुलिस ने ढूंढकर उसके परिजनों को सौंप दिया। काफी खोजबीन के बाद उसका पता न चलने पर परिजनों ने गुमशुदगी की तहरीर दी थी। वह पिता की डांट से नाराज होकर निकल गया था।

बताया जा रहा है कि महुअवा गांव के निवासी राजकिशोर पटेल का 14 वर्षीय पुत्र राहुल 22 नवंबर को विद्यालय पढ़ने जाने के लिए घर से निकला था। देर शाम तक उसका कहीं पता नहीं चला तो घरवालों ने खोजबीन की।

हर संभावित जगह तलाशने के बाद अनहोनी की आशंका जताते हुए थाने में गुमशुदगी की तहरीर दी थी। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर खोजबीन शुरू कर दी थी। वह लखनऊ में मिला।

अमर उजाला | कुशीनगर | amarujala.com

# मामी से शादी करने की चाहत में कर दी थी मामा की हत्या

## हत्यारोपी भांजा और उसकी मामी गिरफ्तार, तीसरा आरोपी पुलिस मुठभेड़ में दबोचा गया

संवाद न्यूज एजेंसी

**पडरौना।** तरयासुजान थाना क्षेत्र के सिसवा-अहिरौलीदान मार्ग पर बीते 13 नवंबर को अहिरौलीदान गांव के लोकनहां टोला निवासी वीरसागर की हुई हत्या के मामले का शुक्रवार को एसपी ने पर्दाफाश किया। उन्होंने बताया कि वीरसागर की हत्या उनके ही भांजे ने अपने एक अन्य सहयोगी और मामी के साथ मिलकर की थी। वह अपनी मामी से शादी करना चाहता था। भांजा और उसकी मामी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

एसपी धवल जायसवाल ने बताया कि 13 नवंबर को अहिरौलीदान गांव के लोकनहां टोला निवासी वीरसागर की बाइक सवार दो व्यक्तियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी।

हत्या में शामिल वीरसागर की पत्नी और उनके भांजे रवि उर्फ रविरंजन, निवासी फुलगुनी, थाना थावे, जनपद गोपालगंज, बिहार को गिरफ्तार कर लिया गया। इस घटना में शामिल रवि के गांव के ही उसके मित्र रोहित को देर रात मुठभेड़ में गिरफ्तार किया जा चुका है।

इन दोनों मित्रों की गिरफ्तारी के लिए 25,000 रुपये का इनाम घोषित किया गया था।



मामा की हत्या के आरोप में गिरफ्तार युवक संवाद

### एसपी ने पुलिस कार्यालय सभागार में किया हत्याकांड का पर्दाफाश

### बिहार के गोपालगंज के रहने वाले हैं दोनों आरोपी

एसपी ने बताया कि वीरसागर के भांजे रवि ने पूछताछ में बताया कि वह अपने मामा वीरसागर की पत्नी से काफी दिनों से बातचीत करता था। वह अपनी मामी से शादी करना चाहता था।

इस लिए मामी के सहयोग से अपने साथी रोहित कुमार के साथ मिलकर मामा वीरसागर की गोली मारकर हत्या कर दी थी।

# तरयासुजान क्षेत्र में मुठभेड़ में 25 हजार का इनामी गिरफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी

**डिबनी बंजरवा (कुशीनगर)।** जिले की तरयासुजान थाने की पुलिस ने बृहस्पतिवार की देर रात मुठभेड़ में 25 हजार रुपये के इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया। यह मुठभेड़ बाघाचौर में एपी तटबंध के निकट हुई। आरोपी पर हत्या का मुकदमा दर्ज है। उसके बाएं पैर में गोली लगी है। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

पुलिस के मुताबिक, 13 नवंबर की शाम बाइक से सिसवानाहर बाजार से अपने घर अहिरौलीदान लौट रहे वीरसागर गोंड (35) को बदमाशों ने गोली मार दी थी। इलाज के दौरान वीरसागर की मौत हो गई थी। इस मामले में यह बदमाश वांछित था। तरयासुजान थाने के एसएचओ आरके सिंह ने बताया कि मुठभेड़ में घायल बदमाश का नाम रोहित कुमार है। यह शातिर है।

बिहार प्रांत के गोपालगंज जिले के फुलगुनी गांव का निवासी है। उन्होंने बताया कि अहिरौलीदान निवासी वीरसागर को गोली मारने के मामले में यह बदमाश वांछित था। इसके ऊपर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित है। बृहस्पतिवार की देर रात बाघाचौर में एपी तटबंध के पास इसके मौजूद होने की सूचना मिली। पुलिस पहुंची तो उसे देखते हुए राहुल कुमार ने फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस टीम ने अपना बचाव करते हुए बदमाश के बाएं पैर में गोली मारकर पकड़ लिया।



मुठभेड़ में घायल बदमाश रोहित को ले जाती पुलिस। संवाद

# प्रधान और व्यापारी सम्मानित किए गए

## समउर बाजार में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने पर किया गया सम्मान

संवाद न्यूज एजेंसी

**समउर बाजार।** चोरी और अन्य अपराधों में संलिप्त लोगों पर नजर रखने के लिए समउर बाजार में सीसीटीवी कैमरे लगवाने पर तमकुहीराज के एसओ ने ग्राम प्रधान और व्यापारियों को सम्मानित किया। एसओ ने कहा कि इन्हीं के सहयोग से सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। इससे बदमाशों पर नजर रखी जा सकेगी।

तमकुहीराज के प्रभारी निरीक्षक नीरज राय ने कहा कि समउर बाजार तिराहे पर सीसीटीवी कैमरे ग्राम प्रधान व व्यापार मंडल के सहयोग से लगाए गए हैं। यह बाजार बिहार बार्डर से सटा है।



समउर बाजार तिराहे पर प्रधान व व्यापार मंडल के पदाधिकारियों को सम्मानित करते प्रभारी निरीक्षक तमकुहीराज नीरज राय। संवाद

सीसीटीवी कैमरे से संदिग्ध व्यक्तियों की गतिविधियों की जानकारी मिल सकेगी। उन्होंने सीसीटीवी कैमरा लगवाने वाले ग्राम प्रधान आलोक कुमार सिंह उर्फ दीपक व व्यापार मंडल अध्यक्ष विशुन गुप्ता, महामंत्री अनिल खरवार व अन्य पदाधिकारियों को पुलिस विभाग की ओर से माला पहनाकर सम्मानित किया गया।

# मंदिर में दूसरी शादी कर रहा था पत्नी ने पुलिस से पकड़वाया

## हाटा में युवक लेने जा रहा था फेरे, पहली पत्नी की शिकायत पर पुलिस ने रुकवाई शादी

संवाद न्यूज एजेंसी

**हाटा।** शुक्रवार की शाम को हाटा नगर के विश्वकर्मा मंदिर परिसर में धर्मशाला में एक युवक शादी के फेरे लेने ही वाला था कि पुलिस पहुंच गई। पुलिस, दूल्हा सहित परिवार के अन्य लोगों को पकड़कर थाने ले आई। बताया गया कि युवक पहले से शादीशुदा है और उसकी पत्नी से दो बच्चे भी हैं। उसके बाद भी वह दूसरी शादी करने जा रहा था।

बताया जा रहा है कि हाटा नगरपालिका क्षेत्र के एक मोहल्ले के रहने वाले युवक ने कुछ वर्ष पहले आर्केस्ट्रा में काम करने वाली नर्तकी से शादी की थी। उससे उसके दो बच्चे भी हैं।

शुक्रवार को युवक हाटा नगर के विश्वकर्मा मंदिर के धर्मशाला में दूसरी शादी रचा रहा था। फेरे की तैयारी हो रही थी।

### युवक हाटा नगर पालिका क्षेत्र का रहने वाला है

उसी समय पुलिस के साथ एक महिला पहुंची। उसने बताया कि दुल्हा बना युवक उसका पति है। उसके रहते वह दूसरी शादी कर रहा है। उसके दो बच्चे भी हैं, उनका क्या होगा।

इसके बाद वहां कानाफूसी शुरू हो गई। घराती-बराती इधर उधर खिसकने लगे। पुलिस, दूल्हा बने युवक और कुछ अन्य लोगों को लेकर थाने लेकर चली गई। दूल्हे की दूसरी शादी की हसरत अधूरी रह गई।

इस संबंध में कोतवाल निर्भय सिंह ने बताया कि पहली पत्नी ने तहरीर दी है। उसके आधार पर शादी रोकवा दी गई है। कानून के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

### तिलक समारोह में पानी के लिए दो युवक भिड़े

**समउर बाजार।** तमकुहीराज थाना क्षेत्र के एक गांव में तिलक समारोह में पानी की टोटी खुला छोड़ देने पर दो युवकों में मारपीट हो गई। कुछ देर के लिए आफरा तफरी मच गई। गांव के संभ्रात लोगों के बीच बचाव करने के बाद मामला शांत हुआ, तब जाकर तिलक समारोह संपन्न हुआ। बिहार के कटेया थाना क्षेत्र से तिलक लेकर तमकुहीराज थाना क्षेत्र के एक गांव में बृहस्पतिवार की रात लोग आए थे। वर पक्ष के लोग मेहमानों के स्वागत में लगे थे। इसी बीच वर पक्ष के गांव का एक युवक कार्यक्रम में पहुंचा था। नाश्ते के बाद पानी पीने के लिए लगे आरओ सिस्टम की टोटी को खोलकर छोड़ दिया। इससे पानी गिरकर नष्ट हो रहा था। यह देख वधू पक्ष के एक युवक ने टोटी बंद करने के लिए कहा। यह बात युवक को नागवार लगी। इसी बात पर दोनों में कहासुनी होने लगी। अन्य लोग कुछ समझ पाते, मारपीट होने लगी। कुछ देर के लिए तिलक समारोह में आफरा तफरी मच गई। तभी गांव के कुछ संभ्रात लोग पहुंचकर दोनों युवकों में बीचबचाव कर समझाकर मामले को शांत कराए। इस मामले को लेकर गांव में तरह तरह की चर्चाएं हो रही हैं। समउर बाजार चौकी इंचार्ज राजेश कुमार ने बताया कि इस तरह का मामला संज्ञान में नहीं है। तहरीर मिलने पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी। संवाद

# होश में नहीं आई छात्रा पुलिस जांच में जुटी

अमर उजाला फॉलोअप

## स्कूल की छत से छात्रा के कूदने का मामला

### सहायक प्रधानाध्यापक, प्रबंधक सहित कई शिक्षकों पर है प्रताड़ना का आरोप

संवाद न्यूज एजेंसी

**पडरौना।** शहर के सेंट जेवियर्स स्कूल की 11वीं की छात्रा गरिमा चतुर्वेदी होश में नहीं आई है। उसका इलाज गोरखपुर के एक नर्सिंगहोम में चल रहा है। वह आईसीयू में भर्ती है। इधर, कोतवाली पुलिस छात्रा की मां की तहरीर में लगाए गए आरोपों की जांच कर रही है।

नगर की ओंकारवाटिका कॉलोनी (केवट टोली) निवासी कालिंदी देवी पत्नी स्व. मनोज चतुर्वेदी ने पडरौना के कोतवाल को संबोधित तहरीर में लिखा है कि उनकी पुत्री गरिमा चतुर्वेदी सेंट जेवियर्स स्कूल में कक्षा 11 विज्ञान वर्ग में पढ़ती है। 23 नवंबर को सुबह लगभग आठ बजे वह स्कूल गई थी। उसकी भौतिक विज्ञान की अर्द्धवार्षिक परीक्षा थी। उन्होंने विद्यालय के सहायक प्रधानाध्यापक, प्रबंधक, एक शिक्षिका और तीन-चार अन्य शिक्षकों पर गरिमा को प्रताड़ित करने का आरोप लगाया था। उनका कहना था कि इसी वजह से उनकी पुत्री स्कूल में छत से कूदी थी। उनकी तहरीर के आधार पर कोतवाली पुलिस ने देर रात मुकदमा दर्ज कर लिया था।

शुक्रवार की देर शाम कोतवाल राज प्रकाश सिंह ने बताया कि घायल छात्रा को अभी होश नहीं आया है। उसका इलाज चल रहा है। उसकी मां की तरफ से तहरीर में लगाए गए आरोपों पर सहित सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।

हिन्दुस्तान
www.livehindustan.com

## पुलिस ने किया हत्या का खुलासा, भांजे व पत्नी समेत 3 गिरफ्तार

# अवैध संबंध में बाधक बनने पर की थी मामा की हत्या

**कुशीनगर, वरिष्ठ संवाददाता।** तरया सुजान थाना क्षेत्र में 31 अक्तूबर की शाम को युवक की हत्या उसे सगे भांजे ने अपने दोस्त के साथ मिलकर की थी। साजिश में उसकी मामी यानि मृतक की पत्नी भी शामिल थी। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार इस ब्लाइंड मर्डर का खलासा कर दिया है। भांजे व मामी के अनैतिक रिश्ते में बाधक बनने पर मामा की गोली मार कर हत्या की गयी थी। आरोपी भांजे को पुलिस ने मुठभेड़ में गोली मारकर घायल करने के बाद गिरफ्तार किया है। एसपी ने हत्यारों की गिरफ्तारी पर 25-25 हजार रुपये का ईनाम घोषित किया था।

एसपी धवल जायसवाल ने शुक्रवार को पुलिस कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में यह जानकारी दी। एसपी ने बताया कि बीते 31 अक्तूबर की शाम को तरया सुजान थाना क्षेत्र के अहिरौली दान के टोला लोकनहा निवासी विसागर की बदमाशों ने तब सिर में नजदीक से गोली मार कर हत्या कर दी थी जब वह अपने दस साल बेटे के साथ बाइक से घर जा रहा था। तरया सुजान पुलिस अज्ञात बदमाशों पर केस दर्ज कर हत्यारों की तलाश में जुटी थी। परिवार के लोगों ने किसी से दुश्मनी न होने की जानकारी पुलिस को दी थी। ऐसे में पुलिस के लिए इस ब्लाइंड मर्डर कर खुलासा करना चुनौती थी। एसपी ने हत्यारों की गिरफ्तारी के लिए 25-25 हजार रुपये का ईनाम घोषित किया था। पुलिस ने कई एंगिल पर जांच शुरू की। पुजिस जांच में अवैध संबंध का मामला सामने आया मगर कोई ठोस आधार नहीं मिल रहा था। यहीं पर आकर जांच टिक गयी। इसी बीच घटना के दिन बिहार के एक बदमाश को घटनास्थल के आस पास देखे जाने की बात प्रकाश में आयी। वह पुलिस के हाथ नहीं आ रहा था।

इधर तरया सुजान थानाध्यक्ष आरके सिंह को गुरुवार की रात मुखबिर से सूचना मिली कि एक संदिग्ध व्यक्ति बाघाचौर बंधे पर बाइक के साथ किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में है। सूचना मिलते ही तरया सुजान थानाध्यक्ष ने मयफोर्स पहुंच गए। संदिग्ध व्यक्ति के तरफ बढ़ते ही उसने पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी फायरिंग में उसके बाएं पैर में गोली लग गई, जिससे गिरकर घायल हो गया। उसकी पहचान रोहित पुत्र स्व शिवनाथ भगत निवासी फुलुगनी, थाना थावे, जनपद गोपालगंज बिहार के रूप में हुई। पुलिस को हत्या के मामले में इसी बदमाश की तलाश थी। उसके कब्जे से हत्या में प्रयुक्त अवैध तमंचा व बाइक बरामद की गयी। उससे कड़ाई से पूछताछ की तो उसने हत्या के राज से पर्दा उठा दिया। इस आधार पर विसागर के भांजे रवि उर्फ रविरंजन पुत्र स्व रामनाथ साह साकिन फुलुगनी थाना थावे जनपद गोपालगंज बिहार को सलेमगढ़ चौराहा के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त रवि ने पूछताछ में बताया कि वह अपने मामा विसागर की पत्नी (मामी) से काफी दिनों से बात-चीत करता था जिससे शादी करना चाहता था। अपने साथी रोहित कुमार के साथ मिलकर अपने मामा विसागर की गोली मारकर हत्या कर दी थी।


शुक्रवार को एसपी ने पुलिस कार्यालय में हत्या का खुलासा किया।

### खुलासा करने वाली पुलिस टीम में ये रहे शामिल

तरया सुजान के प्रभारी निरीक्षक राजेन्द्र कुमार सिंह, दरोगा आशीष सिंह, विकास मौर्य, रूपेन्द्र पाल, हेडकांस्टेबल राधेश्याम यादव, सिपाही रिषु यादव, राघवेन्द्र सिंह, राहुल यादव तथा आदित्य प्रताप सिंह।

# पहले पत्नी के होते दूसरा शादी कर रहा था, पुलिस ने उठाया

**कार्रवाई**

**हाटा, हिन्दुस्तान संवाद।** स्थानीय नगर में स्थित विश्वकर्मा मंदिर में पहली पत्नी व दो बच्चों के रहते हुए भी एक व्यक्ति दूसरी महिला से शादी रचा रहा था। जानकारी होने पर पहली पत्नी ने पुलिस से शादी रोकने के लिए गुहार लगाई। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए शादी रोकवा कर दोनों पक्षों का थाने लाई।

शुक्रवार को नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड नंबर तीन कपूर पिपरा निवासी गौतम हाटा स्थित विश्वकर्मा मंदिर में गोरखपुर निवासी एक महिला से शादी कर रहा था। इसकी जानकारी होने पर पहली पत्नी दोनों बच्चों के साथ कोतवाली पहुंच कर कोतवाल निर्भय सिंह से गुहार लगाई। कोतवाल ने तत्परता दिखाते हुए मौके पर पहुंच कर शादी रुकवा दिया और दोनों पक्षों को थाने लाई। इस संबंध में कोतवाल ने बताया कि पहली पत्नी की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और सभी को थाने लाई जहां दोनों पक्ष आपस में बातचीत कर रहे हैं। अगर मामला नहीं सुलझा तो वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# गोली चलाने वाला डॉक्टर निलंबित

**सख्ती**

- डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने ट्वीट कर दी कार्रवाई की जानकारी
- बीते 9 नवम्बर को डॉक्टर ने प्रमुख पति पर चलाई थी गोली

**कसया, हिन्दुस्तान संवाद।** सरकारी डॉक्टर को हाटा ब्लॉक प्रमुख के पति पर कसया में गोली चलाना महंगा पड़ गया। इसकी शिकायत सीएम तक पहुंची थी। जिसको संज्ञान में लेकर डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक डॉक्टर को निलंबित कर दिया। उन्हें मुख्यालय से सम्बद्ध करने का आदेश दिया है। इसकी जानकारी खुद डिप्टी सीएम ने ट्विटर के माध्यम से दी है। आरोपी डॉक्टर अमेठी में अपर मुख्य चिकित्साधिकारी के पद पर तैनात थे।

बीते 9 नवम्बर को कसया नगर के सपहा रोड पर सिनेमाहाल वाली गली के रास्ते का निर्माण हो रहा था। आधा निर्माण हो चुका था। उसी गली में हाटा ब्लाक प्रमुख पति सुधीर राव व सरकारी डॉक्टर नेत्र सर्जन संजीव सिंह का अस्पताल भी है। 9 नवम्बर को आगे का कार्य आरम्भ होने वाला था कि डॉक्टर अपने सामने तीन फीट जमीन छोड़कर निर्माण करने की बात करने लगे। प्रमुख पति ने मना किया तो मामला बिगड़ गया। जिसपर डॉक्टर ने आवेश में आकर अपनी लाइसेंसी पिस्टल निकालकर प्रमुख पति पर तान ली। फायर झोंकते की मौके पर मौजूद पुलिस ने डॉक्टर के हाथ पर झपट्टा मार दिया। जिससे गोली प्रमुख पति को न लगकर जमीन में जा लगी। प्रमुख पति की तहरीर पर हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने डॉक्टर को जेल भेज दिया। उधर ब्लॉक प्रमुख आरजू राव ने अपने पति के साथ मुख्यमंत्री से मुलाकात कर दोषी डॉक्टर के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति व उचित कार्यवाई के साथ अपनी सुरक्षा की मांग की थी। जिसपर मुख्यमंत्री के तरफ से उचित कार्रवाई का आश्वासन मिला था। इसी बीच डॉक्टर के अस्पताल की जांच हुई। लाइसेंस न होने के चलते सीएमओ के आदेश पर उसे सील कर दिया गया। शुक्रवार को डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने ट्वीट कर जानकारी दी है।

# देवरिया में कुशीनगर पुलिस की छापेमारी, चार दबोचे गए

**देवरिया।** कुशीनगर जिले में पिछले दिनों चोरी की घटनाएं हुई थी। जिसमें मोबाइल के साथ ही लैपटॉप भी चोरी हुआ था। कुशीनगर की एसओजी और कसया थाने की पुलिस चोरी की घटना के खुलासे के लिए लगी हुई थी।

पुलिस ने मामले में कुछ चोरों को हिरासत में लिया तो चोरी की घटना और गिरोह के अन्य सदस्यों के बारे में जानकारी हुई। शुक्रवार को कुशीनगर की एसओजी और कसया थाने की पुलिस महुआडीह थाने पहुंची। कुशीनगर पुलिस ने महुआडीह पुलिस के सहयोग से सहोदरपट्टी गांव में छापेमारी किया। जहां से एक व्यक्ति को हिरासत में लिया। पुलिस टीम को मौके से चोरी का सामान भी बरामद हुआ। इसके बाद हेतिमपुर के बसावन टोला में पुलिस टीम नपे छापेमारी कर दो सगे भाईयों को हिरासत में लिया। पुलिस टीम तीनों को अपने साथ ले कर कुशीनगर चली गई है।

# दूसरी शादी कर रहा युवक गिरफ्तार

**जासं,हाटा :** नगर के हरिटोला वार्ड स्थित विश्वकर्मा मंदिर में शुक्रवार को शादी रचाते एक युवक को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस मुकदमा पंजीकृत कर उसे कोर्ट ले गई, वहां से उसे जेल भेज दिया गया। क्षेत्र के ही गांव पिपरा कपूर निवासी रामसमुझ गोंड दोपहर में विश्वकर्मा मंदिर में एक युवती संग शादी करने पहुंचे। पुलिस रामसमुझ को हिरासत में ले कोतवाली ले गई, वहां पहले से उसकी पत्नी मौजूद थी। पत्नी ने बताया कि दोनों की शादी 12 वर्ष पूर्व हुई थी। दोनों से दो बच्चे भी हैं। धोखा देकर पति दूसरी शादी करने मंदिर पहुंचा था। कोतवाल निर्भय कुमार सिंह ने बताया कि रामसमुझ के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया गया।

# MAHARAJ GANJ POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 26-11-2022

# मासूम की हत्या में बड़े मम्मी-पापा व तांत्रिक को उम्रकैद

**फैसला**

- विशेष न्यायाधीश पवन श्रीवास्तव की अदालत ने सुनाया फैसला
- सुग्रीव व कौशिल्या पर 50-50 हजार व महेश पर तीस हजार अर्थदंड

**महराजगंज, निज संवाददाता।** श्यामदेउरवा थाना क्षेत्र के ग्राम सोहसा बांसपार में तंत्र-तंत्र का बदला लेने के लिए डेढ़ वर्षीय मासूम बच्चे की हत्या के 11 साल पुराने मामले में अपर सत्र न्यायाधीश तृतीय/विशेष न्यायाधीश एससी-एसटी एक्ट पवन कुमार श्रीवास्तव की अदालत ने तीन अभियुक्तों को दोषी करार दिया है।

अभियुक्तों में दो मासूम के बड़े मम्मी-पापा व तीसरा तांत्रिक है। उनके खिलाफ आजीवन कारावास की सजा व 1 लाख 30 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। इसमें से एक लाख रुपये क्षतिपूर्ति के रूप में वादी को भुगतान का आदेश कोर्ट ने दिया है। पत्रावली के मुताबिक श्यामदेउरवा थाना क्षेत्र के ग्राम सभा सोहसा बांसपार में 3 जुलाई 2011 को डेढ़ वर्षीय उपेन्द्र उर्फ खुशहाल पुत्र सरवन की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। घटना के समय वह घर में अकेला सोया था। इस मामले में मासूम के पिता सरवन ने अपने पिता हरीगुन, बड़े भाई सुग्रीव व बड़ी भाभी कौशिल्या के अलावा श्यामदेउरवा थाना क्षेत्र के लखिमा बड़ा टोला निवासी तांत्रिक महेश पुत्र धुनधुन के खिलाफ तहरीर दी थी। जांच के दौरान हत्या की यह वजह सामने आई कि सरवन के बड़े भाई सुग्रीव व भाभी कौशिल्या की बेटी की तबीयत अक्सर खराब रहती थी। लखिमा बड़ा टोला निवासी तांत्रिक महेश ने सुग्रीव व उसकी पत्नी कौशिल्या को यह विश्वास दिलाया कि सरवन की पत्नी ने उनकी बेटी के उपर तंत्र-मंत्र करा दिया है। इसी की वजह से उसकी तबीयत खराब रहती है। इस अंध विश्वास में पड़कर सुग्रीव व कौशिल्या ने तांत्रिक महेश के साथ षड्यंत्र करके डेढ़ वर्षीय मासूम की हत्या कर दी। पुलिस ने विवेचना के बाद चार्जशीट न्यायालय में दाखिल किया। विचारण के दौरान एक आरोपित हरीगुन की मौत हो गई। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता सर्वेश्वर मणि त्रिपाठी ने नौ गवाहों की गवाही कराई। कोर्ट में तर्क दिया कि अभियुक्तों का यह अपराध गंभीर प्रकृति का है। उन्होंने अधिकतम दंड की मांग की। पत्रावली में दर्ज साक्ष्य व सबूतों के आधार पर विशेष न्यायाधीश एससीएसटी एक्ट पवन कुमार श्रीवास्तव ने सुग्रीव, कौशिल्या व तांत्रिक महेश को दोषी करार देते हुए उनके खिलाफ आजीवन कारावास की सजा सुनाई। सुग्रीव व कौशिल्या के खिलाफ कुल 50-50 हजार रुपये व महेश के खिलाफ तीस हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया।

# नेपाली शराब के साथ एक गिरफ्तार

**बरगदवा।** बरगदवा पुलिस ने शुक्रवार की सुबह रमगढ़वा कब्रिस्तान के पास से एक व्यक्ति को 18 शीशी नेपाली शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया। एसआा पुरुषोत्तम राव ने बताया कि पुलिस के रोकने पर आरोपी भागने लगा था। उसको पकड़ने के बाद तलाशी ली गई तो उसके झोले में 18 शीशी नेपाली शराब मिली। पकड़े गए आरोपी धीरज चौरसिया निवासी लोहरौली का आबकारी एक्ट के तहत चालान किया गया है।

# नवजात के डीएनए से माता और पिता को ढूंढेगी पुलिस

**महराजगंज, निज संवाददाता।** जिला महिला अस्पताल में कुते के चंगुल से छूटे अज्ञात नवजात के शव का पुलिस शनिवार को पोस्टमार्टम कराकर डीएनए नमूना सुरक्षित कराएगी। इस नमूने के सहारे पुलिस शिशु के माता-पिता का पता लगाएगी।

केस दर्ज करने के बाद कोतवाली पुलिस सोमवार व मंगलवार को शहर के अस्पताल में मृत जन्में शिशुओं की सूचना एकत्र कर रही है। यह भी पता लगाया जा रहा है कि किस-किस परिवार ने मृत शिशुओं के शव सम्मान पूर्वक अंतिम संस्कार कराया है। पुलिस मामले की खुलासा के लिए जांच बढ़ा दी है। जिला महिला अस्पताल की गैलरी में बीते मंगलवार को नवजात का शव मिला था। बताया जा रहा है कि अस्पताल के शौचालय के डस्टबीन में किसी ने शिशु के शव को फेंक दिया था। कुत्ता डस्टबीन से शिशु के शव को लेकर भाग रहा था।

गैलरी में उसे देख लोगों ने शोर मचाया। इसके बाद कुत्ता शिशु के शव को छोड़ भाग गया। सीएमएस ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए दो स्वीपर व एक वार्ड आया को नोटिस देकर स्पष्टीकरण मांगा है।

# पराली जलाने पर 198 किसानों को नोटिस

**निचलौल।** पराली जलाने वाले किसानों के खिलाफ शुक्रवार को प्रशासन द्वारा टीम बनाकर अभियान चलाया गया। इस दौरान पूरे तहसील में पराली जलाते समय 198 किसान पकड़े गए और इन्हे टीमों द्वारा मौके पर नोटिस दी गई। नायब तहसीलदार नवीन त्रिपाठी ने बताया कि पराली जलाने वाले किसानों को नोटिस देकर जुर्माना जमा कराया जा रहा है। इस दिन आठ किसानों से प्रति व्यक्ति 2500 रुपये कुल 20 हजार रुपये जुर्माना जमा कराया गया है।

# पराली जलाने वाले पांच पर 12500 का जुर्माना

**फरेंदा।** नायब तहसीलदार डॉ. रवि यादव के नेतृत्व में संग्रह टीम ने खेत में पराली जलाने के आरोप में पांच लोगों के खिलाफ 12500 रुपये का अर्थदंड लगाया। पराली जलाने का शिकायतें कई दिनों से मिल रही थीं। तहसीलदार राजस्व टीम के साथ जंगल जोगियाबारी, बरातगाढ़ा, रामनगर व खजुरिया की जांच किए। मौके पर पांच लोग पराली जलाते मिले, जिनसे जुर्माना वसूला गया।

# गन्ने के खेत में रखी यूरिया बरामद

**गड़ौरा।** शुक्रवार को शितालापुर चौकी प्रभारी मनीष पटेल ने अपनी टीम के साथ ग्राम रेंगहिया से मटरा धमऊर जाने वाले पगडंडी रास्ते के किनारे गन्ने के खेत से नौ बोरी यूरिया बरामद किया है। इस मामले में कस्टम एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है। बरामदगी में चौकी प्रभारी के साथ उपेन्द्र सिंह, बृजेश कुमार, लालू पटेल व अंकित यादव मौजूद रहे।



शितलापुर चौकी प्रभारी ने खेत में जल रही पराली को बुझाया। • हिन्दुस्तान

# चौकी प्रभारी ने जल रही पराली बुझाई

गड़ौरा। सख्ती के बाद भी लोग पराली जलाने से बाज नहीं आ रहे हैं। प्रशासन के सख्त रुख के क्रम में शितलापुर चौकी प्रभारी मनीष पटेल ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान पराली जलाने का भी जायजा लिया। ग्राम बढैपुरवा में गन्ने के खेत में पराली जलता देख मौके पर पहुंचे चौकी प्रभारी ने खुद पराली बुझाई।



दिव्यांश पब्लिक स्कूल में बच्चों को यातायात नियमों की जानकारी देते यातायात प्रभारी हरी सिंह यादव • जागरण



रामरतन पीजी कालेज रामपुर में विद्यार्थियों को यातायात नियमों की जानकारी देते थानाध्यक्ष स्वतंत्र कुमार सिंह • जागरण



चौखराज कुलस्थान सरस्वती शिशु मंदिर सिसवा में छात्रों को जागरूक करते सीओ निचलौल सूर्यबली मौर्य • जागरण

## दुर्घटना से बचाव के लिए यातायात नियमों का पालन जरूरी

- शहर व ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालयों में हुआ कार्यक्रम
- दैनिक जागरण की पहल पर जागरूक किए गए विद्यार्थी

**जागरण टीम महराजगंज :** दैनिक जागरण की पहल पर शुक्रवार को विभिन्न विद्यालयों में यातायात जागरूकता अभियान चलाया गया। इसमें पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने छात्रों को यातायात के नियम बताए। नियमों के पालन की शपथ दिलाई।

शहर के विनय एकेडमी में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस उपाधीक्षक यातायात सुनील दत्त दुबे ने कहा कि जबतक हम स्वयं अपनी जान की सुरक्षा के प्रति जागरूक नहीं होंगे, तबतक दुर्घटनाओं पर रोक लगाना मुश्किल है। बच्चों से कहा कि तीन सवारी बैठाकर दोपहिया वाहन न चलाएं। चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें। प्रधानाचार्य जोन्स गिरी, राजू श्रीवास्तव, सोयम पांडेय, ओमप्रकाश गुप्ता मौजूद रहे। दिव्यांश पब्लिक स्कूल महराजगंज में यातायात प्रभारी हरी सिंह यादव ने कहा कि दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करें। ताकि दुर्घटना होने पर सिर की चोट से बचा जा सके। प्रधानाचार्य आलोक रंजन त्रिपाठी, उपप्रधानाचार्य विवेक रंजन, सिद्धार्थ पांडेय, अंकिता पटेल, राजेश गुप्ता, सूरज गुप्ता, बृजेश उपाध्याय, आलोक गुप्ता मौजूद रहे। शांति बाल विद्या मंदिर में जेल चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक कमलेश कुमार सिंह ने छात्रों को यातायात नियमों के बारे में जागरूक किया। संस्थापक अनिल कुमार गुप्ता, स्कूल के संरक्षक अंकुर कुमार गुप्ता, ज्योतिमा महेश्वरी, प्रेम मौर्य मौजूद रहे। घनियरा क्षेत्र के रामरतन पीजी कालेज में थानाध्यक्ष स्वतंत्र कुमार सिंह ने विद्यार्थियों से कहा कि हर व्यक्ति का जीवन महत्वपूर्ण है। थोड़ी सी जागरूकता और संयम बरतने से बड़ी दुर्घटना से बचा जा सकता है। दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट व चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट अवश्य लगाएं। कालेज के प्रबंधक रामचंद्र यादव, प्राचार्य डा. नागेश्वर सिंह, डा. दिनेश यादव, डा. कमलेश कुमार, राजेश यादव, मनोज वर्मा मौजूद रहे। सिसवा के चौखराज कुलस्थान सरस्वती शिशु मंदिर में निचलौल के सीओ सूर्यबली मौर्य की उपस्थिति में यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। उन्होंने छात्रों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। थानाध्यक्ष मनोज कुमार राय, संस्थापक ज्योतिष मणि त्रिपाठी मौजूद रहे।



विनय एकेडमी में कार्यक्रम को संबोधित करते यातायात पुलिस उपाधीक्षक सुनील दत्त दुबे • जागरण



शांति बालिका मंदिर में छात्रों को जागरूक करते जेल चौकी प्रभारी कमलेश सिंह • जागरण

# बिना हेलमेट बाइक चालक शहर में नहीं पाएंगे प्रवेश

**जासं, महराजगंज :** यातायात सुरक्षा माह में हेलमेट को लेकर यातायात पुलिस ने सख्ती शुरू कर दी है। शनिवार से शहर में बिना हेलमेट के प्रवेश नहीं मिलेगा। साथ ही जिला प्रशासन के निर्देश के बाद पेट्रोल पंपों पर बगैर हेलमेट के बाइक सवारों को तेल भी नहीं दिया जाएगा। बाइक यातायात सुरक्षा माह में हेलमेट को लेकर यातायात पुलिस ने सख्ती शुरू कर दी है।

शनिवार से शहर में बिना हेलमेट के प्रवेश नहीं मिलेगा। साथ ही जिला प्रशासन के निर्देश के बाद पेट्रोल पंपों पर बिना हेलमेट बाइक सवारों को तेल भी नहीं दिया जाएगा। बाइक सवारों को रोकने के लिए सभी मार्गों पर अस्थाई पुलिस पिकेट की भी स्थापना की गई है। यातायात पुलिस उपाधीक्षक सुनील दत्त दुबे ने बताया कि जिले में यातायात नियमों के पालन को लेकर निचलौल रोड, गोरखपुर, फरेंदा तथा चौक मार्ग पर प्रतिदिन पुलिस तैनात रहेगी, जो बिना हेलमेट पहने लोगों को शहर में प्रवेश नहीं करने देगी। इसका कड़ाई से अनुपालन कराया जाएगा। जिला आपूर्ति अधिकारी एपी सिंह ने पेट्रोप पंप मालिकों को बिना हेलमेट बाइक पेट्रोल लेने आने वाले लोगों को तेल न देने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि इसका अनुपालन न करने वाले पेट्रोल पंपों पर भी कार्रवाई की जाएगी।

## जारी है अभियान, दुर्घटना रोकने का होगा इंतजाम : संभागीय परिवहन अधिकारी

जासं, महराजगंज : जिले में जागरण टीम द्वारा 300 किमी. सड़कों की पड़ताल में कई खामी नजर आई। सड़कों की बनावट व बेतरतीब कट्स दुर्घटनाओं का कारण बनते नजर आए। अंधे मोड़ व कट्स पर रिफ्लेक्टर तथा संकेतक का अभाव दिखा। सड़क किनारे सफेद पट्टी भी धूमिल दिखी। यही वजह है कि आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है। ठंड और कोहरे के मौसम में इसे रोकने के लिए सहायक संभागीय परिवहन विभाग ने अब तक क्या कदम उठाया है और आगे की क्या योजना है के मुद्दे पर संभागीय परिवहन अधिकारी केसी भारतीय से बातचीत की गई। प्रस्तुत है उनसे हुई वार्ता के प्रमुख अंश-

साक्षात्कार
केसी भारतीय



**प्रश्न-अप्रशिक्षित और नाबालिग चालक सड़कों पर वाहन धड़ल्ले से दौड़ाते हैं, इस पर अंकुश लगाने के लिए क्या किया जा रहा है।**

उत्तर- सड़कों पर एक तरफ जहां अभियान चला कर ऐसे लोगों का चालान किया जा रहा है, वहीं लोगों को जागरूक भी किया जा रहा है। अभिभावकों तक यह संदेश पहुंचाया जा रहा है कि नाबालिग बच्चों को वाहन न दें। जिससे दुर्घटनाओं को रोका जा सके। स्कूलों के पास रैंडम जांच कराई जा रही है।

**प्रश्न- जिले की सीमा कवारी, रुद्रपुर धनुही, श्यामदेउरवा, वसंतिया सूर्य के पास कट पर रिफ्लेक्टर व संकेतक नहीं हैं, इसके लिए आपका विभाग क्या पहल कर रहा है।**

उत्तर- लोकनिर्माण व यातायात पुलिस के अधिकारियों से इस संबंध में वार्ता हुई है। सभी कट्स पर शीघ्र ही संकेतक व रिफ्लेक्टर लगा दिया जाएगा।

**प्रश्न- जिले में कितने ब्लैक स्पाट चिह्नित किए गए हैं, वहां सुरक्षा के क्या उपाय किए गए हैं।**

उत्तर- जिले में 28 ब्लैक स्पाट चिह्नित हैं। सभी स्थानों पर लोक निर्माण विभाग की ओर से संकेतक लगाए गए हैं। आम लोगों को भी जागरूक किया जाता है कि ब्लैक स्पाट पर संभल कर चलें।

**प्रश्न- भिटौली पुल खतरनाक है, यहां दुर्घटना की आशंका बनी रहती है, पुलिस चौकी के कर्मियों की जान भी जोखिम में रहती है। कोहरे में दुर्घटना रोकने लिए क्या किया जा रहा है।**

उत्तर- यहां पर दो पुल हैं। नया पुल चक्राकार है। जिसमें दोनों तरफ से आने वाले वाहन दिखाई नहीं देते हैं। आवश्यक है कि पुराने पुल की मरम्मत करा कर उसे चालू कराया जाए। लोकनिर्माण विभाग को पत्र लिखा गया है।

**प्रश्न-धानी ढाला के पास सड़क के किनारे गड्ढा खतरनाक है, कोहरे में वाहनों के गिरने की आशंका रहती है।**

उत्तर- संबंधित विभाग से वार्ता कर इस संबंध में उन्हें अवगत कराया गया है। वहां सुधारात्मक कार्य किया जाएगा। बैंकर लगे हैं, शीघ्र ही गड्ढे को भरवा दिया जाएगा।

**प्रश्न-जिले में डग्गामार वाहनों की भरमार है, इसके खिलाफ क्या कार्रवाई हो रही है।**

उत्तर-डग्गामार वाहनों को लेकर लगातार कार्रवाई की जा रही है। रोडवेज बस स्टेशन के पास खड़ा होने वाली प्राइवेट बसों का रूट बदल दिया गया है। इससे परिवहन निगम की आय बढ़ी है। सोनौली, महराजगंज में अभियान चलाकर 35 वाहनों पर कार्रवाई की गई है।

**प्रश्न- अनफिट स्कूल वाहन दुर्घटना का कारण बन रहे हैं। इसको लेकर विभाग क्या कदम उठा रहा है।**

उत्तर- जिले में 834 स्कूल वाहन हैं, इनमें से 181 अनफिट हैं। इन्हें नोटिस देकर वाहन न चलाने की हिदायत दी गई है। अगर यह फिटनेस नहीं कराएंगे तो लाइसेंस निलंबन की कार्रवाई की जाएगी। इसमें 57 वाहन कंडम हो गए हैं। 45 को ब्लैक लिस्ट कर दिया गया है।

**प्रश्न-गोरखपुर-सोनौली हाईवे पर सोनौली के पास प्रायः मालवाहक वाहनों का जाम 10 किमी तक लगता है। कोहरे में वहां दुर्घटना रोकने के लिए क्या कदम उठा रहे हैं।**

उत्तर-हां, यह बड़ी समस्या है। नेपाल जाने वाले वाहन भंसार में विलंब के चलते कई दिन सड़क पर ही खड़े रहते हैं। इस संबंध में पुलिस से भी संपर्क किया गया है कि मालवाहक वाहन सड़क से दूर खड़े हों, जिससे की दुर्घटना से बचाव किया जा सके।

**प्रश्न- कृषि कार्य में प्रयुक्त होने वाली ट्रैक्टर-ट्राली पर सवारी ढोई जा रही है। ट्राली पर रिफ्लेक्टर भी नहीं होते, कोहरे में यह दुर्घटना का कारण बन रहे हैं।**

उत्तर- एआरटीओ, पीटीओ और आरआइ की टीम बनाकर अभियान चलाया जा रहा है। इन पर रिफ्लेक्टर लगाने की कार्रवाई की जा रही है। तूतीबारी, नौतनवा, कोल्हुई, फरेंदा, निचलौल, घुघली, परतावल सहित विभिन्न मार्गों पर अप्रैल से अब तक 225 वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाए जा चुके हैं।

# चालकों ने सीखी यातायात के नियमों की बारीकियां



उपसंभागीय परिवहन अधिकारी कार्यालय में चालकों को प्रशिक्षण देते एआरटीओ आरसी भारती ( दाएं से चौथे ) ● जागरण

- **दैनिक जागरण के तत्वावधान में 50 चालकों का हुआ प्रशिक्षण**
- **उपसंभागीय परिवहन कार्यालय में आयोजित हुआ कार्यक्रम**

**जासं, महराजगंज** : उपसंभागीय परिवहन अधिकारी कार्यालय महराजगंज में शुक्रवार को दैनिक जागरण के तत्वावधान में 50 वाहन चालकों को प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान उपसंभागीय परिवहन अधिकारी आरसी भारतीय ने स्कूल बसों के चालकों को वाहन चलाते व बच्चों को उतारते समय सतर्कता बरतने के बारे में बताया। कहा कि वाहन चालकों की लापरवाही से अक्सर दुर्घटनाएं होती हैं। जिसका खामियाजा मासूम लोगों को भुगतना पड़ता है। ऐसे में वाहन चलाते समय पूरी सावधानी बरतें। यातायात नियमों का पालन कर हम बड़ी संख्या में होने वाली दुर्घटनाओं से बच सकते हैं।

चालकों से एआरटीओ ने कहा कि रोड पर जगह-जगह रिफलेक्टर व संकेतक लगाए गए हैं। कोहरे के समय इसको ध्यान पूर्वक देखते रहें। कोहरे के चलते अधिक दूरी तक वाहन दिखाई नहीं देते हैं। जिसके चलते प्रायः दुर्घटनाएं होती हैं। आबादी बहुल क्षेत्रों में व स्कूल, कालेजों के समीप वाहनों की रफ्तार धीमी रखें।

प्रायः देखने को मिलता है कि स्कूल से अचानक निकलते बच्चे तेज रफ्तार वाहनों की चपेट में आ जाते हैं जिससे बड़ी दुर्घटना हो जाती है। जिले की विभिन्न सड़कों पर 28 ब्लैक स्पाट चिह्नित किए गए हैं। इन दुर्घटना बहुल क्षेत्रों में वाहन चलाते समय अतिरिक्त सावधानी बरतें। प्रशिक्षण के दौरान सुरेश चंद्र, महेंद्र कुमार, रामकृति राम, रामनगीना आदि उपस्थित रहे।

# जांच में 20 वाहन चालकों का चालान

**जासं, निचलौल** : पुलिस क्षेत्राधिकारी सूर्य बली मौर्य ने उपनगर के मुख्य तिराहे पर यातायात नियमों का पालन न करने वालों को नियमों का पाठ पढ़ाया। निर्देश दिया कि क्षेत्र में बिना हेलमेट के कोई भी व्यक्ति गाड़ी न चलाए। इस दौरान तीन लोगों को हिदायत देकर छोड़ा गया। जबकि 20 वाहनों का चालान काटा। बिना हेलमेट के गाड़ी चला रहे लोगों को घर से हेलमेट मंगाने पर ही छोड़ा गया। सीओ ने बताया कि यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित करने में सभी का योगदान होना चाहिए। एसआई अरुण कुमार ,बृजेश यादव आदि उपस्थित रहे।

नौतनवा संवाददाता के अनुसार नगर के गांधी चौक पर सीओ अनुज कुमार सिंह के नेतृत्व में यातायात जागरूकता अभियान चलाया गया। हेलमेट, सीट बेल्ट लगाने के लिए जागरूक किया गया। सीओ ने कहा कि यातायात माह के तहत सड़क सुरक्षा- जीवन रक्षा अभियान चलाकर चालकों को नियमों के पालन की हिदायत दी गई। वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल न करने का सुझाव दिया। थानाध्यक्ष सत्यप्रकाश सिंह, चौकी प्रभारी ओम प्रकाश गुप्ता, उपनिरीक्षक धीरज कुमार, मृत्युंजय तिवारी, संदीप उपस्थित रहे। ठूठीबारी संवाददाता के अनुसार स्वामी विवेकानंद इंटरमीडिएट कालेज में यातायात जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान का शुभारंभ एसएचओ ठूठीबारी जय प्रकाश सिंह यादव ने किया।



निचलौल में बाइक सवार को हेलमेट पहनाते पुलिस क्षेत्राधिकारी सूर्यबली मौर्य ● जागरण

- बिना हेलमेट बाइक चला रहे लोगों को घर से मंगाना पड़ा हेलमेट
- सुरक्षित यातायात के लिए सीओ ने लोगों को किया जागरूक

# एसपी ने साप्ताहिक परेड में लगवाई दौड़



पुलिस लाइन में परेड का निरीक्षण करते एसपी डा. कौस्तुभ (बाएं से दूसरे) ● जागरण

**जासं, महराजगंज**: पुलिस लाइन में आयोजित साप्ताहिक परेड में पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ ने पुलिसकर्मियों से दौड़ लगवाई। इस दौरान उन्होंने पुलिस अधिकारियों को उत्तम स्वास्थ्य के टिप्स भी दिए।

शुक्रवार को लाइन स्थित परेड ग्राउंड पर होने वाली साप्ताहिक परेड में पुलिस अधीक्षक ने परेड की सलामी ली। थाना पुलिस, फील्ड यूनिट का निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया, देखरेख व कुशल संचालन का निर्देश दिया। परेड के दौरान पुलिसकर्मियों से शस्त्र संचालन का अभ्यास कराया। साथ ही अधिकारियों व कर्मचारियों को कर्तव्यों का सही प्रकार से निर्वहन करने, जनता के साथ सद्व्यवहार करने के लिए प्रेरित किया। क्वाटर गार्ड के निरीक्षण के दौरान गार्ड की सलामी ली। शस्त्रागार, भोजनालय, बैरक, पुलिस लाइन परिसर का निरीक्षण किया। मेस में सफाई के निर्देश दिए। विभिन्न रजिस्टरों का अवलोकन किया। प्रतिसार निरीक्षक मनोज कुमार मौजूद रहे।

# 163 वाहनों का चालान

**जासं, महराजगंज**: यातायात नियमों के उल्लंघन मामले में पुलिस ने शुक्रवार को विभिन्न थाना क्षेत्रों से 163 वाहनों का चालान किया है। इसके अलावा चार लापरवाह वाहन चालकों से 3500 रुपये का जुर्माना भी वसूल किया है। पुलिस वाहन चालकों के विरुद्ध सख्त अभियान चला रही है।

# 18 लोगों पर शांतिभंग की कार्रवाई

**जासं, महराजगंज**: : जनपदीय पुलिस ने विभिन्न मामलों में शांति भंग की आशंका में 18 लोगों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद उन्हें न्यायालय भेजा गया, जहां से उन्हें जमानत मिल गई।

# नहीं मिल रहा पुलिस का मोनोग्राम

## सिपाहियों से अधिकारियों तक को मोनोग्राम लगाने का है आदेश

**जागरण संवाददाता, महराजगंज :** पुलिस झंडा दिवस से सिपाहियों सहित आइपीएस रैंक तक के पुलिस अधिकारियों को वर्दी पर पुलिस का मोनोग्राम लगाने का आदेश है। प्रदेश मुख्यालय से मिले निर्देश के बाद जिले में इसकी शुरूआत भी हो चुकी है। लेकिन जिले के वर्दी स्टोर पर मोनोग्राम की अनुपलब्धता के कारण अभी भी सैकड़ों पुलिसकर्मी चाहकर भी आदेश का पालन नहीं कर पा रहे हैं। ऐसे में प्रतिदिन पुलिसकर्मी जिला मुख्यालय स्थित वर्दी स्टोर का चक्कर लगा रहे हैं।

पुलिस झंडा दिवस 23 नवंबर से सभी पुलिसकर्मियों को मोनोग्राम लगाने का आदेश दिया गया है।

> वर्दी पर मोनोग्राम सभी पुलिसकर्मी के लिए अनिवार्य है। यह आनलाइन भी मिल रहा है। वर्दी स्टोर पर भी जल्द ही इसकी उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी।
>
> **डा. कौस्तुभ**, एसपी महराजगंज

पुलिस महानिदेशक की ओर से जारी इस आदेश का अनुपालन कराने के लिए झंडा दिवस के दिन पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ ने अपर पुलिस अधीक्षक और अन्य अधीनस्थ पुलिसकर्मियों को मोनोग्राम लगाकर इसका शुभारंभ भी कर दिया। वर्तमान समय में वर्दी स्टोर पर इसकी अनुपलब्धता के चलते पुलिसकर्मियों को मोनोग्राम नहीं मिल पा रहा है।

**ऐसा होता है पुलिस का मोनोग्राम :** पुलिस के मोनोग्राम में पुलिस कलर (नीले व लाल रंग) का उपयोग किया गया है, और उसमें अशोक की लाट के नीचे सत्यमेव जयते लिखा है। नीचे उत्तर प्रदेश पुलिस लिखा है। पुलिसकर्मियों को इसे वर्दी में दाहिनी ओर सीने पर नेमप्लेट के ऊपर धारण करने का आदेश है। अभी पुलिस अधिकारी व कर्मी वर्दी में बाजू पर उत्तर प्रदेश शासन का चिह्न धारण करते हैं। प्रतिसार निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि पुलिस का मोनोग्राम अब पुलिस की वर्दी का एक अंग है। इसे आनलाइन भी मंगाया जा सकता है।

# दोषसिद्ध बंदी को मिली निश्शुल्क विधिक सहायता

जासं, महराजगंजः जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव असगर अली ने शुक्रवार को जिला कारागार का निरीक्षण किया। इस दौरान विभिन्न माम्लों में जिला कारागार में निरुद्ध बंदियों से सचिव ने जानकारी ली। दोष सिद्ध बंदियों में से एक बंदी को निश्शुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराई गई।

सचिव ने सर्वप्रथम कारागार में बंद कुल 916 बंदियों के संबंध में जेल अधीक्षक प्रभात कुमार सिंह से जानकारी ली। सचिव ने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से ऐसे सभी बंदियों को विधिक सहायता उपलब्ध कराई जाती है, जो जरूरतमंद हैं। इस दौरान जेलर आदित्य कुमार, डिप्टी जेलर रंजीत यादव, हेमंत कुमार गुप्ता और संतशरण यादव मौजूद रहे।

# मासूम की हत्या में तीन को उम्रकैद

## दंपती ने तांत्रिक के साथ भाई के बच्चे का काट दिया था गला

**जासं, महराजगंज** : तांत्रिक की बातों में आकर भाई के डेढ़ वर्षीय पुत्र उपेंद्र की गला काटकर हत्या के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश पवन कुमार श्रीवास्तव ने दंपती समेत तीन लोगों को दोषी माना है। तीनों को आजीवन कारावास की सजा से दंडित करते हुए 30-30 हजार रुपये के अर्थदंड भी लगाया है।

- **अपर सत्र न्यायाधीश ने 11 वर्ष पुराने मामले में सुनाया फैसला**
- **लखिमा गांव के तांत्रिक के कहने पर मासूम की चढ़ाई थी बलि**

सहायक लोक अभियोजक सर्वेश्वर मणि त्रिपाठी ने बताया कि वर्ष तीन जुलाई 2011 को श्यामदेउरवा थाना क्षेत्र के सोहसा बांसपार गांव में घर में सो रहे सरवन के डेढ़ वर्षीय पुत्र उपेंद्र की गला काटकर हत्या कर दी गई थी। मामले की जांच में पुलिस ने उसकी ही बड़ी मां कौशल्या और बड़े पिता सुग्रीव के अलावा बगल के गांव लखिमा गांव निवासी तांत्रिक महेश को गिरफ्तार किया। मामले में आरोपपत्र न्यायालय में दाखिल हुआ। आरोपपत्र के मुताबिक तांत्रिक महेश ने सुग्रीव और कौशल्या को उसकी पुत्री अराधना के तंत्र-मंत्र से ग्रसित होने की बात बताते हुए उसका कारण उसके छोटे भाई की पत्नी को बताया था। समस्या के निस्तारण के लिए उसके पुत्र उपेंद्र के बलि चढ़ाने की बात कहीं थी। इसके बाद तीनों ने योजनाबद्ध तरीके से मासूम की गला काटकर हत्या कर दी। जिला न्यायालय ने इस मामले में साक्ष्य और गवाहों के आधार पर तीनों अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। यह घटना उस समय काफी चर्चा में रही थी।

# किशोरी का अपहरण कर दुष्कर्म के मामले में 10 वर्ष का कारावास

जासं, पुरंदरपुर : पुरंदरपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी के अपहरण और दुष्कर्म के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश विनय कुमार सिंह ने दोषसिद्ध अभियुक्त इद्रीश उर्फ नकछेद को 10 वर्षों का कारावास और 10 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। पत्रावली के मुताबिक छह मई 2013 को इस मामले में किशोरी के पिता ने पुरंदरपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए आरोपित के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की थी। जिसपर पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध जांच पूरी कर उसके विरुद्ध न्यायालय में चार्जशीट दाखिल किया था।

# गन्ना ढुलाई वाले वाहनों में रिफ्लेक्टर अनिवार्य

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**: गन्ना ढुलाई वाहनों में अब रिफ्लेक्टर पट्टी लगाना अनिवार्य किया गया है। गन्ना एवं चीनी आयुक्त संजय आर भूसरेड्डी ने दुर्घटनाओं से बचाव के लिए इस संबंध में निर्देश जारी किया है। उन्होंने कहा है कि सर्दियों में कोहरा छाया रहता है। इस कारण दृश्यता कम होने से दुर्घटनाएं होती हैं। इन दुर्घटनाओं से बचने के लिए रिफ्लेक्टर पट्टी लगाना अनिवार्य किया गया है।

आयुक्त ने कहा कि गन्ना किसानों की बुग्गी, बैलगाड़ी, ट्राली आदि में प्रायः रिफ्लेक्टर नहीं लगे होते अथवा ऐसे स्थान पर लगे रहते हैं कि जब उन पर गन्ना लाद दिया जाता है तो वे ढंक जाते हैं। इससे तेज गति से चलने वाले वाहनों से इनके दुर्घटनाग्रस्त होने की आशंका बनी रहती है। घटनाओं को रोकने के लिए ट्रैक्टर ट्रालियों के दोनों कोनों पर छह-छह इंच की लाल व पीले रंग की फ्लोरेसेंट पेंट तथा ट्रकों के अगले व पिछले बंपर पर लाल एवं पीले रंग की फ्लोरेसेंट पट्टियां लगाना अनिवार्य किया है।

# यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक

**नौतनवां।** छपवा तिराहे पर पुलिस क्षेत्राधिकारी अनुज कुमार सिंह के नेतृत्व में यातायात माह के तहत जागरुकता अभियान चलाया गया। इसमें हेलमेट पहनकर बाइक चलाने, नियमों का पालन करने, सीट बेल्ट लगाकर वाहन चलाने के लिए जागरूक किया गया। लाउड स्पीकर लगाकर यातायात जागरुकता गीत भी सुनवाया गया। थानाध्यक्ष सत्य प्रकाश सिंह, कस्बा चौकी प्रभारी ओम प्रकाश गुप्ता, एसआई संजय कुमार, जंग बहादुर यादव आदि मौजूद रहे। संवाद

# दुष्कर्म के दोषी को दस वर्ष का सश्रम कारावास

महराजगंज। विशेष न्यायाधीश अनन्य न्यायालय पॉक्सो अधिनियम विनय कुमार सिंह द्वितीय ने दुष्कर्म के मामले के अभियुक्त को दस वर्ष का सश्रम कारावास एवं दस हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

अभियोजन पक्ष के अनुसार मामला 6 मई 2013 का है। उस दिन किशोरी को युवक बहला फुसलाकर ले भगा ले गया था। काफी खोजबीन करने के बाद भी वह नहीं मिली। आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत हुआ और अभियोजक पक्ष की तरफ से साक्ष्य प्रस्तुत किया गया। विशेष लोक अभियोजक पॉक्सो विनोद सिंह ने अभियुक्त को कड़ी सजा दिलाने की मांग की। पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर न्यायालय ने अभियुक्त को दस वर्ष का सश्रम कारावास व दस हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड न अदा करने पर अभियुक्त को 6 माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी पड़ेगी। संवाद

# हत्या के तीन दोषियों को आजीवन कारावास

संवाद न्यूज एजेंसी

महराजगंज। अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या तीन पवन कुमार श्रीवास्तव ने शुक्रवार को अभियुक्त सुग्रीव व कौशल्या निवासी ग्राम सोहसा बांसपार और महेश निवासी ग्राम लखिमा बड़ाटोला को हत्या का दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। इन पर 30-30 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है।

### तीन जुलाई 2011 को हुई थी डेढ़ साल के मासूम की हत्या

अभियोजन पक्ष के अनुसार, अभियुक्तों ने 3 जुलाई 2011 को पीड़ित के घर पर सो रहे डेढ़ वर्षीय पुत्र उपेंद्र को धारदार हथियार से वार कर मार डाला था। सुग्रीव व कौशल्या वादी सरवन के सगे बड़े भाई व भाभी हैं। अभियोजन पक्ष के अनुसार महेश सोखइती करता था। सुग्रीव व कौशल्या को विश्वास दिलाया कि सरवन की पत्नी सुनीता ने अभियुक्ता कौशल्या की पुत्री अराधना के उपर तंत्रमंत्र कर दिया है।

जिसका बदला लेने के लिए अभियुक्तगण ने वादी के डेढ़ वर्षीय बालक की हत्या कर दी। उक्त मामले में स्थानीय थाने द्वारा मुकदमा पंजीकृत करके अभियुक्तों के विरुद्ध आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। सहायक लोक अभियोजक सर्वेश्वर मणि त्रिपाठी ने अभियुक्तगण को कड़ी सजा दिलाने की मांग की। सुनवाई के बाद न्यायालय ने पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर सुग्रीव, कौशल्या और महेश को हत्या के मामले में आजीवन कारावास व 30-30 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदंड अदा न करने पर अभियुक्तों को 3-3 माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

# जिला जेल के 916 बंदियों में से 732 विचाराधीन

## केवल 184 सजायाफ्ता कैदी हैं जिला कारागार में, समय पूर्व रिहाई के चार पात्र कैदी मिले

संवाद न्यूज एजेंसी

महराजगंज। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव असगर अली ने शुक्रवार को जिला कारागार का निरीक्षण किया तो न्यायिक प्रक्रिया की एक बड़ी विसंगति सामने आई।

जेल में कुल 916 बंदियों में से 732 विचाराधीन हैं। जबकि केवल 184 सजायाफ्ता हैं। निरीक्षण में यह भी पता चला की पांच विचाराधीन बंदी धारा-436 ए दंड प्रक्रिया संहिता के तहत रिहा होने योग्य हैं। इस संबंध में जेल अधीक्षक को निर्देशित किया गया।

सचिव ने बताया कि जेल में समय पूर्व रिहाई के पात्र चार बंदी मिले हैं। इनमें से किसी का भी प्रार्थनापत्र जेल स्तर पर लंबित नहीं है। जबकि चार बंदी ऐसे हैं, जिनकी समयपूर्व रिहाई के प्रार्थनापत्र जिला मजिस्ट्रेट स्तर पर लंबित हैं। इ

स माह किसी भी बंदी को पैरोल पर रिहा नहीं की गई। निरीक्षण में यह

### एक कैदी को मानसिक बीमारी के कारण मानसिक अस्पताल में किया गया स्थानांतरित

तथ्य भी संज्ञान में आया कि जेल में तीन कैदी ऐसे निरुद्ध हैं, जो अपनी मुख्य सजा को पूरा कर चुके हैं, लेकिन जुर्माने की धनराशि अदा न करने के कारण जेल में हैं।

इस माह जेल में आठ बंदियों को पैनल अधिवक्ताओं के रूप में निशुल्क विधिक सहायता प्रदान की गई। जेल में मानसिक रूप से 6 विचाराधीन एवं दो दोष सिद्ध बंदी पाए गए और एक बंदी को मानसिक बीमारी के कारण मानसिक अस्पताल में स्थानांतरित किया गया। इस माह जेल अस्पताल में 25 बंदी भर्ती मिले।

निरीक्षण में यह तथ्य भी संज्ञान में आया कि दोष सिद्ध 25 ऐसे बंदी बंद हैं, जो अपनी मूल सजा का आधा भाग या उससे अधिक अवधि व्यतीत कर चुके हैं। जेल में तीन आजीवन कारावास से दोष सिद्ध बंदी हैं, जो 14 वर्ष की जेल अवधि पूरी कर चुके हैं, उनकी अपील उच्च न्यायालय में लंबित है।

सचिव ने जेल अस्पताल, पाकशाला, किशोर सदन, महिला बैरक का निरीक्षण किया। इस दौरान जेल अधीक्षक प्रभात कुमार सिंह, जेलर आदित्य कुमार सिंह, डिप्टी जेलर रंजीत यादव, पराविधिक स्वयं सेवक हेमंत कुमार गुप्ता, संत शरण यादव आदि मौजूद रहे।



शुक्रवार को जिला जेल का निरीक्षण कर बाहर आते विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव जिला असगर अली। संवाद

# पराली जलाने पर 142 किसानों को नोटिस, तीन पर मुकदमा दर्ज

**महराजगंज।** किसानों को खेत में पराली न जलाने के लिए गोष्ठी व अन्य माध्यम से जागरूक किया जा रहा है। इसके बाद भी किसानों द्वारा पराली जलाई जा रही है। सदर तहसील प्रशासन ने कड़ा रुख अख्तियार करते हुए अब तक 142 किसानों को नोटिस भेजकर जवाब तलब किया है। दो किसानों से 12,500 रुपये का जुर्माना वसूला गया। तीन किसानों पर प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

सदर तहसीलदार राजेश कुमार ने बताया कि किसानों को जागरूक करने के मकसद से सदर तहसील क्षेत्र में अब तक 443 स्थानों पर गोष्ठी आयोजित की जा चुकी है।

किसानों को बताया जा रहा है कि खेत में पराली जलाने से खेत के मित्र किट नष्ट हो जाते हैं। जिससे खेत की पैदावार प्रभावित होती है। यही नहीं, प्रदूषण का भी खतरा रहता है। जागरुकता के बाद जांच के दौरान पराली जलाते पाए जाने पर 142 किसानों को नोटिस दिया गया है। संवाद

# BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 26-11-2022

# जानलेवा हमले के तीन आरोपी गिरफ्तार

**बभनान।** पैकोलिया पुलिस ने शुक्रवार को कुर्दा गांव के पास से जानलेवा हमले के मामले में वांछित चल रहे तीन लोगो को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने तीनो को न्यायालय के समक्ष पेश किया जहां से जेल भेज दिया गया। पैकोलिया के थानाध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह ने बताया कि शुक्रवार को मुसहा के चौकी इंचार्ज हरीराय, कांसटेबल मनोज कुमार, श्याम सिंह यादव, संगम प्रजापति एवं आनंद यादव के साथ कुर्दा निवासी कुतबुद्दीन पुत्र जलालुद्दीन, मुस्थफीजुर्रहमान व आमिर फहद को गिरफ्तार कर लिया गया। तीनों के विरूद्ध धारा 147, 148, 149, 308, 323, 504, 506, 325 आईपीसी के तहत मुकदमा पंजीकृत था। पुलिस उनकी तलाश कर रही थी।

# चार वांछित अभियुक्त चढ़े पुलिस के हत्थे

**बस्ती।** थाना कोतवाली में वांछित चल रहे चार अभियुक्त पुलिस के हत्थे चढ़ गये है। चारो को पुलिस पुलिस हिरासत में लेते हुए अग्रिम कार्यवाही के लिए माननीय न्यायालय रवाना कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार थाना कोतवाली पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली के धारा 436, 506, 427 आईपीसी से संबंधित चार अभियुक्त बैरिहवा तिराहे पर मौजूद है। सूचना पर पुलिस ने आरोपी राजेंद्र उर्फ राजू पुत्र रामदेव, सौरभ, गौरव, अमित पुत्रगण राजेंद्र उर्फ राजू निवासीगण आवास विकास कलोनी, कटरा थाना कोतवाली को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार करने के दौरान पुलिस टीम में प्रभारी चौकी रौता उप निरीक्षक संतोष कुमार सिंह, मुख्य आरक्षी महेंद्र यादव, आरक्षी गौरव कुमार यादव चौकी रौता थाना कोतवाली शामिल रहे।

# नाबालिक से दुष्कर्म के मामले में वांछित गिरफ्तार

**बस्ती।** लड़की को बहला फुसला कर ले जाने के बाद उसके साथ दुष्कर्म करने के मामले में वांछित अपराधी को पुरानी बस्ती पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार किया। अभियुक्त के विरूद्ध थाने से औपचारिकताओं को पूर्ण कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। जानकारी के अनुसार जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत पुरानी बस्ती थाने पर एक अभियुक्त के विरूद्ध नाबालिक लड़की को बहला फुसला कर भगा ले जाने तथा उसके साथ दुष्कर्म करने के मामले में धारा 366, 363, 376 (3) आईपीसी एवं 5़6 पाक्सो एक्ट के तहत मुकदमा पंजीत करते हुए गिरफ्तारी के लिए टीम गठित की गयी थी। शुक्रवार को मुखबिर से आरोपी के क्षेत्र में मौजूद होने की सूचना पुरानी बस्ती को मिली। जिसके बाद पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए आरोपी जितेंद्र कुमार पुत्र सुभई निवासी पुराना डाकखाना गांधीनगर थाना कोतवाली को स्टेशन तिराहे के पास से गिरफ्तार करते हुए कार्यवाही के लिए माननीय न्यायालय भेज दिया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक रमेश यादव, मुख्य आरक्षी सर्वजीत यादव, आरक्षी नीतीश कुमार सिंह थाना पुरानी शामिल रहे।

# महिला की पिटाई करने के मामले में तीन पर केस

**दुबौला** । मामूली बात को लेकर कुछ लोगो ने मिलकर एक महिला को गालियां देते हुए लात घूंसो से जमकर पिटाई की गयी। आरोपी जाते जाते जान से मारने की धमकी भी दे गये। इस सम्बन्ध में पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने तीन लोगो को नामजद किया है। पैकोलिया थाने की पुलिस को तहरीर देकर कपूरपुर गांव निवासिनी निशा देवी पत्नी महेश मौर्य ने आरोप लगाया कि सुबह में वह अपने घर पर बैठकर चाय पी रही थी। इस दौरान मामूली बात को लेकर गांव की इन्दपति तथा बेटा सतीश व बेटी सन्ध्या घर पर आकर गालियां देने लगे। जिन्हे ऐसा करने से मना किया गया तो लोगो ने मिलकर उसे ढकेलकर जमीन पर गिरा दिया और लात घूंसो से जमकर पिटाई करने लगे। किसी तरह से आरोपियों के चंगुल से छूटकर शोर मचाने की कोशिश करने लगी लेकिन इन्द्रपती ने उसका मुंह दबा दिया और जान से मारने की धमकी देते हुए चले गये। मामले में पीड़िता की शिकायत पर पुलस ने आरोपी इन्द्रपती पत्नी बाबूलाल, आशीष पुत्र बाबूलाल और संध्या पुत्री बाबूलाल निवासीगण कपूरपुर थाना पैकोलिया के विरूद्ध मुकदमा पंजीत किया है।

# छात्र-छात्राओं को दिया यातायात नियमों की जानकारी

**हर्रैया(एसएनबी)**। यातायात माह के तहत शुक्रवार को कैलवरी आइडियल स्कूल महूघाट में थानाध्यक्ष शैलेश कुमार सिंह ने छात्र-छात्राओं को यातायात नियमो की जानकारी दिया। उन्होने यातायात नियमो के विषय में विस्तार से बताते हुए नियमो का पालन न करने पर होने वाली दुर्घटना और नियमो का पालन करने के फायदे बताए।

थानाध्यक्ष ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर आए दिन दुर्घटनाए होती रहती है जिसमे तमाम लोग घायल हो जाते है। साथ ही बहुत लोगो को अपनी जान गवानी पडती है। इसके अलावा अन्य मार्गो पर भी आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती है। थानाध्यक्ष ने कहा कि यातायात नियमों का पालन न करने से ही अधिकांश दुर्घटनाएं होती है। उन्होंने दोपहिया चालकों को हेलमेट तथा चार पहिया चालकों एवं उस पर बैठे यात्रियों को अनिवार्य रूप से सीट बेल्ट लगाने का सुझाव दिया। छात्र-छात्राओं से कहा कि वे लोग स्वयं भी यातायात नियमों को समझ कर उसका पालन करें तथा अपने परिजनों को भी पालन करने के लिए प्रेरित करें। इस दौरान विद्यालय की प्रबंधक सुजाता मसीह सहित विद्यालय की शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे।



छात्र-छात्राओं को यातायात नियमो की जानकारी देते थानाध्यक्ष शैलेश कुमार सिंह। फोटो : एसएनबी

# यातायात नियमों की शपथ दिलायी

**बस्ती (एसएनबी)।** सरस्वती विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रामबाग में यातायात माह नवम्बर के अन्तर्गत भैयाओं को यातायात नियमों का पाठ पढ़ाकर शपथ दिलाया गया। मुख्य अतिथि के रूप में यातायात प्रभारी कामेश्वर सिंह ने माँ सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित व पुष्प अर्पित किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अरविन्द सिंह ने मुख्य अतिथि को अंग वस्त्र और स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। संगीत टोली ने स्वागत गीत भी प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम के प्रारमभ में मुख्य अतिथि यातायात प्रभारी कामेश्वर सिंह ने यातायात के नियमों के उल्लंघन पर विभिन्न धाराओं की चर्चा करते हुए कहा कि सुरक्षित यातायात के लिए नियमों का पालन जरूरी होता है। अगर सभी लोग यातायात नियमों का पालन करें तो काफी हद तक सड़क दुर्घटनाओं पर रोक लगाई जा सकती है। कहा कि सड़क पर पद यात्री से लेकर भारी वाहन अपने लेन के प्रति ईमानदार नहीं है। ऐसे मे समाज के हर वर्ग को यातायात जागरूकता अभियान के माध्यम से ही जागृत किया जा सकता है। प्रधानाचार्य अरविन्द सिंह ने भी सभी भैयाओं को यातायात नियम पालन करने को कहा। उन्होंने कहा कि नाबालिग बच्चे वाहनों को न चलाए साथ ही ड्राइविंग करते समय मोबाइल से बातचीत न करें। विद्यार्थियों को सड़क में प्रवेश करने के नियम, सड़क में चलने के नियम, यातायात संकेत, सड़क दुर्घटना के कारण निवारण के साथ-साथ मोटर व्हीकल एक्ट के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। अंत में सभी को यातायात नियमों के प्रति निष्ठावान होने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के आचार्य विजय प्रताप पाठक, विनोद सिंह, राजीव श्रीवास्तव, अश्वनी पाण-डेय, अभिषेक यादव आदि उपस्थित रहे।

# छात्रों को पढ़ाया यातायात नियमों का पाठ

**बस्ती, निज संवाददाता।** सरस्वती विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रामबाग में शुक्रवार को यातायात माह के तहत छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों का पाठ पढ़ाया गया और शपथ दिलाई गई। छात्र-छात्राओं को सड़क पर सफर के दौरान यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया।

यातायात प्रभारी कामेश्वर सिंह ने यातायात नियमों के उल्लंघन पर विभिन्न धाराओं की चर्चा की। सुरक्षित यातायात के लिए नियमों का पालन जरूरी होता है। प्रधानाचार्य अरविन्द सिंह ने यातायात नियम पालन करने को कहा। संचालन सुयश मिश्रा ने किया। विजय प्रताप पाठक, विनोद सिंह, राजीव श्रीवास्तव, अश्वनी पांडेय, अंकित गुप्ता, उपेंद्र नाथ द्विवेदी, आशीष सिंह, रणजीत सिंह, मुख्य आरक्षी अजय सिंह, आरक्षी बबलू यादव, आरक्षी अभिषेक यादव आदि मौजूद रहे।

**यातायात नियमों की अनदेखी न करें : छावनी।** पं. परमेश्वर मिश्र यूनिक इंटर कॉलेज रामरेखा अमोढ़ा में शुक्रवार को सड़क सुरक्षा अभियान के तहत थानाध्यक्ष छावनी दुर्गेश पांडेय के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। प्रधानाचार्य कुलदीप गुप्ता ने संबोधित किया।



शुक्रवार को रामबाग स्कूल में यातायात नियमों का पालन करने के लिए छात्र-छात्राओं को शपथ दिलाते टीएसआई कामेश्वर सिंह। ● हिन्दुस्तान

## क्षेत्र के दो विद्यालयों में दी नियमों की जानकारी

**कप्तानगंज।** चौकी इंचार्ज महाराजगंज सर्वेश चंद्र चौधरी ने पिकौरा सानी स्थित संतकबीर इंटर कॉलेज तथा प्रताप स्पोर्ट्स नर्सरी विद्यालय पहुंच कर यातायात नियमों की जानकारी दी। वहां पर बच्चों से रूबरू होकर शपथ दिलाते हुए यातायात के नियमों का पालन करने की सलाह दी। प्रताप स्पोर्ट्स नर्सरी स्कूल के प्रबंधक सतीश सिंह आदि मौजूद रहे।

**कैलवरी हर्रैया में हुई यातायात कार्यशाला : हर्रैया।** कैलवरी आइडियल स्कूल महूघाट में यातायात कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रबन्धक सुजाता मसीह ने आये हुए अतिथियों के प्रति अभार जताया।

# कोर्ट के आदेश पर अपहरण व दुष्कर्म का केस

**बस्ती।** लालगंज पुलिस ने युवती को घर से उठा लेजाने, पूछने पर मारपीट करने व दुष्कर्म करने का केस दर्ज किया है। यह मुकदमा न्यायालय के आदेश पर दर्ज हुआ। तहरीर में एक व्यक्ति ने बताया कि उसकी विवाहित पुत्री को एक गांव के तीन लोग जबरन घर से उठा ले गए। पूछने पर मारपीट किया और बाद में दुष्कर्म कर छोड़ दिया। पुलिस ने विवेक व संदीप के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# महिला को धक्का देने पर केस

**पैकोलिया।** निशा देवी पत्नी महेश मौर्य निवासिनी कपूरपुर का पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि बुधवार सुबह के समय वह चाय पी रही थी। मेरे घर के सामने हमारे ही टिनशैड पर गांव के ही इन्द्रपती पत्नी बाबूलाल, इनके लड़के आशीष और लड़की संध्या आकर गालीगलौज करने लगे। इन तीनों मुझे चाय पीते समय धक्का दे दिया। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दिया है।

# दुष्कर्म का आरोपी हुआ गिरफ्तार

बस्ती। पुरानी बस्ती पुलिस ने दुष्कर्म के मामले में वांछित आरोपी को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि जितेंद्र पुत्र सुभई निवासी पुराना डाकखाना थाना कोतवाली पर नाबालिक लड़की को बहला-फुसलाकर भगाकर उसके साथ दुष्कर्म का केस दर्ज किया गया था। रेलवे स्टेशन बस्ती तिराहा से आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट भेज दिया गया है।

# तीन वारंटी दबोचे

बस्ती। पैकोलिया पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे तीन वारंटी को शुक्रवार को गिरफ्तार किया है।

थानाध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह ने बताया कि विभिन्न मामलों में वांछित कुतुबुद्दीन, मुस्थफीजुर्रहमान और आमिर फहद निवासी थाना पैकोलिया को कुर्दा गांव के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया है।

# दहेज उत्पीड़न मामले में केस

बस्ती। मुंडेरवा पुलिस ने दहेज उत्पीड़न समेत विभिन्न गांवों में हुई मारपीट के मामले में कई लोगों पर केस दर्ज किया है। भैंसा पांडेय निवासी राहुल तिवारी ने विष्णु प्रकाश, मनोज, राजीव, मनीष, गंगासागर, अनूप, सनूप पांडेय, प्रदीप, राहुल शर्मा व आदर्श पांडेय के खिलाफ परिवार को जान से मारने की धमकी मामले में तहरीर दी थी, पुलिस ने केस दर्ज किया है।

ग्राम कोहडवा में डीजे बजाने को लेकर हुई मारपीट के मामले में दिग्विजय की तहरीर पर पुलिस ने मारपीट व एससीएसटी एक्ट के तहत सूरज, गुरुसहाय, रामसागर, मीरादेवी के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# कातिलाना हमले में छह नामजद

**बस्ती।** कोतवाली क्षेत्र के कंपनीबाग स्थित सीडीओ आवास निकट एक व्यक्ति पर कातिलाना हमले के मामले में मुकामी पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की है। पिपरा गौतम गांव निवासी विनय प्रताप सिंह ने पल्लू, सैफी व सनम निवासी कंपनीबाग व तीन अज्ञात समेत छः के विरूद्ध तहरीर देकर नामजद कराया है। पुलिस ने मामले की जांचशुरू कर दी है।

# देवर व बहनोई पर दुष्कर्म का केस

**बस्ती।** कोतवाली पुलिस ने एक नव विवाहिता की तहरीर पर पति, देवर, सास, ननद व एक अन्य के खिलाफ महिला उत्पीड़न व दुष्कर्म करने का केस दर्ज किया है। महिला का आरोप है कि पति समेत परिजन दहेज के लिए प्रताड़ित करते हैं। कई बार मारपीट किया गया। देवर व बहनोई ने दुष्कर्म किया। पुलिस ने पांच नामजद के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# चहारदीवारी ढहाने का केस

**बस्ती।** कोतवाली पुलिस ने बैनामा शुदा जमीन पर बनी बाउंड्रीवाल को तोड़कर गिराने के मामले में केस दर्ज किया है। पुलिस को दी तहरीर में आलोक कुमार निवासी पिकौरा बक्स ने बताया कि रामकरन, रामा देवी, प्रिंस व रितिक निवासी पिकौरा बक्स ने उनके जमीन पर बनी चाहरदीवारी को तोड़ दिया।

# मारपीट के अलग-अलग मामलों में 15 पर मुकदमा

बस्ती, निज संवाददाता। मारपीट के पांच अलग-अलग मामलों में पांच थानों की पुलिस ने 15 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

जमीनी विवाद में वाल्टरगंज क्षेत्र के दौलतपुर गांव में विवाद हो गया। मंजू देवी ने पुलिस को तहरीर देकर गांव की संगीता, सविता, पल्लवी, सीमा पर गुरुवार को मारपीट व गाली गलौज का आरोप लगाया है। परसरामपुर पुलिस ने जमौलिया पांडेय निवासी तारा देवी पत्नी रामनरेश की तहरीर पर गांव के मुसे, बीमला, गेंदा के खिलाफ जान से मारने की धमकी देने के मामले में मुकदमा दर्ज किया है। आरोप है कि विपक्षी उसे व उसकी बहु आरती को गुरुवार को जमीनी विवाद को लेकर मारे-पीटे। पैकोलिया क्षेत्र के कपूरपुर निवासी निशा देवी ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि 23 नवम्बर को छप्पर रखने के विवाद को लेकर गांव की इंद्रपति, आशीष, संध्या ने उसे धमकी दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। गौर क्षेत्र के बलुआ निवासी सावित्री पत्नी रामतौल ने पुलिस को तहरीर देकर कहा है कि 23 नवम्बर को गांव के अखिलेश, सोनू, रंगीलाल, सावित्री देवी ने उसे पुरानी रंजिश को लेकर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।



शास्त्री चौक पर डिप्टी सीएम का पुतला फूंक नारेबाजी करते नाई समाज के लोग।

# डिप्टी सीएम का ओबीसी मोर्चा ने फूंका पुतला

बस्ती, निसं। राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग ओबीसी मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष ठाकुर प्रेमनंदबंशी के नेतृत्व में शुक्रवार को मोर्चा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक द्वारा नाई समाज पर कथित अभद्र टिप्पणी किए जाने के विरोध में शास्त्री चौक पर उनका पुतला फूंका।

इसके बाद जूलस की शक्ल में डीएम कार्यालय पहुंचकर राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा। ठाकुर प्रेमनंदबंशी ने कहा कि भाजपा सबका साथ सबका विकास की केवल बात करती है। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने एक चैनल के कार्यक्रम में नाई समाज पर अभद्र टिप्पणी किया। प्रदेश व देश भर के नाई समाज में स्वाभाविक आक्रोश है। उप मुख्यमंत्री को बर्खास्त किया जाए। आरके आर्तियन, साधना गौतम आजाद, प्रदीप ठाकुर, ठाकुर रामकिशोर, राम सुमेर, विनय, हृदय गौतम, राजमणि आदि विरोध प्रदर्शन में शामिल रहे।

# चार के विरुद्ध मुकदमा

**बस्ती:** सदर तहसील के हलक नंबर दो में तैनात राजस्व लेखपाल शीला प्रजापति ने वाल्टरगंज पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 24 नवंबर को वह बेलहरा गांव में पंकज कुमार सिंह पुत्र जीत बहादुर सिंह के शिकायती प्रार्थना पत्र के निस्तारण के लिए गई थी। खलिहान का निरीक्षण करते समय उस पर कब्जा जमाए संजय सिंह व उनके पुत्रों द्वारा उन्हें अपशब्द कहते हुए जान से मारने की धमकी दी गई। सरकारी अभिलेखों को छीन कर फाड़ दिया गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर भारत सिंह, आकाश सिंह, संजय सिंह व अभय प्रताप सिंह पर केस दर्ज किया है। (जासं)

# लोगों को किया जागरूक

**जासं, बस्ती :** यातायात अभियान के तहत शुक्रवार को राजकीय कन्या इंटर कालेज से महिला थाने पुलिसकर्मियों ने बाइक से जागरूकता रैली निकाली। रैली को एएसपी दीपेंद्र नाथ चौधरी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रभारी निरीक्षक महिला थाना भाग्यवती पांडेय के नेतृत्व में निकाली रैली गांधीनगर होते हुए कंपनी बाग, फौव्वारा तिराहा, रोहता, मालवीय तिराहा से होकर पुनः राजकीय कन्या इंटर कालेज में आकर समाप्त हुई।

# महिला को मारने-पीटने के मामले में तीन पर मुकदमा

**जासं, पैकोलिया, बस्ती :** पैकोलिया थानाक्षेत्र के कपूरपुर गांव में एक महिला को मारपीट कर घायल करने के मामले में तीन पर मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस को तहरीर देकर निशा देवी पत्नी महेश मौर्य ने बताया कि वह बुधवार को वह अपने टीनशेड वाले घर में बैठ कर चाय पी रही थीं। इसी बीच गांव की ही इंद्रपति पुत्र आशीष और पुत्री ने वहां पहुंचकर उन्हें अपशब्द कहने लगीं। मना करने पर आरोपितों ने उन्हें ढकेल दिया, जिससे वह गिर गई।

# भूमि विवाद को लेकर मारापीटा, मुकदमा

**बस्ती :** दौलतपुर गांव की रहने वाली मंजू देवी ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि भूमि विवाद को लेकर विपक्षीगणों द्वारा उन्हें अपशब्द कहते हुए मारा पीटा गया। पुलिस ने सविता देवी, संगीता देवी समेत चार लोगों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

# आग से पांच झोपड़ियां जलकर राख

**रामनगर, बस्ती :** सोनहा थाना क्षेत्र के नरखोरिया गांव के दुलहिन पुरवा में गुरुवार की रात अचानक आग लग गई। आग से पांच झोपड़ियां जलकर राख हो गई। आग सबसे पहले संतोष प्रजापति की झोपड़ी में लगी। झोपड़ी से आग की लपटें निकलते देख ग्रामीणों ने शोर मचाया। शोर सुनकर तमाम लोग एकत्रित हो गए। जब तक वह आग बुझाने के लिए कुछ प्रयास करते उससे पहले ही आग ने राम पल्टन, मंतराम, राम सुख व रामबचन की झोपड़ियों को भी अपनी चपेट में ले लिया। आग से भूसा, कंडा, लकड़ी आदि सामान जल गया। (जासं)

## मारपीट कर गंभीर चोट पहुंचाया, मुकदमा

**बस्ती:** नगर थाना क्षेत्र के पिपरागौतम निवासी विनय प्रताप सिंह ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि 23 नवंबर को सीडीओ आवास के पास सड़क पर खडे होने की बात को लेकर कुछ लोगों ने उनसे अभद्रता की और उन्हें जमकर मारा पीटा, जिससे गंभीर चोटें आईं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पल्लू, सैफी, सनम निवासीगण कंपनी बाग, कोतवाली व 5-6 व्यक्ति नाम पता अज्ञात पर केस दर्ज किया है।(जासं)

## चहारदीवारी गिराने व धमकी देने पर मुकदमा

**बस्ती:** कोतवाली क्षेत्र के पिकौरा बक्श मोहल्ला निवासी आलोक कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बैनामा शुदा जमीन जो उनकी मां गायत्री देवी के नाम से है। उस पर बनवाए गए चहारदीवारी को विपक्षीगणों ने तोड़ कर गिरा दिया। पूछने व मना करने पर अपशब्द कहते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रामकरन, रामा देवी, प्रिंस व रितिक निवासी पिकौरा बक्श गांधीनगर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।(जासं)

# यातायात की पाठशाला में बच्चों को बताए नियम

**रुधौली (बस्ती )।** प्रदेश पुलिस की ओर से यातायात माह के क्रम में शुक्रवार को रुधौली शांतिनगर वार्ड में स्थित प्रैक्सिस विद्यापीठ में यातायात की पाठशाला आयोजित हुई। पाठशाला में प्रभारी निरीक्षक रामकृष्ण मिश्र ने बच्चों को यातायात के नियम बताए।

कहा कि प्रत्येक वर्ष नवंबर को यातायात माह के रूप में मनाया जाता है। इस अभियान का उद्देश्य लोगों को यातायात सुरक्षा के प्रति जागरूक करना होता है। सड़क पर चलते समय सभी छात्र छात्राएं यातायात नियमों का पालन करें। साइकिल या पैदल चलते समय कतार बद्ध होकर चले न कि एक साथ। उन्होंने यह भी बताया कि नाबालिग छात्र छात्राएं बाइक चलाते पाए जाने पर उनके परिजनों पर तीस हजार रुपये तक का जुर्माना लगाए जाने का प्रावधान है। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य पंकज पांडेय ने छात्र-छात्राओं को यातायात के नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई। संवाद

# महिलाओं को उनके अधिकार की दी गई जानकारी

सेमरियावां। ब्लॉक सभागार में शुक्रवार को राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अभियान के तहत जेंडर आधारित भेदभाव के विरुद्ध स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने लाइव प्रसारण देखा। इसके साथ ही अभियान के क्रियान्वयन के बारे में जानकारी ली। एडीओ आईएसबी संतराम चौधरी ने बताया कि यह अभियान 25 नवंबर से 23 दिसंबर तक चलेगा। उन्होंने कहाकि हिंसा एक अपराध है तथा किसी को प्रताड़ित करना, गाली देना, अपमान करना एवं मानसिक रूप से परेशान करना हिंसा की श्रेणी में आता है।

उन्होंने यह भी कहा कि महिलाएं हिंसा के विरुद्ध आवाज उठाएं तथा हेल्प लाइन नंबर 1090, पुलिस सहायता 112 तथा साइबर सेल सहायता नंबर 1930 पर फोन कर शिकायत दर्ज कराएं। संवाद

# उप मुख्यमंत्री के बयान से नाई समाज में रोष, फूंका पुतला

## शास्त्री चौक पर जताया विरोध, राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग ओबीसी मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष ठाकुर प्रेमनन्दबंशी के नेतृत्व में मोर्चा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक द्वारा नाई समाज पर अभद्र टिप्पणी किए जाने के विरोध में शास्त्री चौक पर पुतला फूंका। और जुलूस के साथ डीएम कार्यालय पहुंचकर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन डीएम के प्रशासनिक अधिकारी को दिया।

ज्ञापन के बाद ठाकुर प्रेमनन्दबंशी ने कहा कि भाजपा सबका साथ सबका विकास की केवल बात करती है। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने एक चैनल के कार्यक्रम में नाई समाज पर अभद्र टिप्पणी की है। इससे प्रदेश और देश भर के नाई समाज में स्वाभाविक आक्रोश है। मांग की कि इस कृत्य के लिए उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक को बर्खास्त किया जाए।

इस मौके पर आरके आर्तियन, साधना गौतम आजाद, प्रदीप कुमार ठाकुर, ठाकुर रामकिशोर, राम सुमेर यादव, विनय कुमार, हृदय गौतम, राजमणि चौधरी, बुद्धेश राना, कालिका प्रसाद राठौर आदि शामिल रहे।



राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग ओबीसी मोर्चा ने उपमुख्यमंत्री का किया पुतला दहन। संवाद

# SIDDHARTH NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 26-11-2022

# सेफ्टी और सिक्योरिटी विषय पर गोष्ठी

**लोटन(एसएनबी)।** कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत किसान उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ठोठरी में शुक्रवार को पुलिस एंव एसएसबी द्वारा स्कूली छात्र एंव छात्राओं को सेफ्टी एंव सिक्योरिटी विषय पर गोष्ठी के माध्यम से जागरूक किया गया। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक के आदेश क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यविक्षण में, प्रभारी निरीक्षक देवनन्दन उपाध्याय एवं एसएसबी कमांडेंट परमात्मा सिंह एसएसबी निरीक्षक राजीव त्रिपाठी एवं उपनिरीक्षक प्रदीप कुमार चौहान व चौकी इंचार्ज हरिवंशपुर के नेतृत्व में किसान उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ठोठरी बाजार में सेफ्टी और सिक्योरिटी,विषयक महिला सशक्तिकरण, 1090,डायल 112 व अन्य विषयों पर गोष्ठी के माध्यम से शुक्रवार को बच्चों के साथ चर्चाएं की गई। जिसमें विद्यालय के प्रबंधक, प्रधानाचार्य, बच्चे व अन्य गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद रहे। इसके साथ ही गोष्ठी के बाद पुलिस एंव एसएसबी की संयुक्त टीम के साथ इंडो नेपाल बर्डर पर पैदल गस्त भी किया गया।

# वांछित अपराधियों को गिरफ्तार कर भेजा न्यायालय

**डुमरियागंज (एसएनबी)।** स्थानीय थाना में पंजीकृत मुकदमा संख्या 140/2022 धारा 498 ए, 306 आईपीसी व 3/4 डी.पी. एक्ट से संबंधित दो वांछित अभियुक्तगण को गिरफ्तार कर पुलिस ने न्यायालय भेज दिया। स्थानीय पुलिस क्षेत्राधिकारी राणा महेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार मिश्रा अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत डुमरियागंज थाने में पंजीकृत मुकदमे में दो वंचित अभियुक्तों को स्थानीय पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा दिया। अभियुक्तों में जैनुल्लाह पुत्र छोटे व श्रीमती मरेमा पत्नी जैनुल्लाह ग्राम औरातल थाना डुमरियागंज शामिल है। इस दौरान आरक्षी धीरज प्रजापति, आरक्षी तेज बहादुर यादव, आरक्षी अमन प्रतीक दूबे, आरक्षी चालक अवध, महिला आरक्षी सुषमा देवी मौजूद रही।

# पुलिस अधीक्षक ने परेड की सलामी ली

**सिद्धार्थनगर।**आज पुलिस लाइन्स में पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने साप्ताहिक परेड की सलामी ली,इसके बाद पुलिस बल की दौड़ कराई। एसपी ने टोली वार परेड ड्रिल का निरीक्षण करते हुए इसके बारे में जानकारी दिया और यू0पी0 112 पीआरवी वाहनों, परिवहन शाखा,व्यायामशाला, चिल्ड्रेन पार्क, आवासीय परिसर,



पुलिस कैंटीन आदि का निरीक्षण किया और उनके सुव्यवस्थित रखरखाव का निर्देश दिया। इस दौरान सीओ सदर अखिलेश वर्मा, भूत नाथ गुप्ता, आदि उपस्थित रहे।

# युवक ने फांसी लगाकर दी जान, पत्नी व ससुराली आरोपित

**गोल्हौरा (एसएनबी)।** थाना क्षेत्र के ग्राम नागापार में एक नव विवाहित युवक ने फांसी लगाकर अपनी जान गंवा दिया। मृतक के स्वजनों ने उसकी पत्नी व ससुराल वालों पर आत्महत्या के लिए विवश करने का आरोप लगाया है। मुकामी थाने की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेज दिया है और मृतक के पिता की तहरीर पर केस दर्ज कर छानबीन में जुट गई है। घटना बृहस्पतिवार देर सायं की है। गोल्हौरा थाना क्षेत्र के उक्त गांव निवासी मोहम्मद रफीक इदरीसी ने पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया कि उसका पुत्र मोहम्मद इमरान (23) ने ससुराल व पत्नी के प्रताड़ना से घर के बंद कमरे में सुसाइड नोट लिख कर दुपट्टा का फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया है। जिससे उसकी मृत्यु हो गई है। जिस पर थाना स्थानीय पर पुलिस ने मुअसं 152/2022 धारा 306 भादवि का अभियोग पंजीकृत कर लिया है। मौके पर थाना प्रभारी निरीक्षक छत्रपाल सिंह मय पुलिस बल के साथ पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर आवश्यक विधिक कार्रवाई में जुट गए हैं। मृतक के पिता रफीक की मानें तो 5 माह पूर्व उसके पुत्र इमरान की शादी बांसी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में हुई थी। पुत्र की पत्नी और ससुराल वाले लगातार उसे प्रताड़ित करते थे। जिसकी चिंतित व लाचार होकर उसने आत्महत्या कर लिया है। मौके पर पहुंचे सीओ इटवा हरिश्चंद्र ने कहा कि फंदे से लटकता हुआ युवक का शव मिला है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# नशीले पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए चलेगा अभियान





बैठक करते जिलाधिकारी। फोटो : एसएनबी

**सिद्धार्थनगर(एसएनबी)।** नशीले पदार्थों की तस्करी को रोकने के संबध में नारको को-आर्डिनेशन सेन्टर की बैठक जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में जिलाधिकारी कक्ष में सम्पन्न हुआ।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि मादक पदार्थो की तस्करी रोकने के लिए संबधित विभाग आपस में सूचनाओ का आदान प्रदान करे तथा समन्वय बनाकर प्रभावी कार्यवाही करे। इसके साथ ही संदिग्ध व्यक्त्यिों की सूची तैयार कर ले। जिलाधिकारी ने प्रतिबन्धित दवाओं की तस्करी रोकने का भी निर्देश दिया। बड़ी दुकानो की नियमित जांच करने को कहा। डीएलईए अधिकारियों का प्रशिक्षण कराये जाने के लिए समय निर्धारित कर प्रशिक्षण कराने का निर्देश व डीडी किट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने अपर पुलिस अधीक्षक को निर्देश दिया कि बार्डर के थाने सक्रिय रहे तथा संदिग्ध लोगो की जांच करे। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ, जिला आबकारी अधिकारी वीर अभिमन्यु कुमार, डिप्टी कमान्डेन्ट एसएसबी 43वी वाहिनी यशवन्त कुमार, आबकारी निरीक्षक मनोज कुमार शर्मा, संजय कुमार पाण्डेय, अजय कुमार, राम महेश, वरिष्ठ सहायक मुश्ताक अहमद, तथा अन्य संबधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

**जिलाधिकारी ने सुरक्षा एजेंसियों के साथ बैठक कर दिया आवश्यक दिशा निर्देश**

# फंदे से लटकता मिला युवक का शव, पत्नी सहित पांच पर केस

**सनसनी**

- गोल्हौरा थाना क्षेत्र के नागापार गांव की घटना
- मृतक के पिता की तहरीर पर दर्ज किया केस

**गोल्हौरा, हिन्दुस्तान संवाद।** गोल्हौरा थाना क्षेत्र के नागापार गांव में गुरुवार शाम एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटकता मिला। मृतक के पिता की तहरीर पर पत्नी, सास, ससुर, साला व एक अन्य पर केस दर्ज कर पुलिस छानबीन कर रही है।

नागरपार गांव निवासी इमरान (23) पुत्र रफीक की शादी जुलाई माह में बांसी क्षेत्र के तेलौरा की अफसाना पुत्री शरीफ से मुंबई में हुई थी। शादी के बाद इमरान पत्नी के साथ पैतृक गांव नागापार में आकर अपने मां-बाप के साथ रह रहा था। बताया जा रहा है कि शादी के बाद से ही पति-पत्नी के बीच कुछ तनाव चल रहा था। पत्नी अक्सर बगैर बताए मायके चली जाया करती थी। गुरुवार देर शाम गए इमरान घर के अंदर कमरे में गया और वह छत के पंखे से दुपट्टा के सहारे फंदा बनाकर लटक गया। कुछ देर बाद परिजन कमरे की ओर गए तो शव लटका देख शोर मचाया। ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। परिवार में कोहराम मच गया। किसी ने पुलिस को सूचना दे दी। सूचना पर थाने की फोर्स के साथ सीओ इटवा हरिशचंद्र भी मौके पर पहुंच गए। मृतक के पिता ने तहरीर देकर अपनी बहु व उसके मां-बाप, भाई व साला के साथ एक अन्य पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया। कहा कि प्रताड़ना से तंग आकर बेटे ने आत्महत्या कर ली है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शुक्रवार को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मृतक की पत्नी, सास, ससुर, साला व एक अन्य के खिलाफ धारा 306 के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गोल्हौरा थाना प्रभारी निरीक्षक छत्रपाल सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# यातायात नियमों की दी जानकारी

शोहरतगढ़। सूर्या कन्या इंटर कॉलेज बुढ़नइया पकड़ी में छात्राओं को यातायात नियमों की जानकारी यातायात प्रभारी अमरेश कुमार यादव ने शुक्रवार को दी। उन्होंने छात्राओं को यातायात संकेत, चार्ट पेपर व चित्र के माध्यम से समझाया। कहा कि वाहन चलाते समय यातायात के नियमों का पालन वाहन चालक को करना चाहिए।

उन्होंने सीट बेल्ट बांधने, हेलमेट लगाने और इंडिकेटर का प्रयोग करने का तरीका बताया गया। थानाध्यक्ष पंकज कुमार पांडेय ने बच्चों को यातायात नियमों के पालन करने का शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि सड़क पर चलते समय वाहन चालकों को तेज गति से नहीं चलाना चलाना चाहिए। मोबाइल का प्रयोग नहीं करना चाहिए।

# गिरोहबंद एक्ट के आरोपी को सजा

सिद्धार्थनगर। गिरोह बंद एवं समाज विरोधी क्रिया कलाप निवारण अधिनियम के तहत दोषी पाए जाने पर संतकबीरनगर जिले के एक आरोपी को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/एफटीसी सेकंड ब्रिजेश कुमार द्वितीय ने आरोप सिद्ध होने पर चार साल नौ माह की सजा सुनाई है। आरोपी पर 10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

मोहाना थाना की पुलिस द्वारा फैयाज पुत्र सोनी बंजार निवासी पुरवा जुर्बजोत थाना बखिरा जिला संतकबीर नगर के खिलाफ 2009 में गिरोह बंद एवं समाज विरोधी क्रिया कलाप निवारण अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया था। इसी मामले में दोष सिद्ध होने पर अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/एफटीसी सेकंड ने चार साल नौ माह की सजा सुनाई। जज ने 10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। अदा न करने पर एक माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।



डुमरियागंज के गुरुनानक एकेडमी में सड़क सुरक्षा नियमों के संबंध में बताती महिला एसआइ शाइस्ता खान ● जागरण



बांसी के सरदार पटेल इंटर कालेज में सड़क सुरक्षा की जानकारी देते एसआइ योगेश कुमार मणि ● जागरण



इटवा के बिस्कोहर स्थित एआइएस कोचिंग सेंटर पर छात्राओं को सड़क सुरक्षा संबंधित जानकारी देते मुख्य आरक्षी विनोद कुमार यादव ● जागरण

# सड़क सुरक्षा व नियमों को लेकर जागरूक किए गए विद्यार्थी

- जिले के पांच विद्यालयों में दी गई सड़क सुरक्षा से संबंधित जानकारी
- छात्रों ने दूसरों को भी प्रोत्साहित करने का लिया संकल्प

**जागरण टीम, सिद्धार्थनगर** : जागरण के सड़क सुरक्षा अभियान के तहत शुक्रवार को पांच विद्यालयों के छात्रों को जागरूक किया गया। संभागीय परिवहन विभाग, यातायात पुलिस व पुलिस जवानों ने इन्हें यातायात नियमों की जानकारी दी। सुरक्षित यात्रा करने की टिप्स दी। छात्रों को इसके लिए प्रोत्साहित किया। सभी ने संकल्प लिया कि वह दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे।

एआरटीओ कार्यालय के संभागीय निरीक्षक ब्रजेश कुमार ने रघुवर प्रसाद जायसवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज परिसर में छात्रों को जागरूक किया। कहा कि समय बहुमूल्य है लेकिन जीवन अमूल्य होता है। थोड़ा सा समय बचाने के लिए तेज रफ्तार में यात्रा नहीं करें। निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाएं। कार चालक सीट बेल्ट व बाइक चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करें। प्रधानाचार्य राकेश त्रिपाठी आदि मौजूद रहे। बांसी के सरदार पटेल इंटर कालेज में छात्रों को जागरूक किया गया। एसआइ योगेश मणि, कृष्ण चंद्र त्रिपाठी, प्रबंधक कृष्ण शंकर चौधरी, प्रधानाचार्य बालकृष्ण चौधरी, राजेश आदि मौजूद रहे। शोहरतगढ़ के सूर्या कन्या इंटर कालेज बुढ़नइया पकड़ी में सीओ जयराम व एसएचओ पंकज पांडेय ने जागरूक किया। यातायात प्रभारी अमरेश यादव ने मानचित्र से नियमों की जानकारी दी। रोशनलाल श्रीवास्तव, एसआइ सभाजीत मिश्रा, रमा यादव, अजय आदि मौजूद रहे। डुमरियागंज के गुरुनानक एकेडमी में एसआइ शाइस्ता खान ने छात्राओं को यातायात नियमों की जानकारी दी। इटवा के बिस्कोहर स्थित एआइएस कोचिंग सेंटर पर मुख्य आरक्षी विनोद यादव ने जागरूक किया।




रघुवर प्रसाद सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज परिसर में दैनिक जागरण के सड़क सुरक्षा अभियान के तहत नियमों की जानकारी देते संभागीय परिवहन विभाग के संभागी निरीक्षक ब्रजेश कुमार

# गैंगेस्टर के आरोपित को चार वर्ष की सजा

**जासं, सिद्धार्थनगर**: आपरेशन शिकंजा के तहत थाना मोहाना पुलिस के प्रभावी पैरवी से गैंगस्टर के आरोपित संतकबीर नगर जनपद के बखिरा थाना क्षेत्र दुर्गजोत बंजारा पुरवा निवासी फैयाज को कोर्ट ने चार वर्ष की सजा और दस हजार रुपये का अर्थदंड लगाया है। मोहाना पुलिस ने आरोपित पर गैंगस्टर की कार्रवाई की थी। मामले की सुनवाई अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ब्रिजेश कुमार द्वितीय कोर्ट ने सुनवाई के पश्चात उक्त सजा से दंडित किया। पैरवी अपर जिला शासकीय अधिवक्ता नीरज श्रीवास्तव व मोहाना थाने के न्यायालय के पैरोकार मुख्य आरक्षी सुरेन्द्र प्रसाद ने अहम भूमिका निभाई।



शोहरतगढ़ में सूर्या कन्या इंटर कालेज बुढनइया पकडी में नियमों की जानकारी देते सीओ जयरामसाथमें मौजूदएसएचओ पंकज कुमार पांडेय, यातायात प्रभारी अमरेश यादव ● जागरण

# गूंजा सड़क सुरक्षा का मंत्र

**जासं,सिद्धार्थनगर** : सड़क सुरक्षा को लेकर दैनिक जागरण द्वारा चलाए जा रहे अभियान की सर्वत्र सराहना हो रही है। इस अभियान के जरिये सुरक्षित यातायात को लेकर जिले की सड़कों, वाहनों व जिले में मौजूद संसाधनों की पड़ताल की है। साथ ही इस पर भी जोर दिया है कि किस तरह से जिंदगियां लापरवाही की भेंट चढ़ रही हैं। जागरण ने अपने इस मुहिम के तहत जिले के नामचीन हस्तियों से एक मुहिम छेड़ी है कि लोग सड़क सुरक्षा पर विशेष ध्यान दें। यातायात नियमों का पालन करें।

रंगकर्मी व आर्ट फिल्म निदेशक विजित सिंह का कहना है कि जागरण के इस अभियान की जितनी भी सराहना की जाए कम है। लोग जागरण के इस अभियान ध्यान दें। खुद यातायात नियमों का पालन करें और दूसरे से भी पालन करने के लिए कहें। प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष राधेरमण त्रिपाठी ने कहा कि यह अभियान लोगों के लिए एक सबक हैं। अपने विकास कार्यों को लेकर देश भर में चर्चित जिले के हसुड़ी औसानपुर के प्रधान दिलीप त्रिपाठी ने कहा कि अभियान के जरिये जागरण तमाम कमियों की तरफ ध्यान आकृष्ट किया है। उसमें सुधार कर तमाम जिंदगियों को बचाया जा सकता है। रोटरी क्लब के सचिव डा.अरुण प्रजापति व गुरुद्वारा समिति के अध्यक्ष तजिंदर उर्फ ड्यूक सिंह ने भी इस अभियान की सराहना की है।

# एसपी ने पुलिसकर्मियों संग लगाई दौड़

**जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर** : एसपी अमित कुमार आनंद शुक्रवार को साप्ताहिक परेड का निरीक्षण किया। कमियों को दूर करने का निर्देश दिया। पुलिसकर्मियों संग पुलिस लाइन में दौड़ लगाई। कैंटीन का निरीक्षण करते हुए कहा कि सभी सामान मानक के अनुसार उपलब्ध कराएं।

एसपी ने रिजर्व पुलिस लाइन में साप्ताहिक परेड की सलामी ली गई। इसके उपरांत पुलिस बल की दौड़ कराई गई एवं टोली वार परेड ड्रिल का निरीक्षण करते हुए जानकारी दी। यूपी 112 पीआरवी वाहनों, परिवहन शाखा, व्यायामशाला, चिल्ड्रेन पार्क,पुलिस लाइन में स्थित आवास व पुलिस कैंटीन आदि का निरीक्षण किया और सुव्यवस्थित रखरखाव हेतु निर्देशित किया। एसपी ने कहा कि सभी जवान अपने को फिट रखने के लिए नियमित शारीरिक श्रम करते रहें।

# पहले भी पुलिस के दामन पर लग चुके हैं दाग

## कथेला समय माता के तत्कालीन थानाध्यक्ष और तीन पुलिसकर्मियों के निलंबन से हड़कंप

संवाद न्यूज एजेंसी

सिद्धार्थनगर। कठेला समय माता थाने के तत्कालीन थानाध्यक्ष सौदागर राय सहित तीन पुलिस कर्मियों को वसूली के आरोप में निलंबित करने से विभाग में हड़कंप है।

खाकी पर दाग लगने का यह मामला नया नहीं है। पहले भी रुपये लेने और उसकी मांग करने के मामले में थानाध्यक्ष निलंबित किए जा चुके हैं।

एसपी अमित कुमार आनंद ने बताया कि कठेला समय माता थाने के तत्कालीन थानाध्यक्ष सहित तीन पुलिस कर्मी जांच में दोषी पाए गए। इसके पर इन पर कार्रवाई की गई है। जो गलत कार्य करेगा उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### कठेला के थानाध्यक्ष सहित तीन पुलिसकर्मियों पर वसूली का आरोप

### कोतवाल का ऑडियो वायरल

पांच माह डुमरियागंज के तत्कालीन थानाध्यक्ष का भूमि के कब्जे को लेकर रुपये के लेनदेन के बातचीत आडियो वायरल हुआ। सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बना तो एसपी ने एएसपी से मामले की जांच करवाई और थानाध्यक्ष को निलंबित कर दिया।

### रिश्वत मामले में निलंबित हुए थे थानाध्यक्ष

ढाई वर्ष पहले जोगिया कोतवाली में तैनात कोतवाल का भूमि विवाद से जुड़े मामले में रिश्वत लेने का ऑडियो वायरल हुआ था। इसमें लाखों रुपये के लेनदेन की बात थी। जांच के बाद कोतवाल को निलंबित कर दिया गया था।

### रिश्वत लेते वायरल हुआ था वीडियो

जोगिया कोतवाली में ही ढाई वर्ष पूर्व थाने के सामने एक झोपड़ी में एक मामले को लेकर रुपये लेते हुए वीडियो वायरल हुआ था। इस मामले में तत्कालीन एसपी राम अभिलाष त्रिपाठी ने निलंबन की कार्रवाई की थी।

### रुपये के लेने के आरोप में गई थानेदारी, अब केस

कठेला समय माता थाने के तत्कालीन थानाध्यक्ष रहे निरीक्षक सौदागर राय पर दो अगस्त को एक लड़की के मामले में केस से बाहर करने के नाम पर रुपये लेने का आरोप लगा था। इसमें मामले में उन्हें निलंबित कर दिया गया था। जांच में 65 हजार रुपये लेने की पुष्टि हुई। जांच अधिकारी सीओ रुधौली जनपद बस्ती की रिपोर्ट पर निरीक्षक सौदागर राय सहित तीन पुलिस कर्मियों पर केस दर्ज किया गया। साथ ही लापरवाही के मामले में पांच अन्य को लाइनहाजिर कर दिया गया।

# विद्यालय में लगाई यातायात की पाठशाला

पकड़ी बाजार। जोगिया ब्लॉक क्षेत्र के सूर्या कन्या इंटर कॉलेज बुढ़नईया पकड़ी पर शुक्रवार को बच्चों को यातायात नियम की जानकारी दी गई। स्कूली बच्चों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई।

सीओ शोहरतगढ़ जयराम ने कहा कि सड़क पर चलते समय यातायात नियमों का सही ढंग से पालन न करने से आए दिन हादसे हो रहे हैं।

सड़क पर चलते समय यातायात नियमों का पालन करें और अपने परिवार के लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करें।

थाना प्रभारी निरीक्षक पंकज पांडेय, यातायात प्रभारी अमरेश कुमार, प्रदुम्न शर्मा, प्रधानाचार्य लोकेश धर दुबे मौजूद रहे। संवाद

# आत्मरक्षा की दी गई जानकारी

लोटन। कोतवाली क्षेत्र के हरिवंशपुर किसान उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में छात्राओं के लिए जागरुकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें उन्हें आत्मरक्षा कैसे करें, इसके बारे में जानकारी दी गई।

पुलिस और एसएसबी के संयुक्त गोष्ठी में सेफ्टी और सिक्योरिटी, महिला सशक्तिकरण, 1090, डायल-112 व अन्य विषयों पर छात्राओं को जानकारी दी गई, उन्हें आत्मरक्षा का गुर बताया गया। इंडो-नेपाल बॉर्डर पर पैदल मार्च भी किया गया।

गोष्ठी में विद्यालय की छात्रा रेश्मा, प्रतिभा पांडेय, रेनू श्रीवास्तव, आशा रानी, प्रमिला, ज्योत्सना देवी, शालनी, विभा, जूली, प्रिया आदि मौजूद रहीं। संवाद

# SANT KABEER NAGAR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 26-11-2022

# एएसपी ने किया बेलहर थाने का निरीक्षण

बेलहर(एसएनबी)। थानों के क्रिया-कलाप एवं एसओ की कार्य प्रणाली को लेकर उच्चाधिकारियों द्वारा अक्सर फीडबैक लिया जाता है। शुक्रवार को एएसपी द्वारा बेलहर थाने का अर्धवार्षिक फीडबैक लिया गया। एएसपी संतोष कुमार सिंह ने बेलहर थाने का अर्धवार्षिक निरीक्षण कर थानाध्यक्ष को आवश्यक दिशा निर्देश दिए और फरियादियों के साथ अच्छा व्यवहार करने के लिए निर्देशित किया।

शुक्रवार को करीब डेढ़ बजे बेलहर थाने का अर्धवार्षिक निरीक्षण करने पहुंचे एएसपी संतोष कुमार सिंह द्वारा माल खाना, बंदीगृह, लाइन बैरक, मैस, महिला हेल्प डेस्क, कंप्यूटर कक्ष व थाना परिसर का बारीकी से निरीक्षण किया गया। इसके साथ ही नए पुराने अभिलेखों एवं जनसुनवाई रजिस्टर, भूमि विवाद रजिस्टर, अपराध रजिस्टर, आगंतुक रजिस्टर के साथ ही सभी अभिलेखों की बारीकी से जांच की एवं थानाध्यक्ष को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। एडिशनल एसपी ने एसओ अमित कुशवाहा व उप निरीक्षकों को लंबित अभियोगों की विवेचना में तेजी लाने के निर्देश दिए। एएसपी ने सबसे पहले लंबित विवेचना की समीक्षा की और पेंडिंग विवेचनाओं के निस्तारण के निर्देश दिए। वांछित बदमाशों को शीघ्र गिरफ्तार कर जेल भेजने के निर्देश दिए तथा माल घर और कंप्यूटर रूम का भी निरीक्षण किया गया। अभिलेखों को चेक किया और उनकी अपूर्णता पर पुलिस को हिदायत दी। इस दौरान एसओ अमित कुशवाहा एसआई विजय कुमार यादव, हरेश तिवारी, धर्मनाथ यादव, दिलीप कुमार, सुरेन्द्र कुमार, राजेश कुमार चौरसिया, विनय कुमार, गोविंद शरण, लालचंद, रवीन्द्र कुमार शुक्ल , संदीप यादव, दुर्गेश यादव, महिला कांस्टेबल संध्या सिंह, शिल्पा, प्रिया, रजनी तिवारी आदि पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# साप्ताहिक परेड का एसपी ने किया निरीक्षण

संतकबीरनगर (एसएनबी)। पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार द्वारा पुलिस लाइन परेड ग्राउण्ड में साप्ताहिक शुक्रवार परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया। परेड में सम्मिलित पुलिसकर्मियों के टर्नआउट को चेक करते हुए सभी अधिकारी/कर्मचारीगण को ड्यूटी के दौरान उच्चकोटि की वर्दी पहनने व जनता से मधुर व्यवहार स्थापित करने के लिए निर्देशित किया। निरीक्षण के पश्चात कर्मियों को शारीरिक रूप से फिट रहने हेतु दौड़ लगवाई गई व परेड के दौरान अनुशासन व एकरूपता के लिए टोलीवार ड्रिल कराई गई। परेड के उपरान्त जीडी कार्यालय, कैश कार्यालय, क्वार्टर गार्द, स्टोर रूम परिवहन शाखा आदि का निरीक्षण किया गया तथा पुलिस लाइन की बेहतर साफ-सफाई हेतु प्रतिसार निरीक्षक को निर्देशित किया गया। उन्होंने पुलिस लाइन के आदेश कक्ष में सभी गार्द रजिस्टरों को चेक करते हुए गार्द की सुरक्षा के संबंध में सभी गार्द कमांडरों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों पर शुक्रवार की परेड करायी गयी। इस दौरान परेड में क्षेत्राधिकारी लाइन श्रीमती दीपांशी राठौर, प्रतिसार निरीक्षक रजनीकान्त ओझा सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# पुलिस टीम पर फायर, गैंग लीडर समेत छह गिरफ्तार

संतकबीरनगर (एसएनबी)। औद्योगिक क्षेत्र में मुखबिर की सूचना अभियुक्तों को पकड़ने गयी पुलिस टीम पर एक आरोपी ने फायर झोंक दिया। किसी तरह से पुलिस टीम ने अपनी जान बचाते हुए गैंग लीडर समेत छह अंतर्जनपदीय अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से भारी मात्रा में चोरी का सामान बरामद हुआ।

पुलिस लाइन्स में पत्रकारों से वार्ता करते हुए एसपी सोनम कुमार ने बताया कि प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली खलीलाबाद सर्वेश राय व सर्विलांस की संयुक्त टीम द्वारा शुक्रवार को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि कुछ लोग औद्योगिक क्षेत्र में गोल्डन चौराहे के पास चाय की दुकान के पास बैठे हैं जो किसी घटना को कारित करने के उद्देश्य से एकत्रित है। इस सूचना पर प्रभारी निरीक्षक खलीलाबाद मय टीम द्वारा औद्योगिक क्षेत्र में गोल्डन चौराहे से पूर्व एक चाय की दुकान से करीब 20 से 25 मीटर पूर्व अपने वाहन को खड़ा कर छिपते हुए मौके पर पहुंचा गया। अचानक पुलिस वालों को देखकर दुकान की बायीं तरफ आड़ में बैठे लोग उठकर भागने का प्रयास किये। जिन्हें एकबारगी घेरकर पकड़ने का प्रयास किया गया। इतने में मौजूद लोगों में से एक ने तेजी से यह चिल्लाते हुए कि भागो पुलिस वाले हैं और जान से मारने की नियत से पुलिस वालों पर अपने हाथ में लिये असलहे से फायर झोंक दिया गया। जिससे पुलिस वाले बाल-बाल बच गये व उन्हें टेक्निकल हरकतों का प्रयोग कर अपने को बचाते हुए मौके से 06 नफर अभियुक्तों मो. शहजादे पुत्र स्व. अजीमुलहक निवासी मकान नं. 607 तुर्कमानपुर थाना राजघाट जनपद गोरखपुर, कमरुद्दीन पुत्र सलाहुद्दीन निवासी तुर्कमानपुर, आरिफ पुत्र मोईन निवासी पहाड़पुर, रिंकू उर्फ गौरव पुत्र सेवक निवासी हांसुपुर थाना राजघाट जनपद गोरखपुर, सौरभ राय पुत्र राजीव राय निवासी बढ़नी थाना धनघटा संतकबीरनगर तथा अभिमांशु सिंह पुत्र सूर्यविजय सिंह निवासी डोमहर मार्फी थाना सहजनवां जनपद गोरखपुर को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तों के पास से एक अदद पिस्टल 32 बोर देशी, एक अदद फायरशुदा खोखा कारतूस 32 बोर, एक अदद आला नकब राड, एक अदद पेचकस, दो अदद रिन्च, चोरी के जेवरात सफेद धातु 02 अदद पायल, चोरी के जेवरात पीली धातु (714 ग्राम), एक अदद एलईडी टीवी, आधार कार्ड, पैन कार्ड, विजटिंग कार्ड, एक अदद बैग, एक अदद पर्स, 29 हजार ₹ नकद बरामद किया गया है। आरोपियों को थाना कोतवाली खलीलाबाद प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली खलीलाबाद सर्वेश राय, उ.नि. राजेश यादव, उ.नि. हरेन्द्र नाथ राय, उ.नि. अमरनाथ यादव, हे.कां. विजय सिंह, रामप्रताप यादव, रमेश यादव, ओमप्रकाश यादव, कां. अमरजीत मौर्य, सौरभ यादव, विवेक मिश्रा, अंकित गिरि, कृष्ण कुमार सिंह तथा सर्विलांस टीम प्रभारी सर्विलांस सेल रमजान अली अंसारी, हे.का. अनूप राय, का. प्रदीप कुशवाहा आदि ने गिरफ्तार किया है। इस सराहनीय कार्य के लिए एसपी सोनम कुमार, एएसपी संतोष कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अंशुमान मिश्र एवं सीओ पुलिस लाइन्स दीपांशी राठौर ने बधाई दी।



पकड़े गए पुलिस पर फायर करने वाले आरोपी। फोटो: एसएनबी

**अभियुक्तों के पास से भारी मात्रा में चोरी का सामान बरामद**

# गोरखपुर में बनाते थे योजना, फिर देते थे घटनाओं को अंजाम

**संतकबीरनगर (एसएनबी)।** गोरखपुर जनपद में किराये का मकान लेकर रहने वाले अभियुक्तगण वहीं योजना बनाये थे। योजना को पूर्ण रूप देने के लिए सीमावर्ती जिलों में घूम-घूम रेकी करते थे और चोरी व नकबजनी की घटनाओं को अंजाम देते थे। इन अभियुक्तों के पकड़े जाने से जिले में हुई चोरी की कई घटनाओं का सफल अनावरण हुआ है। पुलिस टीम काफी दिनों से इन अभियुक्तों की तलाश में भी थी।

विदित हो कि अभियुक्तगणों का एक गैंग है। जिसका मुखिया शहजादे पुत्र अजीजुर्रहक है। यह सभी गोरखपुर में किराये का कमरा लेकर रहते हैं। वे अपने आर्थिक एंव भौतिक के लाभ के लिये चोरी करते हैं। घूम-घूम कर बस्ती, गोरखपुर आदि आसपास के सीमावर्ती जनपदों में रेकी करते हैं और फिर चोरी व नकबजनी की घटनाएं करते हैं। यहां बैठकर दो दिवस पूर्व औद्योगिक क्षेत्र में रेकी कर चिह्नित किये गये मकान में चोरी की योजना से एकत्रित थे। हमारे पास जो रॉड व पेंचकस मिला है। इससे दुकानों के शटर व ताला तोड़ते हैं व जो पैसे व सामान मिले हैं सभी चोरी के हैं। मजीद उपरोक्त ने बताया गया कि यह सभी 29/30-09-2022 की रात में पिपरा चोरिग चौराहे के पास एक मेडिकल स्टोर की दुकान का शटर तोड़कर चोरी किये थे। इस घटना में शहजादे ने बताया कि मेरे साथ कमरुद्दीन व आरिफ था। इसमें करीब नगद पैंतीस हजार ₹ मिला था जिसे सभी ने आपस में बांट लिया था। उक्त ₹ में से करीब पांच हजार ₹ मेरे पास बचे हैं जो इन्ही बरामद ₹ में से है। दिनांक 6/7-08-2022 को कस्बा खलीलाबाद में मुखलिसपुर चौक के पास एक दुकान में शटर तोड़कर चोरी किये थे जिसमें नगद ₹ करीब 90 हजार ₹ मिला था। उपरोक्त घटना कमरुद्दीन व आरिफ ने करना स्वीकार किया। दिनांक 8/9-11-2022 को कस्बा बरदहिया बाजार में एक मकान में ताला तोड़कर चोरी करना बताया। इस घटना में कमरुद्दीन के अतिरिक्त शहजादे एवं अभिमान्शू सिंह सम्मिलित होना स्वीकार किया और बताया कि साहब इस घटना को कारित करने के लिये हम लोग अभिमान्शु सिंह की पिकप गाड़ी से बरदहिया बाजार में आये थे। मकान में ताला बंद था इसलिये तोड़कर घटना कारित किये थे परन्तु इस चोरी मात्र दस हजार ₹ नगद मिला था। दिनांक 15/16-11-2022 की रात मे ग्राम परसा कला में एक ज्वेलरी की दुकान में शटर तोड़कर चोरी करना बताया गया तथा इस घटना से संबंधित कागजात जो झोले में बरामद हुआ है व आधार कार्ड आदि है। इसके अतिरिक्त एलईडी टीवी व कुछ जेवरात हम लोग बेचने के उद्देश्य में अपने साथी पिंकू उर्फ गौरव के घर पर रखे हैं। दिनांक 11/12-11-2022 की रात में उक्त लोगों ने हाईवे पर मीरगंज में एक बंद मकान में ताला तोड़कर चोरी किये थे जिसमे कुछ जेवरात व नगद ₹ करीब 40 हजार ₹ मिला था। इस घटना में शहजादे के अतिरिक्त मो. आरिफ ने कारित करना स्वीकार किया। घटना से संबंधित नगद ₹ चौदह हजार क्रमशः शहजादे ने आठ हजार ₹ व आरिफ ने छह हजार ₹ बरामद कराये हैं। इसके अतिरिक्त पीली धातु की अंगूठी दो अदद व सफेद धातु के दो अदद पायल जो इनके कब्जे से बरामद हुए हैं को इसी घटना का होना बता रहे है। अभियुक्त शहजादे ने बताया कि 10.10.2022 को बिसरापार गांव के सिवान में बिजली के तार टूट कर गिरे थे जिसे उठा ले गये थे और कबाड़ में ले जाकर बेच दिया था।

**सीमावर्ती जिलों में करते हैं घूम-घूम कर करते है रेकी फिर करते थे चोरी व नकबजनी की घटनाएं**

**रॉड व पेचकस से दुकानों के शटर व ताला तोड़ते हैं**

**जिले में हुई चोरी की कई घटनाओं का हुआ सफल अनावरण**

# डीएम, एसपी व बैंक अधिकारियों ने किया पौधरोपण

**संतकबीरनगर(एसएनबी)।** जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह वं पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार ने औद्योगिक क्षेत्र खलीलाबाद में वृक्षारोपण किया। भारतीय स्टेट बैंक के द्वारा औद्योगिक क्षेत्र खलीलाबाद में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक तथा भारतीय स्टेट बैंक के उप महाप्रबंधक, क्षेत्रीय प्रबंधक द्वारा वृक्षारोपण किया गया।

जिलाधिकारी द्वारा वृक्षारोपण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इस तरह के कार्यक्रम में उद्यमियों/व्यापारियों एवं समाज के सभी लोगों की सहभागिता सुनिश्चित किये जाने पर जोर दिया। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित भारतीय स्टेट बैंक के अधिकारियों एवं उपायुक्त उद्योग राजकुमार शर्मा को निर्देशित किया गया कि जनपद में समूह के रूप में कार्य कर रही महिलाओं एवं एक जनपद एक उत्पाद में जुड़े हस्तशिल्पयों/कारीगरों को विभागीय योजनाओं के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को वित्तीय सहायता प्रदान किया जाय जिससे वे अपना रोजगार स्थापित करते हुए अपने आप को आत्मनिर्भर बना सकें। पुलिस अधीक्षक द्वारा भी कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने हेतु प्रेरित किया गया। वृक्षारोपण कार्यक्रम में मौलश्री, कचनार, नीम, आम, अर्जुन, पैलेससेमिया इत्यादि के कुल 500 पौधे लगाये गए। उ.प्र. इण्ड. एसोशिएसन के अध्यक्ष अरविन्द पाठक ने कहा कि खलीलाबाद औद्योगिक क्षेत्र परिसर को हरा-भरा रखने हेतु भविष्य में भी इस तरह के कार्यक्रमों के आयोजन हो रहेगा। इस अवसर पर भारतीय स्टेट बैंक गोरखपुर के उप महाप्रबंधक संजीव कुमार, क्षेत्रीय महाप्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक गोरखपुर आलोक यादव, प्रवीन कुमार मुख्य प्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक खलीलाबाद, मनोज कुमार प्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक औद्योगिक क्षेत्र शाखा खलीलाबाद, औद्योगिक क्षेत्र के उद्यमीगण अनिल कुमार, अरुण अग्रवाल, दीनदयाल चौधरी, दिलीप सिंह, अजय यादव, गोविन्द सिंह एवं अन्य उद्यमीगण आदि उपस्थित रहे।



औद्योगिक क्षेत्र खलीलाबाद में पौधरोपण करते जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह।

# डीएम ने पुलिस कार्यालय का किया निरीक्षण

संतकबीरनगर। जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह ने शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार की उपस्थिति में पुलिस कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय परिसर की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने का निर्देश संबंधित को दिया। कार्यालय के कार्यों की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने सीसीटीएनएस, आईजीआरएस, चुनाव सेल, वीआईपी सेल, जनशिकायत प्रकोष्ठ का निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

# मजदूरी निर्धारण को लेकर हुई थी विश्वमोहन की हत्या

**आरोपी गिरफ्तार**

**जोगीडीहा गांव में गला रेतकर युवक की गई हत्या का पुलिस ने किया पर्दाफाश**

संतकबीरनगर (एसएनबी)। जिले के थाना बखिरा अंतर्गत जोगीडीहा गांव के सीवान में गत दिवस युवक की धारदार हथियार से हत्या की घटना का शुक्रवार को पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया है। पुलिस ने आरोपी हटवा गांव स्थित भट्ठे के पास से घटना में संलिप्त अभियुक्त अरविन्द पुत्र नन्हें निवासी हटवा थाना बखिरा को गिरफ्तार कर लिया है। युवक की हत्या मजदूरी निर्धारण को लेकर हुई थी जिसे आरोपी ने स्वीकार किया है। आरोपी को पुलिस ने न्यायालय/जेल रवाना किया गया।

इस संबंध में पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार ने बताया कि 22.11.2022 को वादी रामई निषाद पुत्र दुखई निषाद हटवा थाना बखिरा ने थाना स्थानीय पर सूचना दिया गया कि मेरा लड़का विश्वमोहन उम्र करीब 23 वर्ष 20 नवम्बर की शाम करीब 06.00 बजे घर से निकला था। जिसको बहुत तलाश किया गया लेकिन पता नहीं चला। 22 नवम्बर को समय करीब 01.00 बजे दोपहर में लोगों द्वारा सूचना मिली कि जोगीडीहा गांव के सीवान के खेत में पुवाल में एक व्यक्ति की लाश पड़ी है, जिसे देखने पर पता चला कि वह लाश मेरे बेटे की ही है। घटना के संबंध में थाना बखिरा पर धारा 302, 201 भादवि पंजीकृत किया गया था। उन्होंने बताया कि पूछताछ में अभियुक्त अरविन्द उपरोक्त ने बताया है कि 20.11.2022 को बढ़या गांव में प्रदीप का मकान बनाने का काम हो रहा था। वहीं पर मैं व मृतक विश्वमोहन मजदूरी का कार्य कर रहे थे। मेरे व उसके बीच मजदूरी के निर्धारण को लेकर कहासुनी हो गई थी। यह बात वहीं खत्म हो गई थी। उसी दिन शाम को काम खत्म होने के बाद मैं घरेलू सामान खरीदकर अपने घर पर जा रहा था। मिहदांकर बाजार के पास विश्वमोहन का भाई रामजागिर और चचेरा भाई लालजी दिखाई पड़े विश्वमोहन भी वहीं पर मौजूद था। विश्वमोहन ने अपने भाई को 200₹ भी दिया व दोनों वहां से चले गये। विश्वमोहन वहीं ठेके की दुकान से शराब खरीदकर पी लिया व मेरे साथ ही गांव की तरफ चल दिया। कुछ दूर जाने के बाद कहासुनी करने लगा व मुझे एक थप्पड़ मार कर बहुत तेजी से खेत से होते हुए जोगीडीहा सीवान की तरफ भागने लगा मैंने उसको दौड़ा लिया। वह खेत में रखे पुवाल के पास गिर गया जिसे मैंने पकड़कर सीमेन्ट की बोरी काटने के लिए अपने पास रखी चाकू से विश्वमोहन का मुंह पकड़कर ऊ पर उठाते हुए गला रेत कर काट दिया जिससे उसको बहुत तेजी से खून गिरने लगा। गला रेतते समय चाकू टूट गया था। मुझे संदेह हुआ कि पता नहीं यह मरेगा कि नहीं तुरंत उसे पलटकर चाकू की मुठिया से टूटे हुए फल से उसका पेट चीरने का प्रयास करने लगा और ताबड़तोड़ हाथ में पहने हुए कड़े से उसके सिर पर मारने लगा थोड़ी देर बाद जब वह शांत हो गया तब मुझे विश्वास हो गया कि वह मर गया है। फिर यह सोचकर उसके मोबाइल में मेरा फोटो व आवाज रिकार्ड न हो गया हो उसके जेब से मोबाइल निकाल कर अपने पास रख लिया और टूटे हुए चाकू के दोनों टुकड़ों को कुछ दूरी पर झाड़ी में ले जाकर छिपा दिया और मोबाइल को साथ लेकर अपने घर चला आया। मेरे पहने हुए टी-शर्ट व कड़े पर विश्वमोहन के खून का छींटा लगा था जिसके जल्दी जल्दी धो दिया। मेरे पास विश्वमोहन का जो मोबाइल था उससे डर था कि मैं पकड़ा जा सकता हूं जिसे आज नदी या तालाब में फेंकने जा रहा था की पकड़ा गया।

आरोपी को गिरफ्तार करने वालों में प्रभारी निरीक्षक थाना बखिरा अनिल कुमार सिंह, उ.नि. जितेन्द्र कुमार सिंह, कां. मनीष यादव, कां. अंगद यादव, कां. पंकज शाहु, प्रवीण कुमार गौड़, संतोष गुप्ता, प्रभारी एसओजी धर्मेन्द्र सिंह, हे.कां. विनोद यादव, कां. मनोज कुशवाहा, कां. रमेश यादव, ऋषिकेद तिवारी, मुनीर अहमद, अभिषेक सिंह, सर्विलांस टीम के कां. मनीष गुप्ता आदि को एसपी सोनम कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह एवं *क्षेत्राधिकारी मेंहदावल राजीव कुमार यादव, सीओ पुलिस लाइन्स दीपांशी राठौर ने बधाई दी है।*

# बालिका के साथ दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

**धनघटा (एसएनबी)।** धनघटा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी दलित नाबालिग बालिका का बीते दिनों बहला फुसलाकर उसका अपहरण करने के बाद बालिका के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी युवक को धनघटा पुलिस ने शुक्रवार को गिरफतार कर जेल भेज दिया है।

विदित हो कि थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी दलित बालिका को बीते 8 अक्टूबर को थाना क्षेत्र के कटार मिश्र गांव निवासी वशिष्ठ यादव पुत्र रामकलेश यादव नामक युवक ने बहला फुसलाकर उसका अपंहरण किया और उसे गुप्त स्थान पर बंधक बनाकर उसके साथ दुष्कर्म करता रहा। इधर दूसरी तरफ परिजन लगातार खोजबीन करने के बाद जब बालिका के बारे में जानकारी नंहीं पा सके तो परिजन धनघटा थाने पहुंच कर पुलिस को उक्त आरोपी युवक वशिष्ठ यादव के खिलाफ लिखित तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करने की मांग की जिसके आधार पर पुलिस ने आरोपी वशिष्ठ यादव क के खिलाफ आईपीसी की धारा 363,366,376 तथा पाक्सो एक्ट और एससी एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर बालिका समेत नामजद आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी।

शुक्रवार को आरोपी वशिष्ठ यादव के थाना क्षेत्र के कटार मिश्र में मौजूद रहने की जानकारी पुलिस को मिली तो पुलिसं टीम तत्काल कटार मिश्र मौके पर पहुंच गयी और आरोपी को गिरफतार का कानूनी प्रक्रिया पूरी कर उसे जेल भेज दिया साथ ही बरामद पीड़िता को महिला आरक्षी की अभिरक्षा में चिकित्सीय परीक्षण के लिए अस्पताल भेज दिया है।

# 130 वाहनों से शमन शुल्क वसूला

संतकबीरनगर। जनपद पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान ट्रैफिक नियम तोड़ने 130 वाहनों के चालकों से शमन शुल्क वसूल किया। जिले के सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस टीम ने बैंक, वाहन एवं संदिग्ध व्यक्तियों की धर पकड़ के लिए जांच पड़ताल की। चेकिंग के दौरान समस्त एसओ व प्रभारी यातायात आदि मौजूद रहे।



शुक्रवार को पार्वती कन्या इंटर कालेज की छात्राओं को जानकारी देकर जागरूक करते पुलिस कर्मी। • हिन्दुस्तान

## डटकर करें हालात का मुकाबला

मेंहदावल। मिशन नारी शक्ति अभियान के तहत शुक्रवार को मेंहदावल पुलिस द्वारा पार्वती कन्या इण्टर कालेज सोनौरा में छात्राओं को किया जागरूक। कार्यक्रम में छात्राओं को आत्मरक्षा के टिप्स देते हुए महिला हेल्पलाइन की जानकारी दी गई। प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र सिंह ने कहा कि छात्राएं किसी से डरे से नहीं बल्कि हालात का डटकर मुकाबला करें। किसी के बहकावे में न आएं।

## लापता की तलाश कर पुलिस ने परिजनों को सौंपा

मेंहदावल। पुलिस ने बीस दिनों से घर से गायब एक युवक को शुक्रवार सकुशल बरामद कर परिजनों को सुर्पुद कर दिया। पिता की सूचना पर पुलिस युवक की तलाश कर रही थी। प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र कुमार सिंह ने बताया थाना क्षेत्र के महदेवा निवासी रमजान अली ने 17 नवम्बर को सूचना दिया कि उनका बेटा मो. मोईनुर्रजा (28) 6 नवम्बर को दोपहर में अचानक घर से कहीं चला गया।

## डीएम ने एसपी कार्यालय का किया निरीक्षण

संतकबीरनगर। डीएम प्रेमरंजन सिंह ने शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय का निरीक्षण किया। डीएम ने पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार की उपस्थिति में पुलिस कार्यालय के विभिन्न पटलों की जांच किया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने कार्यालय परिसर के साफ सफाई की व्यवस्था के बारे में जानकारी ली।

# मजदूरी के विवाद में की थी युवक की हत्या

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। जनपद के बखिरा थाना क्षेत्र स्थित जोगीडीहा गांव में हुई हत्या की घटना का एसपी सोनम कुमार ने शुक्रवार को खुलासा किया। रिजर्व पुलिस लाइन सभागार में एसपी ने घटना का अनावरण करते हुए पूरे मामले की जानकारी दी। बखिरा, एसओजी व सर्विलांस संयुक्त टीम ने घटना में शामिल हत्यारोपित को आला कत्ल के साथ गिरफ्तार कर मामले में आरोपित के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की। हत्यारोपित को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम को एसपी ने पांच हजार रूपए का नकद पुरस्कार दिया।

एसपी सोनम कुमार ने बताया कि 22 नवंबर को रजई निषाद निवासी हटवा थाना बखिरा ने स्थानीय थाना पर सूचना दिया कि उनका लड़का विश्वमोहन (23) दिनांक 20 नवंबर को शाम करीब 6 बजे घर से निकला था। जिसको बहुत तलाश किया गया इसके बाद भी वह नहीं मिला। दिनांक 22 नवंबर को दिन में 1 बजे लोगों ने सूचना दिया कि जोगीडीहा गांव के सीवान स्थित खेत



जोगीडीहा गांव में हुई हत्या का पर्दाफाश करते एसपी सोनम कुमार।

- पुलिस ने हत्यारोपित को आला कत्ल के साथ किया गिरफ्तार
- एसपी ने पुलिस लाइन सभागार में जोगीडीहा में हत्या का किया खुलासा

में पुवाल के नीचे एक व्यक्ति की लाश पड़ी है। जिसे देखने पर वह बेटे का शव निकला। उसकी अज्ञात व्यक्ति ने गला रेतकर हत्या कर दी थी। घटना के संबंध में थाना बखिरा पर पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। साथ ही घटना के खुलासे के लिए थाना बखिरा, एसओजी व सर्विलांस टीम को निर्देशित किया गया था। पुलिस टीम ने शुक्रवार को 12.30 बजे हटवा गांव के पास स्थित भट्ठे के बगल से आरोपित अरविन्द पुत्र मतई निवासी हटवा थाना बखिरा को गिरफ्तार किया। उसकी निशानदेही पर चाकू और उसका मोबाइल बरामद किया।

## चाकू से गला रेत भाग गया था

एसपी ने बताया कि पूछताछ में अरविन्द ने बताया कि 20 नवंबर को बढ़या गांव में प्रदीप का मकान बनाने का काम हो रहा था। वहीं पर वह व विश्वमोहन मजदूरी कर रहे थे। मजदूरी को लेकर आपस में कहासुनी हो गई। उसी दिन शाम को सिहटीकर बाजार के पास विश्वमोहन के साथ शराब पी और दोनों गांव की तरफ चल दिए। कुछ दूर जाने के बाद फिर से कहासुनी हो गई। विश्वमोहन उसे थप्पड़ मार कर जोगीडीहा सीवान की तरफ भागने लगा। इसके बाद उसको दौड़ा लिया। उसे पकड़कर अपने पास रखी चाकू से विश्वमोहन का गला रेत दिया। उसके जेब से मोबाइल निकाल कर अपने पास रख लिया। टूटे हुए चाकू के दोनों टुकड़ों को कुछ दूरी पर झाड़ी में ले जाकर छिपा दिया।

# सभी अभिलेखों को अपडेट रखें : सिंह

बेलहर/राजघाट। अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह ने शुक्रवार को बेलहर थाना का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण किया। थाना पर पहुंचकर एएसपी ने गार्द की सलामी ली।

निरीक्षण के दौरान कार्यालय के सभी अभिलेखों की जांचकर उसे दुरुस्त कर अद्यतन रखने के लिए जिम्मेदारों को आदेश दिया। अर्द्धवार्षिक निरीक्षण के दौरान एएसपी ने परिसर कार्यालय में साफ-सफाई का जायजा लिया। कार्यालय में रखे समस्त अभिलेखों, शस्त्रागार, अस्थाई हवालात का निरीक्षण कर यहां के हालातों की जानकारी ली। एएसपी ने थाना प्रभारी व थाने के कार्यालय के दीवान एवं मुंशी को निर्देश दिया। आगंतुक रजिस्टर, हेल्पडेस्क में अंकित शिकायतों के विषय में जानकारी लेने के बाद उनके निस्तारण की स्थिति बारे में जानकारी ली।

# साप्ताहिक परेड का एसपी ने किया निरीक्षण

संतकबीरनगर। पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार ने शुक्रवार को रिजर्व पुलिस लाइन में साप्ताहिक शुक्रवार परेड का निरीक्षण किया। पुलिस लाइन परेड ग्राउंड पर आयोजित हुए कार्यक्रम में एसपी ने पुलिस टीम का टर्नआउट जांच कर सभी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। पुलिस लाइन परेड ग्राउण्ड मे साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर एसपी सोनम कुमार ने परेड का निरीक्षण किया।

# बालिका से रेप का आरोपित गिरफ्तार

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने एक बालिका को बहला फुसलाकर भगाने व दुष्कर्म के मामले में वांछित आरोपित अभियुक्त को दबोचने में कामयाबी हासिल किया। प्रभारी निरीक्षक थाना धनघटा कृष्णदेव सिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने अपहरण, दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट एवं एससीएसटी एक्ट के मामले में वांछित आरोपित अभियुक्त वशिष्ठ यादव उर्फ बादामी यादव पुत्र रामकलेश यादव निवासी कटारमिश्र को गिरफ्तार किया। उक्त आरोपित अभियुक्त ने दिनांक 08 अक्टूबर को वादी की नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले गया। उसके साथ दुष्कर्म किया। इस संबंध में वादी की तहरीर पर पुलिस ने थाना पर तहरीर देकर अभियोग पंजीकृत कराया। अपहृता की बरामदगी व मेडिकल परीक्षण के बाद दुष्कर्म के धारा की बढ़ोत्तरी की गई। धनघटा पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत करने के बाद जेल रवाना कर दिया।

## छात्र से कुकर्म के मामले में दर्ज हुआ केस

संतकबीरनगर। खलीलाबाद कोतवाली पुलिस ने एक छात्र से कुकर्म के मामले में पीड़ित के प्रार्थना पत्र पर केस दर्ज किया है। कोतवाल सर्वेश राय ने बताया कि पीड़ित पिता के अनुसार वह अपने कक्षा एक में पढ़ने वाले लड़के को सामान लेने के लिए आरोपित के साथ मोटरसाइकिल से भेजा था। दिनांक 24 नवंबर शाम सात बजे आरोपित ने लड़के को सामान दिलाकर वापस आते समय सुनसान स्थान पर पुलिया के पास बेटे को मोटरसाइकिल से उतारकर उसके साथ अप्राकृतिक दुष्कर्म किया। कोतवाल ने बताया कि पीड़ित के प्रार्थना पत्र पर मामले में आरोपित किशन के विरुद्ध सुसंगत धारा में केस दर्ज कर पीड़ित को पुलिस अभिरक्षा में मेडिकल परीक्षण एवं उपचार के लिए अस्पताल रवाना कर दिया गया है।

# सहज सेवा केंद्र से हजारों की चोरी

नाथनगर। महुली थानांतर्गत नाथनगर ब्लाक के सामने स्थित एक सहज जन सेवा केंद्र पर गुरुवार की देर रात चोरों ने शटर का ताला तोड़ दिया। चोर दुकान के काउंटर पर रखा प्रिंटर, मॉनीटर के अलावा नगदी उठा ले गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जानकारी ली। इस मामले में पुलिस को तहरीर दी गई है।

महुली थाना क्षेत्र के तिनहरी निवासी हेमन्त शुक्ला पुत्र राजेन्द्र प्रसाद शुक्ला दिव्यांग हैं। वह नाथनगर ब्लाक के सामने किराए के कमरे में सहज जन सेवा केंद्र चलाते हैं।



अस्पताल तिराहे पर शुक्रवार को सड़क सुरक्षा अभियान के तहत टैक्सी चालकों को यातायात नियमों की जानकारी देते पुलिसकर्मी। • हिन्दुस्तान

# यातायात नियमों की दी जानकारी

**मेंहदावल।** सड़क सुरक्षा अभियान के तहत शुक्रवार को मेंहदावल पुलिस की टीम ने अस्पताल तिराहे पर जागरूकता अभियान चलाया। आम लोगों के साथ ही टैक्सी चालकों को यातायात नियमों की जानकारी दिया। सभी से आस-पास के लोगों को यातायात नियमों से जागरूक करने के लिए प्रेरित करने को कहा। प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि देश में तेजी से बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं का एक प्रमुख कारण यातायात नियमों की अवहेलना करना है।

# कई मामलों में पांच आरोपितों पर कार्रवाई

**संतकबीरनगर।** जनपद पुलिस ने कई मामले में अलग-अलग स्थानों से पांच आरोपितों को दबोचकर कानूनी कार्रवाई की। जिले में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने तीन और थाना महुली पुलिस ने दो आरोपितों को पकड़कर शांति भंग की आशंका में चालान कर संबंधित न्यायालय रवाना कर दिया।

# डीएम व एसपी ने औद्योगिक क्षेत्र में किया पौधरोपण

**संतकबीरनगर।** भारतीय स्टेट बैंक के सौजन्य से औद्योगिक क्षेत्र खलीलाबाद में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर डीएम प्रेम रंजन सिंह व एसपी सोनम कुमार ने वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में जिलाधिकारी ने वृक्षारोपण के लिए उद्यमियों/व्यापारियों के साथ साथ समाज के सभी लोगों की सहभागिता सुनिश्चित किये जाने पर जोर दिया गया।

# अंतरजनपदीय चोरों को पुलिस ने दबोचा

## चोरी की आधा दर्जन घटनाओं का खुलासा

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। खलीलाबाद कोतवाली व सर्विलांस संयुक्त पुलिस टीम ने अंतर्जनपदीय चोरों को दबोचने में कामयाबी हासिल की है। पुलिस टीम ने गैंग लीडर समेत आधा दर्जन चोरों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी का सामान बरामद कर उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की। पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार ने रिजर्व पुलिस लाइन में शुक्रवार को घटना का खुलासा करते हुए चोरों को गिरफ्तार करने वाली टीम को पांच हजार रुपये नकद पुरस्कार दिया।

एसपी सोनम कुमार ने बताया कि प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली खलीलाबाद सर्वेश राय व सर्विलांस की संयुक्त टीम ने शुक्रवार को मुखबिर की सूचना पर औद्योगिक क्षेत्र में गोयल चौराहे के पास चाय की दुकान से कुछ संदिग्धों को दबोचा। वे किसी घटना को अंजाम देने के लिए एकत्रित थे। आरोपितों में से एक ने पुलिस टीम को देखकर असलहे से फायर झोंक दिया। पुलिस पूछताछ में उनकी पहचान मो. शहजादे निवासी मकान नंबर 607, कमरुद्दीन पुत्र सलाहुद्दीन निवासी तुंर्कमानपुर, आरिफ पुत्र मोईन निवासी पहाड़पुर, पिंकू उर्फ गौरव पुत्र सेवक निवासी हांसूपुर थाना राजघाट, गोरखपुर, सौरभ राय पुत्र राजीव राय निवासी बड़गो थाना धनघटा संतकबीरनगर, अभिमान्सू सिंह पुत्र सूर्यविजय सिंह निवासी डोमहर माफी थाना सहजनवां, गोरखपुर के रूप में हुआ। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे व उनकी निशानदेही पर एक पिस्टल 32 बोर देशी, एक फायरशुदा खोखा .32 बोर व चोरी के सामान बरामद किये।

गैग का मुखिया शहजादे पुत्र अजीजुर्रहक है। वे लोग गोरखपुर में किराये का कमरा लेकर रहते हैं। आरोपित मजीद ने बताया कि वे लोग 29 सितंबर की रात मे पिपरा बोरिंग चौराहे के पास एक मेडिकल स्टोर, 7 अगस्त को मुखलिसपुर चौक के पास एक दुकान, 9 नवंबर को बरदहिया बाजार में एक मकान, 16 नवंबर की रात में ग्राम परसाकला में एक ज्वेलरी की दुकान, 12 नवंबर की रात में हाईवे पर मीरगंज में एक बंद मकान से चोरी की थी। शहजादे के विरुद्ध गोरखपुर समेत आसपास के थानों में कई मुकदमें दर्ज हैं। शहजादे के ऊपर पुलिस जांच में लगभग 11, पिंटू उर्फ गौरव के विरुद्ध दो और आरिफ के विरूद्ध पांच मुकदमा दर्ज पाया गया है। आरोपित शहजादे, कमरूदीन, आरिफ, गौरव उर्फ विक्की पूर्व में चोरी के मामले में जेल जा चुके हैं और कमरूद्दीन और आरिफ अप्रैल में जेल से छूटकर आए हैं।


हीरालाल रामनिवास सरस्वती विद्या मंदिर खलीलाबाद में यातायात नियमों के पालन की शपथ लेते बच्चे • जागरण


मुन्नी लाल रामबेलास इंटर कालेज सेठी मे यातायात नियमों की जानकारी लेते विद्यार्थी।


मेंहदावल के पार्वती कन्या इंटर कालेज मे छात्र-छात्राओं को यातायात जागरूक करते प्रभारी निरीक्षक रविंद्र कुमार सिंह • जागरण

# विद्यार्थियों ने ठाना, सड़क सुरक्षा के नियमों को है अपनाना

## दैनिक जागरण के तत्वावधान में विद्यालयों में आयोजित हुए यातायात जागरूकता के कार्यक्रम

- छात्र-छात्राओं ने रंगोली सजाई, सुरक्षित यातायात की शपथ ली
- शिक्षकों, पुलिसकर्मियों ने दी यातायात नियमों की जानकारी

जागरण टीम, संतकबीर नगर: सड़कों पर आए दिन हो रहे हादसों से बचाव के लिए दैनिक जागरण के चलाए जा रहे अभियान के क्रम में शुक्रवार को विद्यालयों में सड़क सुरक्षा के नियमों के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक किया गया। शिक्षकों और यातायात पुलिसकर्मियों ने बच्चों को सुरक्षित यात्रा की जानकारी दी। विद्यार्थियों ने परिवार के सदस्यों, सगे-संबंधियों के साथ अन्य लोगों को भी जागरूक करने की शपथ ली।

शहर के हीरालाल रामनिवास सरस्वती विद्या मंदिर में बच्चों ने रंगोली सजाई। गीत के माध्यम से सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने व अन्य को जागरूक करने को प्रेरित किया। प्रधानाचार्य देवेंद्र नाथ पांडेय ने कहा कि सड़क पर सही दिशा में चलने से दुर्घटनाओं की आशंका कम रहती है।

मुन्नीलाल रामबेलास इंटर कालेज सेठी में विद्यार्थियों को यातायात नियमों के प्रति जागरुकता किया गया। बखिरा इंटर कालेज में पुलिस क्षेत्राधिकारी राजीव यादव ने जागरण के अभियान की सराहना करते हुए कहा कि प्रति वर्ष देश तथा राज्य में हजारों की संख्या में सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं।

हम सब की जिम्मेदारी है कि यातायात से संबंधित नियमों का पालन करें तथा अपने घर परिवार के सदस्यों, मित्रों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करें। जागरूकता अभियान में छात्र-छात्राएं ज्यादा कारगर तथा असरदार भूमिका निभा सकती हैं। मेंहदावल के पार्वती कन्या इंटर कालेज में जागरण के कार्यक्रम में सुरक्षित यातायात को लेकर जागरूक किया गया।

प्रभारी निरीक्षक रविंद्र कुमार सिंह ने कहा कि सुरक्षित यातायात के लिए नियमों का अनुपालन होना चाहिए। सेमरियावां ब्लाक के एचआर ग्लोबल एकेडमी उसरा शहीद में बाघनगर के चौकी प्रभारी रजनीश कुमार राय ने विद्यार्थियों को जागरूक किया। उन्होंने दैनिक जागरण के अभियान की सराहना की। विद्यालय के प्रबंधक राजेश विश्वकर्मा, रमेश गुप्ता, शम्भू नाथ, पंकज जायसवाल, वीरेंद्र कुमार, दिनेश कुमार मौजूद रहे।


एचआर ग्लोबल एकेडमी उसरा शहीद मे यातायात नियमों की जानकारी देते चौकी प्रभारी बाघनगर रजनीश कुमार राय • जागरण


बखिरा इंटर कालेज मे छात्र - छात्राओं को जागरूक करते पुलिस क्षेत्राधिकारी मेंहदावल राजीव कुमार यादव • जागरण


एचआर ग्लोबल एकेडमी उसरा शहीद यातायात नियमों की जानकारी देते चौकी प्रभारी बाघनगर रजनीश कुमार राय • जागरण

# पुलिस टीम पर फायरिंग कर भाग रहे छह चोर गिरफ्तार

## कोतवाली खलीलाबाद की पुलिस व सर्विलांस टीम ने औद्योगिक क्षेत्र में घेराबंदी कर दबोचा

- एक चोर संतकबीर नगर और पांच गोरखपुर के हैं रहने वाले
- 29 हजार नकद, सोने-चांदी के जेवर, पिस्टल व अन्य सामान बरामद



जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर : कोतवाली खलीलाबाद तथा सर्विलांस टीम ने संयुक्त अभियान में चोरों के गिरोह के छह सदस्यों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से 29 हजार रुपये नकद, सोने व चांदी के जेवर के साथ पिस्टल भी बरामद की गई। पुलिस से घिरने के बाद उन्होंने फायरिंग करते हुए भागने का प्रयास किया। पकड़े गए चोरों में से एक संतकबीर नगर का और पांच गोरखपुर के रहने वाले हैं।

एसपी सोनम कुमार ने पुलिस लाइंस में पत्रकारों को बताया कि अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान कोतवाली खलीलाबाद के प्रभारी निरीक्षक सर्वेश राय को मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ चोर औद्योगिक क्षेत्र में गोयल चौराहे के पास चाय की दुकान पर बैठकर किसी घटना को अंजाम देने की तैयारी में हैं।

इस सूचना पर सर्विलांस टीम के साथ मिलकर वहां घेराबंदी की गई तो चोर भागने का प्रयास करने लगे तथा पुलिस टीम को ललकारने लगे। इन्हीं में एक ने पिस्टल से पुलिस टीम पर फायर झोंक दिया, लेकिन पुलिस टीम ने छह चोरों को पकड़ लिया। आरोपितों ने स्वीकार किया कि वे गोरखपुर और बस्ती मंडल में चोरी की घटनाओं को अंजाम देते हैं।

गिरोह सरगना शहजादे के साथ दबोचे गए इन चोरों पर गोरखपुर तथा बस्ती मंडल में मुकदमे दर्ज हैं। चोरों की पहचान गोरखपुर के राजघाट थाने के तुर्कमानपुर निवासी मोहम्मद शहजादे, कमरुद्दीन, पहाड़पुर निवासी आरिफ, हांसूपुर निवासी पिंकू उर्फ गौरव, सहजनवां थनाक्षेत्र के डोमहर माफी निवासी अभिमान्शू सिंह व संतकबीर नगर धनघटा थानाक्षेत्र के बड़गो निवासी सौरभ राय के रूप में हुई।

# गांव के ही साथी ने की थी विश्वमोहन की हत्या

- मजदूरी निर्धारण को लेकर हुई थी कहासुनी, बाद में बिगड़ी थी दोनों में बात
- सीमेंट की बोरी काटने वाले चाकू से की थी हत्या, मोबाइल रख लिया था अपने पास



हत्या की घटना के पर्दाफाश की जानकारी देते एसपी सोनम कुमार • जागरण

जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर : बखिरा थानाक्षेत्र के जोगीडीहा गांव के पास हुई हटवा निवासी 23 वर्षीय विश्वमोहन निषाद की हत्या के मामले का पर्दाफाश करते हुए बखिरा पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम ने उसके साथी तथा उसी के गांव के निवासी श्रमिक अरविंद को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित ने हत्या मजदूरी निर्धारण को लेकर हुए झगड़े में की थी।

पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार ने शुक्रवार को पुलिस लाइन में पर्दाफाश की जानकारी देते हुए बताया कि दोनों आरोपित हटवा के ही निवासी हैं। अरविंद ने बताया है कि विश्वमोहन के साथ बढ़या में मजदूरी का काम कर रहा था। मजदूरी निर्धारण को लेकर 20 नवंबर को उसका विश्वमोहन से झगड़ा हो गया था।

बात वहीं समाप्त भी हो गई। इसके बाद दोनों पैदल घर जाने लगे। रास्ते में सिहटीकर बाजार के पास विश्वमोहन का भाई रामउजागिर और चचेरा भाई लालजी दिखाई पड़े। इस दौरान विश्वमोहन ने अपने भाई को 200 रुपया दिया और खुद वहीं रुक गया।

इसके बाद शराब लाकर पीया। कुछ दूर जाने के बाद फिर कहासुनी होने लगी। इसी दौरान विश्वमोहन ने थप्पड़ मार दिया। इसके बाद उसने सीमेंट की बोरी काटने वाले चाकू से उसका गला रेत दिया। गला रेतते समय चाकू टूट गया तो चाकू के टुकड़े से उसका पेट भी चीरने का प्रयास किया। विश्वमोहन की मौत होने के बाद उसका मोबाइल फोन निकालकर अपने पास रख लिया। चाकू के दोनों टुकड़ों को वहीं पर छिपाया और खुद घर पहुंच गया। उसके टीशर्ट पर खून के धब्बे भी लग गए थे, जिसे घर जाकर धो दिया।

मेरे पास विश्वमोहन का मोबाइल भी था, इसलिए पकड़े जाने के भय से उसे नदी या तालाब में फेंकने जा रहा था, लेकिन उसे हटवा ईंट भट्ठे के पास पकड़ लिया गया। उसे गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक बखिरा की टीम के साथ ही एसओजी प्रभारी धर्मेंद्र सिंह भी शामिल थे।

# यातायात नियमों का पालन कर चलाएं वाहन

**जागरण टीम, संतकबीर नगर :** यातायात निरीक्षक ब्रजेश कुमार यादव ने कहा कि सड़क पर वाहन चलाते से समय बहुत ही सावधानी रखनी चाहिए। खास कर स्कूली वाहन चालकों को बहुत सतर्क होना चाहिए। जीवन अनमोल होता है। एक गलती सब कुछ बर्बाद कर देती है। इसलिए सड़कों पर यातायात नियमों को हर हाल में पालन होना चाहिए।

यातायात निरीक्षक शुक्रवार को खलीलाबाद बाईपास पर दैनिक जागरण के तत्वावधान आयोजित चालकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के वाहन चालकों को सुरक्षा के प्रति जागरूक कर रहे थे। यहां पर 32 वाहनों के चालकों ने शपथ ली।

मेंहदावल थाने के प्रभारी निरीक्षक रविंद्र कुमार सिंह ने कहा कि सुरक्षित यातायात के लिए वाहन चलाते समय नियमों का पालन आवश्यक है। यातायात नियम का पालन करके स्वयं व औरों को सुरक्षित रखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग यातायात के लिए लोगों को जागरूक करता है। लोगों को हेलमेट व सीट बेल्ट का प्रयोग जरूर करना चाहिए। पार्वती कन्या इंटर कालेज के छह वाहनों चालकों को पुलिस कर्मियों ने प्रशिक्षण दिया। इसी क्रम में सांथा के लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक इंटर कालेज झुड़िया में बेलहर के उपनिरीक्षक अलाउद्दीन ने वाहन चालकों को यातायात के बारे में जानकारी दी।

इसी क्रम में मुन्नी लाल रामवेलास इंटर कालेज में पांच वाहनों चालकों को नियमों की जानकारी देकर शपथ दिलाई गई। प्रधानाचार्य नागेंद्र पाल के साथ वाहन चालक सोहराब, सर्वेश शुक्ला, डीएन यादव, संचिन यादव, सुंदरम चौहान मौजूद रहे। सेमरियावां के उसरा शहीद में भी वाहन चालकों को जागरूक किया गया।



खलीलाबाद बाईपास पर वाहन चालकों को जानकारी देते यातायात निरीक्षक • जागरण

- **जागरण के अभियान में खलीलाबाद बाईपास, मेंहदावल और सेमरियावां में चालक हुए जागरूक**
- **दुर्घटना से बचाव के लिए यातायात नियमों का करें पालन : ब्रजेश यादव**
- **वाहन चालकों ने नियमों के पालन की ली शपथ**

## लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने से बढ़ रहे सड़क हादसे

प्रैक्टिस विद्यापीठ रुधौली में आयोजित यातायात पाठशाला में प्रभारी निरीक्षक रामकृष्ण मिश्र शिक्षक की भूमिका में दिखे। यातायात नियमों की जानकारी देने के साथ ही सुरक्षा संकेतों की अनदेखी न करने की सलाह दी। कहा कि नशा का सेवन कर गाड़ी कदापि ना चलाएं। सीट बेल्ट का प्रयोग करें, दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट जरूर लगाएं। ओवर स्पीड में वाहन न चलाएं साथ ही जबरंदस्ती ओवरटेक करने का प्रयास न करें। कहा कि सड़क हादसों में कमी लाने के लिए खुद नियमों का पालन करें साथ ही माता पिता को भी इसके लिए प्रेरित करें। प्रबंधक सुशांत कुमार पाण्डेय, प्रधानाचार्य पंकज कुमार शर्मा, नित्या नन्द पाण्डेय, राजेश यादव, रिपुसूदन शुंक्ला, गिरजेश आदि लोग मौजूद रहे।

# महिला उत्पीड़न के मामले में हो त्वरित कार्रवाई



बेलहर थाने की जांच करने पहुंचे एएसपी संतोष कुमार सिंह ● जागरण

**जागरण संवाददाता, सांथा** : बेलहर थाने का अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह ने शुक्रवार को औचक निरीक्षण किया। इस दौरान थानाध्यक्ष को फरियादियों के साथ अच्छा व्यवहार करने के साथ ही महिला उत्पीड़न के मामले में तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

एएसपी द्वारा अपराध रजिस्टर, आगंतुक रजिस्टर, भूमि विवाद रजिस्टर, माल खाना, बंदीगृह, लाइन बैरक, मेस, महिला हेल्प डेस्क, कंप्यूटर कक्ष व थाना परिसर का निरीक्षण किया गया। साथ ही अभिलेखों की बारीकी से जांच की एवं थानाध्यक्ष को निर्देश दिए। साथ ही थानाध्यक्ष को लंबित अभियोगों की विवेचना में तेजी लाने को कहा। उन्होंने कहा की महिला उत्पीड़न व भूमि विवाद के मामलों में त्वरित कार्रवाई होनी चाहिए। इस दौरान एसओ अमित कुशवाहा, एसआई विजय कुमार यादव, हरेश तिवारी, जयप्रकाश मिश्रा, धर्मनाथ यादव व अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।



औद्योगिक क्षेत्र में पौधरोपण करते डीएम व एसपी। संवाद

# पौधरोपण के लिए लोगों को किया गया प्रेरित

**संतकबीरनगर।** औद्योगिक क्षेत्र खलीलाबाद में शुक्रवार को भारतीय स्टेट बैंक के तत्वावधान में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें डीएम प्रेम रंजन सिंह व एसपी सोनम कुमार ने पौधरोपण किया। लोगों को पौधरोपण के लिए प्रेरित किया गया।

डीएम ने पौधरोपण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इस तरह के कार्यक्रम में उद्यमियों, व्यापारियों एवं समाज के लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने भारतीय स्टेट बैंक के अधिकारियों एवं उपायुक्त उद्योग राजकुमार शर्मा को निर्देशित किया गया कि जनपद में समूह के रूप में कार्य कर रही महिलाओं एवं 'एक जनपद एक उत्पाद' में जुड़े हस्तशिल्पयों, कारीगरों को विभागीय योजनाओं के माध्यम से वित्तीय सहायता प्रदान की जाए।

एसपी ने लोगों को अधिक से अधिक पौधरोपण करने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में मौलश्री, कचनार, नीम, आम, अर्जुन, पैलेससेमिया आदि के 500 पौधे लगाए गए।

कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश इंडस्ट्रियल एसोशिएसन के अध्यक्ष अरविंद पाठक, उप महाप्रबंधक गोरखपुर संजीव कुमार, क्षेत्रीय महाप्रबंधक आलोक यादव, प्रवीन कुमार, मनोज कुमार, अनिल कुमार आदि मौजूद रहे। संवाद

# रात्रि गश्त की बताएं लोकेशन, नहीं तो नपेंगे थानेदार

## चोरी, लूट की घटनाओं में शामिल अपराधियों की गतिविधियों का पता लगाएगी पुलिस, व्हाटसएप ग्रुप भी बनाया गया

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। ठंड की दस्तक के साथ चोरी की घटनाएं बढ़ जाती हैं। एसपी ने चोरी की घटनाओं को रोकने का प्लान बनाया है। रात्रि गश्त की लोकेशन थानेदारों को प्रतिदिन व्हाटसएप ग्रुप पर भेजनी है। इसमें चूके तो जवाब देना होगा। यदि लापरवाही सामने आई तो कार्रवाई तय है।

ठंड में चोर पुलिस के लिए चुनौती बन जाते हैं। दूसरे जिलों के

### शहर और कस्बों में किराए के मकान में रहने वालों का होगा सत्यापन

चोर किराए का मकान लेकर शहर में रहते हैं। उनके गुर्गे रेकी कर पहले खाली मकानों को चिह्नित करते हैं। फिर चोर उन्हें निशाना बनाते हैं। गत वर्षों में ऐसे मामले सामने आ चुके हैं।

एसपी ने एक व्हाटसएप ग्रुप बनाया है। स्पेशल पुलिस टीम बनाई है। इसमें विभिन्न शाखाओं में तैनात पुलिस कर्मियों को शामिल किया है। पुलिस लाइंस में स्थापित 112 नंबर कार्यालय में इन पुलिस कर्मियों के बैठने की व्यवस्था की है। एसओ, चौकी प्रभारियों, हल्का के दरोगाओं को निर्देश दिए गए हैं कि रात्रि में अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमणशील रहें।

रात्रि गश्त की लोकेशन ग्रुप में भेजें। स्पेशल पुलिस टीम के कर्मी उसकी मॉनीटरिंग करेंगे। मकान मालिकों को सुझाव दिए गए हैं कि वे किराएदारों के निवास का पूरा पता और मोबाइल फोन नंबर अवश्य सत्यापित कर मकान किराए पर दें। घुमंतू लोगों पर पुलिस कर्मी विशेष नजर रखेंगे।

पिछले दस वर्षों में चोरी और लूट की घटनाओं में प्रकाश में आए अपराधियों की पुलिस सूची कर रही है। यदि अपराधी दूसरे जनपदों के होंगे तो संबंधित जिलों की पुलिस से उनकी गतिविधि की जानकारी जुटाएंगे। चौकीदारों आदि के माध्यम से सूचना तंत्र को मजबूत कर गांवों में आने वाले संदिग्धों की जानकारी पुलिस जुटाएगी और फिर जांच करके कार्रवाई करेगी।

### जवाबदेही तय कर कार्रवाई की जाएगी

पुलिस के आंकड़ों के मुताबिक जिले में छह नकबजनी, छह वाहन चोरी और पांच अन्य चोरी की घटनाओं का पर्दाफाश नहीं हुआ है। पूर्व में हुई क्राइम मीटिंग में एसपी ने नाराजगी जताई थी। संबंधित एसओ को हिदायत दी है कि लंबित चोरी की घटनाओं का पर्दाफाश करें अन्यथा जवाबदेही तय कर कार्रवाई की जाएगी।

*पूर्व में चोरी और लूट की घटनाओं में प्रकाश में आए अपराधियों की वर्तमान गतिविधि पता कर उनकी निगरानी बढ़ाई जाएगी। रात्रि गश्त की चेकिंग के लिए अलग से टीम गठित की गई है। हर हाल में चोरी की घटना रोकी जाएगी।*

– सोनम कुमार, एसपी

# किशोरी को भगा ले जाने का आरोपी गिरफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी

धनघटा। क्षेत्र के एक गांव निवासी 16 वर्षीय किशोरी को एक माह पहले बहला फुसलाकर भगा ले जाने के आरोपी को धनघटा पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। किशोरी का मेडिकल परीक्षण पुलिस करा रही है।

किशोरी को 24 अक्तूबर को गांव का रहने वाला युवक भगा ले गया था। पुलिस इस मामले में आरोपी पर अपहरण का केस दर्ज कर तलाश कर रही थी।

एसओ केडी सिंह ने बताया कि शुक्रवार सुबह आरोपी और किशोरी को हैंसर बाजार के पास पकड़ लिया गया।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी चालक घायल

संतकबीरनगर। महुली थाना क्षेत्र के छितही सगड़वा पुलिया के पास शुक्रवार देर शाम ट्रैक्टर ट्राली अनियंत्रित होकर पुलिया के पास पलट गई। ट्रैक्टर के नीचे दबकर चालक घायल हो गया।

बस्ती जनपद के लालगंज थाना क्षेत्र के कपसोना गांव निवासी गंगाराम के बेटे गोरखनाथ की शादी महुली थाना क्षेत्र के भगवानपुर पश्चिमी गांव में तय है। शुक्रवार को बरात भगवानपुर पश्चिमी गांव जा रही थी। शादी में मिले सामान को लाने के लिए गंगाराम का ट्रैक्टर चालक हरि श्याम ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर भगवानपुर पश्चिमी जा रहा थ। उसके साथ गांव का एक युवक भी था।

छितही गांव के सगड़वा पुरवा के पास अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर-ट्रॉली 20 फीट गहरी खाई में जा गिरा। ट्रैक्टर के नीचे चालक हरिराम दब गया।

सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस व ग्रामीणों ने जेसीबी की मदद से ट्रैक्टर चालक को बाहर निकालवाया, और उसे इलाज के लिए सीएससी नाथनगर भिजवाया। संवाद

# तीन सगे भाइयों समेत चार पर केस

बखिरा। क्षेत्र के पचेठी गांव निवासी पीड़ित ने गांव के कुछ लोगों पर विवादित जमीन में निर्माण कराने और विरोध पर मारपीट का आरोप लगाया है। पुलिस ने तीन सगे भाइयों समेत चार पर केस दर्ज किया है।

मोहम्मद इशहाक का आरोप है कि गांव में जमीन का विवाद है। बंटवारे का मुकदमा उपजिलाधिकारी खलीलाबाद के कोर्ट में विचाराधीन है। विपक्षियों ने विवादित भूमि पर निर्माण शुरू कर दिया। इसकी सूचना डायल 112 को देने पर निर्माण रोक दिया गया। इसी बात की रंजिश को लेकर 23 नवंबर को मारपीट की गई।

एसओ अनिल सिंह बताया कि पचेठी निवासी तीन सगे भाइयों जमील, शमीम, करीम अहमद व एकलाख अहमद पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। संवाद

# साथी मजदूर ने थप्पड़ मारने की वजह से की थी युवक की हत्या

## पुलिस ने हत्यारोपी को गिरफ्तार कर बरामद किया चाकू और मोबाइल फोन

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। बखिरा क्षेत्र के हटवा गांव निवासी युवक की हत्या उसके साथी मजदूर ने मजदूरी की रकम को लेकर हुए विवाद में एक थप्पड़ मारने की वजह से की थी। शुक्रवार को पुलिस टीम ने हत्यारोपी को हटवा गांव स्थित ईंट भट्ठे के पास से गिरफ्तार किया। उसकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त चाकू और मृतक का मोबाइल फोन बरामद कर लिया।



पकड़ा गया आरोपी

### अरविंद और विश्व मोहन बढ़या गांव में निर्माणाधीन मकान में करते थे मजदूरी

एसपी सोनम कुमार ने बताया कि हटवा गांव निवासी 23 वर्षीय विश्व मोहन निषाद की 22 नवंबर को जोगीडीहा गांव के सिवान में पुआल में लाश मिली थी। पीड़ित पिता रजई निषाद ने हत्या का केस दर्ज कराया था।

इस मामले के पर्दाफाश के लिए बखिरा पुलिस, एसओजी व सर्विलांस टीम लगी थी।

शुक्रवार को पुलिस टीम ने हटवा गांव स्थित ईंट भट्ठे के पास से हत्यारोपी अरविंद निवासी हटवा को गिरफ्तार किया। पूछताछ में अरविंद ने बताया कि 20 नवंबर को बढ़या गांव में प्रदीप के मकानका काम हो रहा था। वहीं पर अरविंद और विश्व मोहन मजदूरी करने गए थे। मजदूरी के रकम को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हुई थी। उसी दिन शाम को काम कर घरेलू सामान खरीदकर घर पर जा रहे थे।

सिहटीकर बाजार के पास विश्व मोहन के भाई रामउजागिर और चचेरे भाई लालजी दिखाई दिए। विश्व मोहन भी वहीं पर था। विश्व मोहन ने भाई को 200 रुपये दिए और दोनों वहां से चले गए। बाद में विश्व मोहन ने शराब पी ली। उसके बाद दोनों गांव की तरफ चल दिए। रास्ते में मजदूरी की रकम के लिए फिर कहासुनी हुई। विश्व मोहन ने आरोपी अरविंद को एक थप्पड़ मारकर भागने लगा।

आरोपी ने दौड़ा कर विश्व मोहन को पकड़ लिया। सीमेंट की बोरी काटने के लिए पास में मौजूद चाकू से विश्व मोहन के गले को काट दिया। पेट चीरने की कोशिश की। एसपी ने बताया कि कड़े से उसके सिर पर प्रहार किया।

विश्व मोहन की मौत हो जाने के बाद जेब से उसका मोबाइल फोन निकाल कर ले लिया। चाकू को झाड़ी में छिपा दिया।

# कोतवाली क्षेत्र में बालक से कुकर्म, केस दर्ज

संतकबीरनगर। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले बालक के साथ गांव के ही युवक ने शुक्रवार को कुकर्म किया। पुलिस ने इस मामले में आरोपी पर केस दर्ज किया।

पीड़ित पिता का आरोप है कि नौ वर्षीय बेटे को गांव के युवक के साथ सामान खरीदने के लिए बाइक से भेजा था। आरोप है कि रास्ते में उसने बेटे को बाइक से उतार दिया। पुलिया के पास ले जाकर बेटे के साथ कुकर्म किया।

आरोपल ने घटना की जानकारी किसी को देने पर जानमाल की धमकी दी। संवाद



पुलिस लाइंस में दौड़ लगाते पुलिसकर्मी। संवाद

# एसपी ने पुलिस कर्मियों से लगवाई दौड़

संतकबीरनगर। एसपी सोनम कुमार ने शुक्रवार को पुलिस लाइंस की परेड का निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस कर्मियों को शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए दौड़ लगवाई।

## ड्यूटी के दौरान साफ सुथरी की वर्दी पहनने का दिया सुझाव

एसपी ने परेड में शामिल पुलिस कर्मियों के टर्न आउट की जांच की। अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ड्यूटी के दौरान उच्च कोटि की वर्दी पहनने व जनता से मधुर व्यवहार करने के निर्देश दिए। परेड के दौरान अनुशासन व एकरूपता के लिए टोली वार ड्रिल कराया।

बाद में आवासीय परिसर स्थित पार्क, ओपन जिम, मंदिर परिसर, स्टोर रूम आदि का निरीक्षण किया। पुलिस लाइंस की बेहतर सफाई के लिए प्रतिसार निरीक्षक को निर्देश दिए। पुलिस लाइंस के आदेश कक्ष में रजिस्टरों का निरीक्षण करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान सीओ लाइंस दीपांशी राठौर, प्रतिसार निरीक्षक रजनीकांत ओझा आदि उपस्थित रहे। संवाद

# पुलिस मुठभेड़ में छह शातिर चोर पकड़े गए

## जिले में हुईं छह चोरियों का पर्दाफाश, जेवरात, 29 हजार नकद बरामद

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। कोतवाली और सर्विलांस की संयुक्त टीम ने औद्योगिक क्षेत्र से शुक्रवार को मुठभेड़ में अंतरजनदीय छह शातिर चोरों को गिरफ्तार किया। उसके पास से पिस्टल, खोखा, चोरी के जेवरात, 29 हजार रुपये नकद बरामद हुए। पूछताछ में जिले में हुई छह चोरी की घटनाओं का पर्दाफाश हुआ।

एसपी सोनम कुमार ने बताया कि कोतवाल सर्वेश राय और सर्विलांस की संयुक्त टीम ने औद्योगिक क्षेत्र से छह चोरों को गिरफ्तार किया।

चोरों के एक साथी ने पुलिस टीम पर फायरिंग की। पकड़े गए चोरों की पहचान मोहम्मद शहजादे, कमरुद्दीन निवासी तुर्कमानपुर राजघाट गोरखपुर, आरिफ निवासी पहाड़पुर राजघाट, पिंकू उर्फ गौरव निवासी हांसुपुर राजघाट, सौरभ राय निवासी बड़गो थाना धनघटा, संतकबीरगर और अभिमांशु सिंह निवासी डोमहर थाना सहजनवा जिला गोरखपुर के रूप में हुई।

पूछताछ में पकड़े गए चोरों ने बताया कि उनका एक संगठित गिरोह है। सरगना शहजादे है। वह लोग गोरखपुर में किराए का कमरा लेकर रहते हैं। बस्ती, गोरखपुर आदि आसपास के सीमावर्ती जनपदों में चोरी व नकबजनी की घटनाएं करते हैं। दो दिन पूर्व औद्योगिक क्षेत्र में रेकी कर चोरी के लिए मकान चिह्नित किया था। उसी घटना को अंजाम देने के लिए एकत्र हुए थे।



कोतवाली और सर्विलांस की संयुक्त टीम ने औद्योगिक क्षेत्र से शुक्रवार को अंतरजनदीय छह शातिर चोरों को गिरफ्तार किया। संवाद

### चोरी के लिए मकान चिह्नित किया था

मजीद ने बताया गया कि उन लोगों ने 29/30 सितंबर की रात पिपरा बोरिंग चौराहे के पास एक मेडिकल स्टोर की दुकान का शटर तोड़कर चोरी की थी। इस घटना में शहजादे ने बताया कि उसके साथ कमरुद्दीन व आरिफ थे। 6/7 अगस्त की रात कस्बा खलीलाबाद में मुखलिसपुर चौक के पास एक दुकान में शटर तोड़कर चोरी की थी।

8/9 नवंबर की रात बरदहिया बाजार में एक मकान में ताला तोड़कर चोरी करना बताया। 15/16 नवंबर की रात में परसाकला में एक ज्वेलरी की दुकान में चोरी करने की थी।

मीरगंज में एक बंद मकान में ताला तोड़कर चोरी की थी। पूछताछ में शहजादे ने बताया कि दस अक्तूबर को बिसरापार गांव के सिवान में बिजली का तार टूट कर गिर गया था, जिसे उठा ले गए थे।

GONDA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 26-11-2022

# मनकापुर में किशोरी लापता, अपहरण का केस

मनकापुर। घर से शौच के लिए निकली किशोरी की अचानक गायब हो गयी। इस मामले में पिता के तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपहरण की रिपोर्ट दर्ज किया गया है। क्षेत्र के एक गांव व्यक्ति ने तहरीर में कहा है कि गुरुवार की शाम को उसकी 16 वर्षीय पुत्री घर से शौच के लिए निकली थी। देर रात तक वह घर नहीं लौटी। खोजबीन करने पर भी उसका कोई पता नहीं चला।

# धमकी देने के मामले में चार पर केस दर्ज

मनकापुर। क्षेत्र के अंधियारी बाजार निवासी अनीस कुमार सिंह ने शुक्रवार को कोतवाली में लिखाई रिपोर्ट में कहा है कि वह अपने साथी बाबूराम के साथ कुड़ासन बाजार में गया था। आरोप है कि चार पहिया वाहन सवार प्रताप नारायन शुक्ल निवासी ग्राम करमिया थाना बस्ती, राकेश कुमार पांडेय निवासी ग्राम महुआडीह बुजुर्ग थाना डुमरियागंज जनपद सिद्धार्थ नगर व दो अज्ञात लोग अपमानित करते हुए आमादा फौजदारी हो गए। कोतवाल मनोज कुमार राय ने बताया कि चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। जांच की जा रही है।

# मादक पदार्थ के साथ आरोपी गिरफ्तार

गोण्डा। नगर कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार को गश्त के दौरान मादक पदार्थ के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उपनिरीक्षक भानुप्रताप सिंह ने पुलिस टीम के साथ आरोपी राजा उर्फ बटन को धर दबोचा। तलाशी में उसके पास से 65 नशीली गोलियां बरामद की है। आरोपी के खिलाफ विधिक कार्रवाई की गई है।

# अवैध तमंचा लहराने वाला पकड़ा

रामापुर। सोशल मीडिया पर अवैध तमंचा लहराने के आरोपी को कौड़िया पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामला कौड़िया थाना क्षेत्र के छिरास गांव का है जहां पर रोहित शुक्ला फेसबुक पर तमंचा लहरा कर फोटो डाली थी। पुलिस तत्परता दिखाते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक विद्यासागर पांडे ने बताया कि आरोपी के पास तमंचा बरामद किया गया है। आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपी को जेल भेजा गया है।

# महिला की तहरीर पर मुकदमा दर्ज, टीम गठित

टिकरी। नवाबगंज थाना क्षेत्र की एक महिला की तहरीर पर दो लोगों के खिलाफ 16 वर्षीय किशोरी के अपहरण का मुकदमा दर्ज किया गया है। महिला के अनुसार बीते मंगलवार को आरोपियों ने उसकी बेटी को अगवा कर लिया। उसका कहना है कि दोनों उसे लेकर मुंबई चले गए हैं। प्रभारी निरीक्षक नवाबगंज अरुण कुमार द्विवेदी ने कहा तहरीर के आधार पर अपहरण का मुकदमा दर्ज कर टीम गठित की गई है।

# वाहनों का चालान, जुर्माना भी वसूला

खोरहंसा। यातायात माह में लोगों को नियमों की जानकारी देते हुए खोरहंसा चौकी पुलिस ने बाजार में वाहन चेकिंग कराई। पंद्रह दोपहिया वाहन का 16 हजार रुपये चालान किया। प्रभारी अर्जुन सिंह ने बताया कि बिना हेलमेट लगाए। उन्होंने कहा कि बगैर डीएल, नाबालिग के वाहन चलाते हुए पाये जाने पर 16 हजार रुपये का चालान किया गया है। उन्होंने बताया कि लोगों को यातायात के नियमों की जानकारी भी दी गयी है।

# आरोपी की गिरफ्तारी की मांग उठाई

गोण्डा। बहराइच जिले के चिलवरिया में बलात्कार के बाद महिला की हत्या करने के आरोपी तांत्रिक की गिरफ्तारी की मांग को लेकर शुक्रवार को अखिल भारतीय बढ़ई महासभा ने डीआईजी को ज्ञापन सौंपा। मण्डल संयोजक जयलाल शर्मा, प्रदेश महासचिव दुर्गेश विश्वकर्मा ने बताया कि मामले में कई सप्ताह बीतने के बाद भी आरोपी बाहर घूम रहा है। रामनरेश शर्मा, अरविन्द शर्मा, अंकित शर्मा, स्वामीनाथ शर्मा, देवप्रकाश शर्मा, राजकुमार शर्मा, लक्ष्मण शर्मा आदि रहे।

हिन्दुस्तान

कोतवाली नगर व एसओजी टीम को मिली सफलता, 25 हजार का इनाम, अदालत ने पुलिस को दिया रिमांड

# तीस मुकदमों में नामजद वकील गिरफ्तार

**बड़ी कार्रवाई**

**गोण्डा, विधि संवाददाता।** भूमि के खरीद-फरोख्त में फर्जीवाड़े के तीस मामलों में नामजद आरोपी अधिवक्ता बृजेश द्विवेदी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने शुक्रवार को उसे एसीजेएम प्रथम की अदालत के समक्ष पेश किया। अदालत ने आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। अगली रिमांड पेशी की तिथि सात दिसंबर नियत की गई है। इस मौके पर अदालत पर सैकड़ों अधिवक्ताओं की भीड़ जुटी रही।

**डीआईजी ने किया पुरस्कृत:** आरोपी अधिवक्ता को गिरफ्तार करने वाली पुलिस व एसओजी टीम को उत्साहवर्धन के लिए डीआईजी ने पच्चीस हजार रुपए देकर पुरस्कृत किया। पुलिस के अनुसार विभिन्न थानों में अधिवक्ता बृजेश कुमार अवस्थी पर धोखाधड़ी, जालसाजी व कूटरचना सहित विभिन्न धाराओं में कुल तीस मुकदमे पंजीकृत हैं।

**कई लोगों तक पहुंच सकती है जांच की आंच :** जमीन घोटाले की जांच में अभी कई लोगों की गर्दनें फंस सकती हैं। सूत्रों की मानें तो जमीन फर्जीवाड़े में तहसील, रजिस्ट्री व सफेदपोशों का जबरदस्त काकस है। यदि जांच सही ढंग से हुई तो इस घोटाले में कई सफेदपोश भी बेनकाब हो सकते हैं।

**डीआईजी स्टांप सहित सात कर्मचारियों का हो चुका है निलंबन :** भूमि घोटाले प्रकरण में डीआईजी स्टांप अरुण कुमार मिश्रा व एआईजी स्टांप मनोज कुमार श्रीवास्तव , सब रजिस्ट्रार सुधा यादव, पूर्व में तैनात सब-रजिस्ट्रार मुखराम सिंह व शैलेन्द्र सिंह तथा कनिष्ठ लिपिक अरविंद कुमार व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी ननकू राम तिवारी निलंबित किए जा चुके हैं।

**इनकी तहरीर पर दर्ज हुआ था मुकदमा :** कोतवाली नगर हारीपुर गांव निवासी श्रीमती ज्ञाना देवी ,पूरे खेमकरन निवासी उदय प्रताप, भदुवा तरहर गांव निवासी रामशंकर , पिपरा बाजार गांव के उच्च न्यायालय के अधिवक्ता दादूराम शुक्ला, पथवलिया गांव निवासी कुसुम लता श्रीवास्तव ,इटियाथोक के अहिरौलिया निवासी मंगली प्रसाद, भदुवा तरहर गांव निवासी राजू बाजपेई व द्वारिका प्रसाद अवस्थी ,पथवलिया निवासी साधू शरण शुक्ला ,ददुआ बाजार के राम औतार गुप्ता ने कुल तिहत्तर लोगों के विरुद्ध कोतवाली नगर में रिपोर्ट दर्ज कराई। जिसके बाद मामला एसआईटी को सौंप दिया गया था। एसआईटी रजिस्ट्री आफिस के अभिलेखों की जांच पड़ताल व वहां के कर्मचारियों से पूछताछ कर चुकी है।

**ऐसे खुली फर्जीवाड़े की पोल :** 29 जुलाई 2022 को सुधा यादव की तहरीर पर कूटरचना, जालसाजी व धोखाधड़ी की धाराओं में कोतवाली नगर में मुकदमा दर्ज कराया गया। जिसमें मधु मेहरोत्रा के पति अनूप मेहरोत्रा के नाम से एक फर्जी बैनामा कलावती के पक्ष में वर्ष 1998 में होना बताया गया , जो जांच में फर्जी मिली। कलावती से यह जमीन ललितेश कुमार सिंह द्वारा खरीदी जा रही थी। जांच में पाया गया कि कलावती द्वारा अपने पक्ष में कराये गये विलेख को क्रमांक संख्या 8349 पर दर्ज होना बताया गया। अभिलेख से मिलान करने पर 8349 क्रमांक पर किसी राजकुमारी का नाम दर्ज होना पाया गया। जांच में यह भी खुलासा हुआ कि बैनामे की एक प्रति जो अभिलेखों में रखी जाती है उससे छेड़छाड़ करते हुए मूल अभिलेख हटाकर सरकारी कर्मचारियों की मिलीभगत से कलावती के फर्जी बैनामे की प्रति लगा दी गई। लेकिन रजिस्टर में यह परिवर्तन नहीं किया जा सका। इसके अलावा कलावती के पक्ष में दाखिल खारिज भी चौबीस वर्षों के पश्चात जून 2022 में नायब तहसीलदार द्वारा कर दिया गया।



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी बृजेश द्विवेदी।

## कभी भी तहसील पहुंच सकती है एसआईटी

सूत्रों के अनुसार भूमि घोटाले की जांच को लेकर एसआईटी की टीम कभी भी तहसील पहुंच सकती है। जिसकी सुगबुगाहट को लेकर तहसील के अधिकारियों व कर्मचारियों की धड़कनें तेज हो गई है। अभी हाल में एसआईटी आई थी और कई महत्वपूर्ण दस्तावेज भी अपने कब्जे में लिए थे।

## डीआईजी के निर्देश पर शुरू हुई थी जांच

डीआईजी उपेंद्र कुमार अग्रवाल ने प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए रजिस्ट्री दफ्तर में व्याप्त भ्रष्टाचार की जांच करने के लिए एसपी को निर्देश दिया था। उन्होंने बीते दो अगस्त को भेजे गए पत्र में आठ बिंदुओं पर प्रमुखता से जांच कर कार्रवाई का निर्देश दिया था।

# छह दुकानों पर मिले आठ बालश्रमिक

करनैलगंज। श्रम विभाग की टीम ने शुक्रवार को होटलों पर ताबड़तोड़ छापेमारी की गई। जिसमें आठ बालश्रमिक कार्य करते हुए मिले। जिन्हें मुक्त कराते हुए दुकानदारों पर कार्रवाई की गई।

शुक्रवार को बालकिशोर इकाई गोंडा के बालश्रम अधिकारी सत्येंद्र प्रताप व थाना एएचटीयू के प्रभारी निरीक्षक अरविन्द कुमार की संयुक्त टीम ने करनैलगंज नगर व बालपुर बाजार में स्थित चाय-नाश्ते व खानपान की छह दुकानों पर छापा मारा। जहां कुल 8 बाल श्रमिक कार्य करते मिले। अधिकारियों ने बताया कि दुकानदारों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है।

# संयुक्त टीम ने बाल श्रमिकों को मजदूरी करते पकड़ा

**संसू, कर्नलगंज( गोंडा ):** प्रशासन की तमाम कोशिशों के बाद भी बाल मजदूरी नहीं रुक रही है। शुक्रवार को बालकिशोर इकाई के बालश्रम अधिकारी सत्येंद्र प्रताप व थाना एएचटीयू के प्रभारी निरीक्षक अरविन्द कुमार ने स्थानीय कस्बे में चाय,पान व नाश्ते की छह दुकानों पर संयुक्त रूप से छापा मारा। यहां अलग-अलग दुकानों पर आठ बाल श्रमिक मजदूरी करते हुए मिले। इन्हें तत्काल छुड़ा लिया गया। सभी दुकानदारों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए इन्हें भविष्य में ऐसा न करने की चेतावनी दी।

# अवैध असलहा के साथ वीडियो वायरल

**संसू, गोंडा :** अवैध असलहा के साथ इंटरनेट मीडिया पर फोटो वायरल करने के आरोपित रोहित शुक्ल को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इंटरनेट मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें युवक अवैध असलहा के साथ है और अपना रौब जमाने का प्रयास करता नजर आ रहा है। उप निरीक्षक अश्वनी कुमार दुबे ने कहा कि जांच में पाया गया कि आरोपित रोहित शुक्ल कौड़िया के छिरास का रहने वाला है। उसको गिरफ्तार कर उसके पास से अवैध असलहा भी बरामद किया गया है।

# बाइक सवार को धमकी देने पर चार पर मुकदमा

संसू, मनकापुर(गोंडा) : कोतवाली के अंधियारी बाजार के रहने वाले अनीस कुमार सिंह ने दी गई तहरीर में कहा कि वह अपने साथी बाबूराम के साथ कुड़ासन बाजार स्थित एक दुकान पर रुका था। तभी चार पहिया सवार प्रताप नारायन शुक्ल निवासी ग्राम करमिया थाना बस्ती,राकेश कुमार पांडेय निवासी ग्राम महुआडीह बुजुर्ग थाना डुमरिया गंज जनपद सिद्धार्थ नगर व दो अज्ञात लोग पहुंच गए। उसे अपमानित करते हुए मारपीट करने लगे। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय ने बताया कि चार आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# दो किशोरियों का अपहरण, मुकदमा दर्ज

## किशोरी की तलाश के लिए लगाई गईं टीमें पड़ोस में रहने वाले युवक पर जताई आशंका

**जागरण टीम, गोंडा** : दो गांव की रहने वाली किशोरी के अपहरण किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित के स्वजन की तहरीर पर मुकदमा किया है। किशोरी की तलाश को टीमें लगाई गई हैं।

नवाबगंज संवादसूत्र के अनुसार एक गांव की रहने वाली महिला ने दी गई तहरीर में कहा कि उसकी 16 वर्षीय बेटी का अपहरण कर लिया गया है। महिला ने कहा कि गत मंगलवार को गांव के पड़ोस के रहने वाले युवक ने उसकी बेटी का अपहरण कर लिया है। महिला ने आशंका जताई है कि आरोपित उसकी बेटी को मुंबई लेकर चला गया है। प्रभारी निरीक्षक नवाबगंज अरुण कुमार द्विवेदी ने कहा अपहरण का मुकदमा लिख गया है। किशोरी के बरामदगी के लिए टीम लगाई गई है। मनकापुर संसू के अनुसार एक गांव के रहने वाले पीड़ित पिता ने दी गई तहरीर में कहा कि गुरुवार की शाम को उसकी 16 वर्षीय बेटी घर से शौच के लिए गई थी। देर तक वह वापस नहीं लौटी तो उसकी तलाश की गई। उसका कहीं कुछ पता नहीं चला। आशंका व्यक्त किया कि उसके बेटी का अपहरण कर लिया गया है। पुलिस ने बताया कि अज्ञात के खिलाफ अपहरण का मुकदमा किया गया है।

# सात आरोपितों के खिलाफ कुर्की का आदेश

**संवादसूत्र, कटराबाजार (गोंडा)** : जानलेवा हमले में फरार चल रहे सात आरोपितों के खिलाफ न्यायालय ने कुर्की का आदेश दिया। गौरिया गांव में वर्ष 2021 में पवन सिंह पर जानलेवा हमला हुआ था। पीड़ित ने लक्ष्मण सिंह सहित 12 के खिलाफ मुकदमा किया था। नामजद आरोपितों में से पांच ने न्यायालय में आत्म समर्पण कर दिया था। सात आरोपित फरार चल रहे थे। अपराध शाखा के प्रभारी निरीक्षक अखिलेश यादव ने बताया कि गौरिया गांव के रहने वाले लक्ष्मण सिंह, शिवम सिंह, शुभम सिंह, रणविजय सिंह, सतेन्द्र सिंह, चंद्रपाल सिंह व अंकित सिंह के विरुद्ध न्यायिक दंडाधिकारी द्वितीय की न्यायालय ने संपत्ति कुर्की का आदेश दिया है। कहा आदेश की प्रति कटरा बाजार थाने को भेज दी गई है। प्रभारी निरीक्षक चितवन कुमार ने बताया कि कुर्की का आदेश मिला है। न्यायालय के आदेश का पालन कराया जाएगा।

# मुख्यालय पर खुला एंटी करप्शन थाना, ज्ञानेंद्र बने पहले प्रभारी



पुलिस लाइन में स्थित भ्रष्टाचार निवारण संगठन थाना ● जागरण

**संसू, गोंडा** : मंडल मुख्यालय पर एंटी करप्शन (भ्रष्टाचार निवारण संगठन) थाना स्थापित किया गया है। ज्ञानेंद्र कुमार को एंटी करप्शन थाना का पहला प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है। अब सरकारी कर्मचारियों से लेकर अन्य भ्रष्टाचार की जांच के लिए देवीपाटन मंडल मुख्यालय पर एंटी करप्शन की टीम मौजूद रहेगी।

एंटी करप्शन की जांच के लिए लोगों को अभी अयोध्या जाना पड़ता था। भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की अदालत गोरखपुर में लगती है। ऐसे में भ्रष्टाचार की शिकायत व जांच के लिए लोग अयोध्या जाते थे। मंडल मुख्यालय पर एंटी करप्शन का थाना खुलने से गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती व बहराइच जिलों के भ्रष्टाचार की जांच व मुकदमा यहीं हो सकेगा। इससे भ्रष्टाचार पर रोकथाम भी लगेगी। पुलिस लाइन परिसर स्थित महिला थाना के बगल एंटी करप्शन थाना संचालित किए जाने के लिए अभी भवन आवंटित किया गया है। एंटी करप्शन थाना के प्रभारी निरीक्षक ज्ञानेंद्र कुमार ने कहा कि सीओ योगेंद्र कुमार ने भी थाना भवन का निरीक्षण किया है। अभी तीन निरीक्षक और आरक्षियों की तैनाती की प्रकिया चल रही है। कहा कि भ्रष्टाचार की शिकायतें अब यहां दर्ज की जाएंगी।

# बैनामा में फर्जीवाड़े का आरोपित गिरफ्तार

**संसू, गोंडा :** कूटरचित दस्तावेज तैयार कर भूमि का बैनामा कराने व जानलेवा हमला सहित अन्य मामलों के आरोपित अधिवक्ता बृजेश कुमार अवस्थी को गिरफ्तार किया गया है। डीआइजी उपेंद्र अग्रवाल ने गिरफ्तारी करने वाली टीम को 25 हजार रुपये नकद पुरस्कार देने की घोषणा की है।

नगर कोतवाल राकेश कुमार सिंह ने बताया कि गत चार माह में बृजेश अवस्थी के खिलाफ धोखाधड़ी के 18 मुकदमा लिखा गया है। आरोप है कि बृजेश ने कूट रचना कर फर्जी दस्तावेज तैयार कर भूमि का बैनामा कराया है। आरोपित के खिलाफ विभिन्न धाराओं में 30 मुकदमा दर्ज है। एसपी आकाश तोमर ने भूमि बैनामा में फर्जीवाड़ा करने वाले आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए नगर कोतवाली पुलिस के साथ स्पेशल आपरेशन ग्रुप को लगाया था। बकौल पुलिस बृजेश को लखनऊ से गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तारी करने वाले प्रभारी निरीक्षक नगर कोतवाली राकेश कुमार सिंह व एसओजी प्रभारी संतोष कुमार सिंह की टीम को 25 हजार रुपये नकद पुरस्कार देने की घोषणा की। फर्जीवाड़ा के आरोपित बृजेश अवस्थी की गिरफ्तारी के बाद अन्य आरोपितों में हड़कंप मच गया है।

- **आरोपित अधिवक्ता पर दर्ज हैं 30 मुकदमे, धोखाधड़ी व जानलेवा हमला समेत अन्य हैं आरोप**

## डरने की जरूरत नहीं

डीआइजी उपेंद्र अग्रवाल ने कहा कि किसी भी पीड़ित को डरने की जरूरत नहीं है। धोखाधड़ी कर यदि किसी की भूमि का बैनामा करा लिया गया है, या फिर हेराफेरी की गई है तो वह शिकायत करें। आरोपितों पर मुकदमा कराकर पीड़ितों को न्याय दिलाया जाएगा। यदि किसी भी पीड़ित को परेशान किए जाने की शिकायत मिलती है तो दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## एसआइटी कर रही है जांच

कूटचरना कर भूमि का बैनामा कराने के मामले में गत चार माह में 32 मुकदमे लिखे गए हैं। भूमि बैनामा में किए गए फर्जीवाड़ा की जांच राज्य विशेष अनुसंधान दल (एसआइटी) कर रही है। डीआइजी के पत्र पर शासन ने जमीन बैनाम में किए गए फर्जीवाड़ा के दस मुकदमो की जांच एसआइटी को अभी दी गई। एसआइटी की टीम ने निबंधक कार्यालय व नगर पालिका से भूमि बैनामा संबंधी अभिलेख एकत्र कर जांच शुरू कर दी है। टीम साक्ष्य एकत्र कर रही है। माना जा रहा जल्द ही कई आरोपित पुलिस की गिरफ्त में होंगे। कई माननीय के नाम भी सामने आ सकते हैं। मामले में निबंधक कार्यालय के तीन अधिकारी पर पूर्व में कार्रवाई भी हो चुकी है।

# बच्चों के विवाद में मारपीट आठ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट

संवाद न्यूज एजेंसी

**परसपुर (गोंडा)।** बच्चों के विवाद को लेकर भौरीगंज गांव के मजरे दक्षिण तकिया में शुक्रवार को हुई मारपीट में दोनों पक्षों की दो महिलाओं को चोटें आई हैं। पुलिस ने दो महिलाओं सहित आठ लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

ग्राम भौरीगंज दक्षिण तकिया निवासिनी नाजमा पत्नी निजामुद्दीन ने बताया कि बच्चों के खेलने को लेकर हुए विवाद में गांव के कुछ लोगों ने अभद्रता कर लाठी-डंडे से पिटाई कर दी।

जाते समय जान से मारने की धमकी भी दी। पड़ोस के लोगों ने बीच-बचाव कराया। नाजमा की तहरीर पर वसीम, जलील व पत्नी अफसरा, पुत्री चांदनी के खिलाफ केस दर्ज हुआ है।

दूसरे पक्ष की अफसरी पत्नी जलील अहमद ने बताया कि बच्चों के विवाद को लेकर गांव के कुछ लोगों ने लाठी-डंडे से पिटाई कर दी। आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी है।

अफसरी की तहरीर पर आलम, अकरम, ननकू व मुकीम के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सरोज ने बताया कि कार्रवाई की जा रही है।

# आठ बाल श्रमिकों को कराया मुक्त

**करनैलगंज (गोंडा)।** बालश्रम के खिलाफ शुक्रवार को अभियान चलाया गया। चाय व खानपान की दुकानों पर छापा मारकर आठ बालश्रमिक को मुक्त कराया गया। दुकानदारों पर कार्रवाई की गई है।

वहीं, इस टीम के पहुंचने की जानकारी मिलते ही होटल व चाय के साथ-साथ अन्य दुकानों पर कार्य करने वाले नाबालिग बच्चों को हटा दिया गया।

शुक्रवार को बालकिशोर इकाई के बालश्रम अधिकारी सत्येंद्र प्रताप व थाना एएचटीयू के प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार, कांस्टेबल रामजीत, अरविंद कुमार की संयुक्त टीम ने करनैलगंज व बालपुर की चाय व खानपान की दुकानों पर छापा मारा।

अधिकारियों ने बताया कि दोनों बाजारों की 6 दुकानों पर छापा मारा गया। इस दौरान कुल आठ बाल श्रमिक कार्य करते हुए पाए गए। अधिकारियों ने बताया कि सभी दुकानदारों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। बाल श्रमिकों से कार्य न करवाने कि सख्त हिदायत दी गई है। (संवाद)

# सड़क सुरक्षा मेले में मिलेगा इनाम

**गोंडा।** यातायात माह के दौरान पुलिस विभाग की ओर से सड़क सुरक्षा मेले का आयोजन 27 नवंबर रविवार को गांधी पार्क में होगा। मेले में विजेताओं को पुरस्कार किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर ने बताया कि शासन के निर्देश पर पुलिस विभाग की ओर से प्रति वर्ष नवंबर माह को यातायात माह के रूप में मनाया जाता है। एएसपी शिवराज को मेले का नोडल अधिकारी बनाया गया है।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि 'यातायात प्रबंध एवं सड़क सुरक्षा' विषय पर पेंटिंग व पोस्टर, भाषण, स्लोगन तथा वाद-विवाद प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। (संवाद)

# बाइक सवार को किया अपमानित, चार पर केस

संवाद न्यूज एजेंसी

**मनकापुर(गोंडा)।** बाइक सवार को अपमानित कर धमकाने के मामले में दो अज्ञात समेत चार लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

मनकापुर क्षेत्र के अंधयारी बाजार निवासी अनीस कुमार सिंह ने शुक्रवार को कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि 22 नवंबर शाम वह अपने साथी बाबूराम के साथ कुड़ासन बाजार गया था। वहां उसने बाइक रोकी तो पीछे से चौपहिया वाहन उसके पास आकर रुकी। वह घबरा गया। उसने चौपहिया वाहन चालक से आपत्ति जताई।

इससे नाराज चौपहिया वाहन सवार प्रताप नारायन शुक्ल निवासी ग्राम करमिया कोतवाली बस्ती, राकेश कुमार पांडेय निवासी ग्राम महुआडीह बुजुर्ग थाना डुमरियागंज सिद्धार्थ नगर व दो अज्ञात लोग उसे अपमानित करने लगे। विरोध करने पर मारपीट पर आमादा हो गए। यह देखकर आस-पास के लोग एकत्र हो गए तो धमकी देते हुए भाग निकले।

प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय ने बताया कि चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

## मारपीट में तीन घायल

**खरगूपुर (गोंडा)।** जमीन कब्जेदारी को लेकर विरोध करने पर महिला समेत तीन लोगों को लाठी, डंडे व कुल्हाड़ी से हमलाकर घायल कर दिया गया। पुलिस ने चार सगे भाइयों के खिलाफ मारपीट व धमकी समेत विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। ग्राम पंचायत देवरिया खाम में जगराम यादव का उसके भाई राम बहादुर यादव से जमीन का विवाद चल रहा है। जगराम यादव का आरोप है कि शुक्रवार को भाई राम बहादुर के बेटे दिनेश यादव, संजय, कुली व सुनील विवादित जमीन पर कब्जा करने लगे। उसने रोका तो आरोपियों ने जगराम यादव (70) उसके बेटे लालता प्रसाद (40) व बहू रेखा देवी (38) पत्नी लालता प्रसाद की लाठी डंडे से पिटाई कर दी। (संवाद)

# बैनामा घोटाले का मास्टर माइंड गिरफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी

**गोंडा।** उप निबंधक कार्यालय के अभिलेखों में हेराफेरी कर जमीन का फर्जी बैनामा कराने का फरार आरोपी लखनऊ में पुलिस के हत्थे चढ़ा। गोंडा से आई टीम ने लखनऊ पुलिस की मदद से बैनामा घोटाले के मुख्य सरगना बृजेश अवस्थी को बीते शुक्रवार की देर शाम गोमती नगर से गिरफ्तार किया है।

आरोपी आठ साल से जमीन की खरीद फरोख्त में फर्जीवाड़ा कर रहा था। उसके खिलाफ अब तक 30 मुकदमे दर्ज हो चुके हैं। डीआईजी उपेंद्र अग्रवाल ने गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम को 25 हजार रुपये का पुरस्कार देने की घोषणा भी की है।

साल 2016 से शहर व आसपास के गांवों में सरकारी स्वामित्व की कीमती जमीनों का फर्जी बैनामा किए जाने का खेल चल रहा था। इस फर्जीवाड़े में फरार शहर निवासी बृजेश अवस्थी मुख्य आरोपी था। एसपी आकाश तोमर ने बताया कि घोटाले के सरगना की गिरफ्तारी के बाद उससे होने वाली पूछताछ के बाद जल्द ही इस घोटाले से जुड़े अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी में भी पुलिस टीमों को सक्रिय किया गया है।

बताया कि उप निबंधक कार्यालय में भूमि के बैनामों में हो रहे फर्जीवाड़े के खुलासा होने के बाद से अब तक गड़बड़ी से जुड़े 60 बैनामे सामने आ चुके हैं। इनमें से 30 मुकदमों में बृजेश अवस्थी मुख्य आरोपी है। अब तक हुई पुलिस जांच में इस गैंग से जुड़े 19 लोगों के नाम सामने आ चुके हैं।

एसपी ने बताया कि एसओजी व नगर पुलिस को इस घोटाले के फरार मुख्य सरगना के लखनऊ में होने की जानकारी मिली थी। पकड़े गए आरोपी बृजेश से पुलिस द्वारा अब तक की गई पूछताछ में इस खेल से जुड़े कई अन्य के बारे अहम जानकारी मिली है। इसके आधार पर ही इस मामले में और लोगों की गिरफ्तारी के लिए अलग-अलग टीमें जुटाई गई हैं।



गोंडा के नगर कोतवाली में पुलिस गिरफ्त में जालसाजी का आरोपी। -संवाद

**गोंडा पुलिस की टीम ने लखनऊ पुलिस की मदद से गोमतीनगर इलाके से गिरफ्तार किया**

**आठ साल से जमीन की खरीद फरोख्त में कर रहा था फर्जीवाडा, दर्ज हो चुके हैं 30 मुकदमे**

### निबंधन के कई अफसरों पर गिर चुकी गाज

फर्जीवाड़े से बैनामा कर जमीन हथियाने के मामले में अब तक उप निबंधक कार्यालय से जुड़े कई अफसरों पर गाज गिर चुकी है। निबंधन विभाग के उप महानिरीक्षक अरुण कुमार मिश्र, मनोज कुमार श्रीवास्तव के साथ ही तात्कालिक उपनिबंधक सदर शुभ यादव, पूर्व में नियुक्त रहे मुखराम सिंह के साथ ही दो कर्मचारी अरविंद और ननकू भी अब तक इस मामले में निलंबित किए जा चुके हैं। साथ ही पूरे मामले की विभागीय जांच भी अलग से चल रही है।

### एसआईटी कर रही जांच

**फर्जी बैनामा** के सहारे सरकारी जमीन हड़पने से जुड़े इस खेल की जांच क्राइम ब्रांच के साथ एसआईटी भी कर रही है। बीते दिनों एसआईटी के एसपी देवरंजन वर्मा की अगुवाई में एक टीम ने शहर में डेरा डाल कर उपनिबंधक कार्यालय में मौजूद कई अभिलेखों व दस्तावेजों की जांच के साथ ही तैनात अफसरों व कर्मचारियों से भी पूछताछ की थी।

### भूमि बैनामा फर्जीवाड़े में 19 पर केस

**गोंडा।** जिले में भूमि बैनामा फर्जीवाड़े में बीते गुरुवार को कोतवाली नगर में एक और केस दर्ज किया गया है। नगर कोतवाली के भदुआ तरहर के राजू बाजपेई ने 19 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है।

आरोप है कि फर्जी तरीके से भूमि का बैनामा कराने का एक गिरोह सक्रिय है, जोकि विरोध करने पर संगीन आरोपों का फर्जी केस दर्ज करा देता है। इसमें परसपुर थाने के बौरा निवासी शिवदयाल सिंह को प्रमुख बताते हुए तहरीर दी।

डीआईजी के आदेश पर नगर कोतवाली में शिवदयाल सिंह समेत 19 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई है। वहीं, एक अन्य मामले में जमीन बैनामा के फर्जीवाड़े की एक और तहरीर नगर कोतवाली पुलिस को दी गई है।

गोंडा गिर्द के गोविंद ने पुलिस को तहरीर देकर एफआईआर दर्ज कराने की मांग की है। नगर कोतवाल राकेश कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। (संवाद)

# BALRAMPUR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 26-11-2022

# वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

उतरौला। थानाध्यक्ष गैंड़ास बुजुर्ग गौरव सिंह तोमर के नेतृत्व में गुरूवार को उप निदेशक पूर्णेश नारायण पाण्डेय टीम के साथ रात्रि गश्त पर थे। इसी दौरान थाना स्थानीय के वांछित अभियुक्त मन्नान पुत्र हैदर अली निवासी ग्राम सहियापुर थाना गैंडास बुजुर्ग को वहद ग्राम बदलपुर से गिरफ्तार किया गया।

# कर्मियों ने छात्रों को यातायात नियमों की जानकारी

**जागरूकता**

बलरामपुर, संवाददाता। पुलिस अधीक्षक बलरामपुर श्री राजेश कुमार सक्सेना के निर्देशन क्षेत्राधिकारी ने यातायात नियमों के बारे में लोगों को जागरूक किया। यातायात माह में विशेष सड़क सुरक्षा अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी यातायात ज्योति श्री व यातायात पुलिस टीम ने लोगों को यातायात नियमों के बारे में जागरूक किया।

उन्होंने जीसस मैरी स्कूल व देवी आरती पीलीभीत के छात्र/छात्राओं को यातायात नियमों के जानकारी दी। साथ ही छात्रों को साइकिल के आगे व पीछे रिफ्लेक्टर टेप लगाकर जागरूक किया। क्षेत्राधिकारी ने छात्र-छात्राओं को बताया कि बिना ड्राइविंग लाइसेंस और बिना हेलमेट के बाइक न चलाएं। कहा कि वयस्क बच्चे ही यातायात नियमों का पालन करते हुए दोपहिया वाहन चला सकते हैं।

# तेंदुए का पता लगाने के लिए खंगाल रहे कैमरा

दिलीप सिंह • पचपेड़वा (बलरामपुर)

घटना के दो दिन बाद भी मजगवां के लोग सहमे हैं। सूरज ढलते ही ग्रामीण घर में बंद हो जाते हैं। बच्चों को अकेले बाहर नहीं निकलने दे रहे हैं। वजह, तेंदुए ने बुधवार की रात गांव के संदीप को निवाला बना लिया था। इस घटना को लोग भूला नहीं पा रहे हैं। वन विभाग भी पिंजरा लगाकर तेंदुए को पकड़ने की प्रतीक्षा कर रहा है। गुरुवार रात तेंदुए की आमद गांव की तरफ नहीं रही। पिंजरा खाली ही रह गया। वन विभाग तेंदुए की चहलकदमी के लिए जंगल में लगे कैमरों को भी खंगाल रहा है। उसमें तेंदुए के गांव की तरफ जाने का समय और लोकेशन दोनों मिल जाएगा। उसी के आधार पर गांव के पास लगे पिंजरे का स्थान बदला जाएगा।

मजगवां के साथ ही आसपास गांव के लोगों में भी तेंदुए की दहशत है। इसलिए लोग शाम होते ही बच्चों को घर से बाहर नहीं निकलने देते हैं। ग्रामीण भी समूह में ही खेतों को जा रहे हैं। सोहेलवा वन्य जीव प्रभाग के भांभर रेंज से सटे गांवों में तेंदुए की आवाजाही रहती है। क्योंकि जंगल से सटे खेतों में लगी गन्ने की फसल में तेंदुआ आसानी से छिप जाते हैं। वन विभाग भी ग्रामीणों को खेतों में काम करते समय सजग रहने की सलाह दी है।



पचपेड़वा के मजगवा गांव में तेंदुए को पकड़ने के लिए लगा पिंजरा देखते वनकर्मी • जागरण

**पीएम रिपोर्ट की प्रतीक्षा में विभाग:** संदीप की पोस्टमार्टम रिपोर्ट न मिलने के कारण वन विभाग अहेतुक सहायता राशि दिलाने की प्रक्रिया नहीं शुरू कर सका है। वन विभाग की रिपोर्ट पर ही प्रभागीय वनाधिकारी और जिलाधिकारी की संस्तुति पर ही मृतक के परिवारजन को चार लाख रुपये की सहायता मिलेगी।

**भांभर रेंज में लगे 10 कैमरे:** वनक्षेत्राधिकारी कोटेश त्यागी ने बताया कि भांभर रेंज में 10 कैमरे विभिन्न स्थानों पर लगे हैं। कैमरों की मदद से तेंदुए का लोकेशन और किस रास्ते अधिक आता जाता है। इसका पता लगाया जा रहा है। उसी के आधार पर पिंजरे का स्थान बदला जाएगा। कैमरे में तेंदुए के निकलने का समय, तिथि और लोकेशन सब कैद रहता है। बताया कि मजगवा गांव में गुरुवार की रात तेंदुआ नहीं आया। गांव के बाहर पग चिन्ह सर्च किया गया, लेकिन कुछ मिला नहीं। घटना से पहले तेंदुए को गांव में आने की भी बात ग्रामीण नहीं बता रहे हैं। पूर्व में दो घटनाएं विशुनपुर के अमन चौधरी और रमवापुर की रोशनी की मौत तेंदुए के हमले से हुई थी। दोनों के परिवारजन को चार-चार लाख रुपये की सहायता मिल चुकी है। शेष एक लाख रुपये शासन से मिलना है। संदीप की पीएम रिपोर्ट मिलते ही सहायता दिलाने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

******

# युवक को पीटकर किया जख्मी, दो पर मुकदमा

**संवादसूत्र, श्रीदत्तगंज (बलरामपुर) :** देवरिया विशंभरपुर गांव में दो पक्षों में मारपीट का मामला प्रकाश में आया है। मारपीट में एजाज की आंख में गंभीर चोटें आई हैं। उसे संयुक्त जिला अस्पताल से लखनऊ रेफर किया गया है।

पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में घायल के पिता असगर अली ने आरोप लगाया है कि आमिर व भोलू निवासीगण बायभीट ने अब्दुल एजाज को धोखे से बहला फुसलाकर बुला ले गए। गुलवरिया गांव के पास जानलेवा हमला कर दिया, जिससे आंख में गंभीर चोटें आई हैं। संयुक्त चिकित्सालय में इलाज चल रहा था। हालत नाजुक देखते हुए लखनऊ रेफर कर दिया है। प्रभारी थानाध्यक्ष विपुल पांडेय ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर छानबीन की जा रही है। दोनों आरोपितों का 151 में चालान भी किया गया है।

# दुष्कर्म आरोपित गिरफ्तार

**बलरामपुर :** जरवा कोतवाली की पुलिस ने नाबालिग के साथ बहला फुसलाकर दुष्कर्म करने वाले आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। क्षेत्राधिकारी कुंवर प्रभात सिंह के निर्देश पर कोतवाल दुर्विजय ने कार्रवाई की गई है। मामले में गैंसड़ी कोतवाली के नचौरी निवासी एहसान उर्फ खुशहाल को गिरफ्तार कर उसे जेल भेज दिया गया है। (संसू)

# एसपी ने ली परेड की सलामी

**बलरामपुर :** पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सक्सेना ने शुक्रवार को पुलिस लाइन में परेड का निरीक्षण किया। सलामी लेकर सुरक्षा कर्मियों को अनुशासन का पाठ पढ़ाया। एकरूपता व अनुशासन बनाए रखने के लिए टोली वार ड्रिल कराई गई। पुलिस 112 के सुरक्षाकर्मियों को ड्यूटी के दौरान रिस्पांस टाइम को और अधिक प्रभावी बनाने का निर्देश दिया। (संसू)

# एससी-एसटी एक्ट में पांच को चार साल की कैद

**संसू, बलरामपुर :** महराजगंज तराई थाना की पुलिस ने एससी-एसटी एक्ट के पांच अभियुक्तों को चार-चार वर्ष कारावास की सजा दिलाने में सफलता पाई है।पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सक्सेना ने बताया कि महराजगंज तराई निवासी चेतराम वर्मा की तहरीर पर चंद्रशेखर श्रीवास्तव, उनके तीन बेटे कौशल किशोर, शंकर श्रीवास्तव, शैलेंद्र श्रीवास्तव व केशव श्रीवास्तव के विरुद्ध एससी-एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। अपर सत्र न्यायाधीश पांचों अभियुक्तों को दोषसिद्ध करार देते हुए चार साल कारावास व अर्थदंड की सजा सुनाई।

# 358 स्कूलों के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन

संवाद न्यूज एजेंसी

**बेसिक शिक्षा विभाग ने बिजली विभाग के अधिकारियों को भेजी सूची, हादसे का डर**

**लाइन हटाने के लिए बिजली विभाग ने मांगा 63.85 लाख रुपये का बजट**

बलरामपुर। प्रशासनिक इंतजामों की एक बड़ी लापरवाही जिले में सामने आई है। जिले के 358 स्कूलों के ऊपर से बिजली की हाईटेंशन लाइन जा रही है। ऐसे में यहां पर पढ़ने वाले बच्चों की सुरक्षा पर सवाल खड़े हो रहे हैं। विभाग ने ऐसे स्कूलों की सूची तैयार कर व्यवस्था दुरुस्त कराने के लिए बिजली विभाग को भेजी है।

जिले में कुल 1815 परिषदीय विद्यालय हैं। इनमें से श्रीदत्तगंज के 47, नगर क्षेत्र के 11, देहात के 26, पचपेड़वा के 44, तुलसीपुर के 33, उतरौला के 50, रेहरा बाजार के 26, गैड़ास बुजुर्ग के 32, गैसड़ी के 54 व शिवपुरा के 35 विद्यालय ऐसे हैं, जिनकी छत के ऊपर से या फिर बगल से हाईटेंशन लाइन गुजरी है। विभागीय सर्वे में यह तस्वीर उजागर होने के बाद अब बिजली विभाग को सूची भेजी गई है।

इसमें बलरामपुर डिवीजन में कुल 41 विद्यालय हैं। इन विद्यालयों की लाइन हटाने के लिए 63.85 लाख रुपये की आवश्यकता है। बिजली विभाग ने इसके लिए बीएसए को पत्र लिखा है। तुलसीपुर डिवीजन में 317 स्कूल आते हैं, इनमें से अभी सिर्फ 19 का ही सत्यापन हो सका है।



साहेबनगर स्कूल के ऊपर से गुजरा हाइटेंशन तार। संवाद

बीएसए कल्पना देवी ने बताया कि बिजली विभाग को पत्र लिखा गया है। हाईटेंशन लाइन को हटाने की दिशा में कार्रवाई की जा रही है।

## न्यूज डायरी

# दुकानदार की 50 हजार की नकदी उड़ाई

पेहर बाजार। क्षेत्र के मेहाली छिपिया में पंजाब नेशनल बैंक के सामने ठेले पर गुल्लक में रखे 50 हजार रुपये टप्पेबाज ने पार कर दिए। स्थानीय निवासी राशिद ने बताया कि वह फल का ठेला लगाता है। शुक्रवार को उसने बैंक से 50 हजार रुपये निकालकर ठेले पर गुल्लक में रखे थे। तभी एक आदमी रकम निकालकर भाग गया। राशिद ने बताया कि सामने लगे सीसीटीवी में बदमाश की तस्वीर कैद है। मामले की सूचना पुलिस चौकी में दी गई है। (संवाद)

# सादुल्लाहनगर पुलिस नंबर वन

**बलरामपुर।** पुलिस का कामकाज कैसा है, जनता की शिकायतों पर किस तरह से एक्शन लिया जा रहा है... इन तमाम बिंदुओं पर पड़ताल के बाद अब रैंकिंग जारी की गई है। पब्लिक अप्रूवल रेटिंग में सादुल्लाहनगर पुलिस को जिले में पहला स्थान मिला है। महाराजगंज तराई थाने की पुलिस सबसे निचले पायदान पर है।

गोरखपुर जोन के एडीजी अखिल कुमार ने जिले के 16 थानों की पुलिस रेटिंग कराई। इसमें आईजीआरएस पर आने वाली शिकायतों के निस्तारण के साथ ही पांच बिंदुओं पर समीक्षा की गई। आम जनता से जानकारी ली गई।

इस तरह कुल 50 हजार 327 लोगों ने फीडबैक दिया। इसके आधार पर जारी की गई रैंकिंग में सादुल्लाहनगर पुलिस को पहला, जरवा को दूसरा व उतरौला पुलिस को तीसरा स्थान मिला। महाराजगंज तराई थाने की पुलिस 16वें नंबर पर रही। एसपी राजेश कुमार सक्सेना का कहना है कि पुलिसिंग में सुधार का और बेहतर प्रयास किया जा रहा है। (संवाद)

# BAHRAICH POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 26-11-2022

# रेप मामले में दोषी को दस वर्ष का सश्रम कारावास

बहराइच। न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश ,विशेष न्यायाधीश पाक्सो के जज वरुण मोहित निगम ने किशोरी के अपहरण, रेप व पाक्सो एक्ट में दोषसिद्ध अपराधी को दस वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है ।

कोर्ट ने दोष सिद्ध अपराधी पर 1.12 लाख का जुर्माना लगाया गया है। जिसे अदा न करने पर छह माह की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। विशेष जिला शासकीय अधिवक्ता संत प्रताप सिंह ने बताया कि नानपारा कोतवाली में चार सितम्बर 2017 को एक किशोरी के पिता ने अपनी 17 वर्षीय बेटी के अपहरण का केस दर्ज कराया गया। इस मामले मे नानपारा कोतवाली के केशवापुर निवासी रियाज पुत्र खलील को नामजद किया गया था।

# प्रशासन ने बंद कराईं मीट की दुकानें

## सख्ती

बहराइच, संवाददाता। शहर में नियमों को ताक पर रखकर मीट की दुकानें संचालित हो रही हैं। खुले में पशुओं को काटने के साथ बिक्री सरेआम ही नहीं हो रही बल्कि प्रतिबंधित क्षेत्र में भी दुकानें चल रही हैं। हद तो तब हो गई जब शासन के निर्देश पर डीएम ने टीएल वासवानी की जयंती को मांस रहित मनाने के आदेश के बाद भी दुकानें खुली रही। संगठनों ने एतराज जताया तो आनन-फानन में सभी दुकानें दोपहर बाद बंद कराई गई।

योगी सरकार ने सभी पर्व, त्योहर व महापुरुषों की जयंती को अभय व अहिंसा दिवस के रूप में मनाने का फैसला किया है। इसी के मद्देनजर शुक्रवार को साधु टीएल वासवानी के जन्मदिन को मांस रहित मनाने का आदेश दिया गया था। डीएम ने सभी विभागों को शासन के आदेशों के पालन के निर्देश दिए थे। आदेश के बावजूद शहर के राजकीय इंटर कॉलेज, आंख अस्पताल, चांदपुरा, दरगाह रोड पर मीट की दुकानें पहले की तरह खुली रहीं। आदेश की अनदेखी पर हिंदू जागरण मंच के जिलाध्यक्ष धनंजय सिंह ने अधिकारियों को फोन कर आपत्ति जताई। कहा कि मांस रहित जन्मदिन के आदेश का पालन नहीं कराया गया है।

व्यापार संगठन के पदाधिकारियों ने भी दुकान बंद न होने जिला अभिहीत अधिकारी को सूचना दिया, लेकिन उन्होंने ऐसे आदेश की जानकारी से ही इनकार किया। संगठनों ने अफसरों को अवगत कराया। संगठनों के बढ़ते विरोध की जानकारी ईओ को हुई तो उन्होंने तत्काल सभी दुकानों को बंद कराया।आदेश की अनदेखी करने वालों पर कड़ी कार्रवाई होगी।

## कॉलेज के पास चल रही मीट की दुकान

बहराइच। स्कूल व कॉलेज से 100 मीटर की परिधि में मीट की दुकानों का संचालन प्रतिबंधित है। इसके बावजूद राजकीय इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज के साथ ही डीआईओएस व बीएसए कार्यलय के निकट मीट की दुकानों आबाद हो रही हैं। नियमों को ताक पर रखकर चल रही दुकानों की शिकायतों को खाद्य विभाग भी अनसुना कर रहा है।

# दिल्ली से चोरी 11 लाख का टूथपेस्ट जरवल रोड से बरामद

जरवलरोड, संवाददाता। एक युवक दिल्ली से 11 लाख रुपए कीमत का टूथपेस्ट चोरी कर फरार हुआ था। इस मामले में केस दर्ज होते ही दिल्ली पुलिस ने शुक्रवार को जरवलरोड थाने पहुंचकर एसएचओ से सम्पर्क साधा। दिल्ली व जरवलरोड पुलिस की संयुक्त दबिश में युवक को दबोच लिया। टूथपेस्ट का स्टाक भी बरामद किया गया है। आरोपी युवक को दिल्ली पुलिस अपने साथ लेकर चली गई है।

दिल्ली के लाहौरी गेट पुलिस थाने के एसएसआई रमाकान्त व सहायक उप निरीक्षक हरेन्द्र सिंह ने जरवलरोड थाने पर शुक्रवार दोपहर पहुंचकर एसएचओ राजेश कुमार सिंह को अवगत कराया कि कुंवर पाल सिंह पुत्र हर स्वरूप सिंह निवासी 3/100 माण्डोली एक्सटेन्सन मेन सेवा धाम रोड दिल्ली की ओर से 22 नवम्बर को चोरी की घटना में नामित जरवलरोड थाने के खासेपुर बहरामपुर निवासी उदल कुमार उर्फ सन्तोर्ष नामजद है, जो लगभग 11 लाख का टूथपेस्ट चोरी करके फरार हुआ है।

प्रभारी निरीक्षक जरवलरोड राजेश कुमार सिंह ने बताया कि सूचना मिलने पर दिल्ली पुलिस के साथ अवधेश कुमार वर्मा व अन्य सिपाहियों को नामजद आरोपी उदल कुमार उर्फ सन्तोष की गिरफ्तारी के लिए उसके घर रवाना किया गया। चोरी करके लाए गए टूथपेस्ट को आरोपी के निशांदेही पर उसी के घर से बरामद कर लिया।

# डीएम व एसएसपी ने बीमार दरोगा का हाल जाना

**संवेदना**

**बहराइच, संवाददाता।** पुलिस विभाग में कार्यरत उपनिरीक्षक की शुक्रवार को हालत बिगड़ गई। आनन-फानन में उसे जिला अस्पताल ले जाया गया। जांच में शुगर का स्तर बेहद कम होने की पुष्टि हुई। सूचना पर डीएम डॉ. दिनेश चंद्र व एसएसपी केशव कुमार चौधरी दोपहर इमरजेंसी पहुंचे। उपनिरीक्षक का हाल जाना। इलाज कर रहे चिकित्सकों से जानकारी ली। डीएम के जाने के बाद प्रिंसिपल भी पहुंचे।

ड्यूटी पर मौजूद पुलिस उपनिरीक्षक की आचानक हालत बिगड़ गई। ब्लड शुगर काफी नीचे होने से व अचेत हो गया। साथ कर्मियों ने उन्हें तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया। इसकी जानकारी एसएसपी को दी। वे नानपारा से निकल कर सीधे डीएम के संग जिला अस्पताल पहुंचे। हालांकि तब तक मरीज की हालत में काफी सुधार हो गया था। दोनों अधिकारियों ने चिकित्सक से इलाज की जानकारी ली। कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होना चाहिए। एसएसपी ने पुलिस कर्मियों को भी मौके पर मुस्तैद रहने के निर्देश दिए। डीएम व एसएसपी के पहुंचते ही खलबली मच गई। सूचना पाकर नवनियुक्त प्रिंसिपल संजय खत्री भी पहुंच गए। हालांकि डीएम व एसएसपी निकल चुके थे।

# 60 लाख की ब्राउन शुगर बरामद

## शिकंजा

रुपईडीहा, संवाददाता। सशस्त्र सीमा बल व रुपईडीहा पुलिस की संयुक्त मुहिम में शुक्रवार को एक मादक पदार्थ तस्कर को दबोच लिया। उसके पास से लगभग 60 लाख की ब्राउन शुगर बरामद की गई है। जिसकी अन्तरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत 1.22 करोड़ आंकी गई है। गिरफ्तार तस्कर को केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

एसएसपी केशव कुमार चौधरी ने बताया कि रुपईडीहा एसएचओ श्रीधर पाठक को भनक लगी कि सरहद पर तस्करों की गतिविधियों को देखा गया है। एएसपी ग्रामीण अशोक कुमार व सीओ नानपारा राहुल पांडेय के पर्यवेक्षण में एसएसआई रूदल बहादुर सिंह, एसआई अश्विनी कुमार पांडेय, सिपाही धीरज कुमार, अंकुर यादव अशोक तिवारी व एसएसबी के 42वीं वाहिनी रुपईडीहा बीओपी के इंस्पेक्टर धांग कुमांग बाइते, एएसआई अरुण कुमार, बिंदेश्वर शाह, राहुल यादव, अजय कुमार राय, दिलीप कुमार चौधरी भाविक कुमार की संयुक्त टीम ने सरहद के पिलर संख्या 651/4 के पास दबिश दी। एक संदिग्ध युवक को पकड़ा और तलाशी ली। उसके पास से 122 ग्राम ब्राउन सुगर बरामद की गई। तस्कर की पहचान रुपईडीहा थाने के गंगापुर-जैतापुर निवासी सुनील कुमार वर्मा के रूप में हुई है।

**सरहद बनी ब्राउन शुगर की हब : रुपईडीहा।** ब्राउन शुगर व अन्य नशीले पदार्थों की बिक्री का पूरा रुपईडीहा का सरहदी इलाका हब बन चुका है। कस्बे के करोड़पति हो चुके नशे के व्यापारियों ने अब नेपाल सीमा से सटे गांवों को भी अब ठिकाना बना लिया है। अब ग्रामीण युवकों को फ्री ब्राउन शुगर पिलाकर नशे का आदी बना देते हैं। फिर उसी से कैरींग का काम करवाते हैं। गरीब किसानों के बेटे जिनके पिता नहीं हैं। वे भूमि बेच कर स्मैक का सेवन कर रहे हैं। धन न होने पर छोटी- मोटी चोरियां व बाइक चोरी तक कर रहे हैं।

## थोक कारोबारियों तक नहीं पहुंच रही ऐजेंसिया

रुपईडीहा। आए दिन पुलिस व एसएसबी की टीम ब्राउन शुगर पकड़ती है। युवकों को पकड़ कर कोर्ट भेज कर अपने कर्तव्यों की इतिश्री कर लेती है। इन सुरक्षा बलों से पूछा गया कि ये युवक मादक पदार्थ कहां से लाते हैं, वहां आप लोग क्यों नहीं पहुंचते, तो जवाब होता है कि पहुंचेंगे। परंतु आज तक किसी भी स्मैक कैरियर से इन सुरक्षा बल कर्मियों ने पूछताछ की ही नहीं। सिर्फ कैरियर को पकड़ कर वाहवाही लूटने में मशगूल रहते हैं। क्षेत्र की सामाजिक संस्थाएं नशे के विरुद्ध गोष्ठियां आयोजित करती हैं। परंतु यह सब निष्प्रभावी सिद्ध हो रहा है। नशे का बढ़ता कारोबार अब नेपाल सीमा से सटे गांव तक बेतहाशा फैल रहा है।

## इन इलाकों में तस्करी की गतिविधियां

रुपईडीहा। इन दिनों चकियारोड, केवलपुर मोड़, रुपईडीहा गांव, नई बस्ती, जैतापुर मोड़, नथुनिया चौराहा, गंगापुर मोड़, छोटी नहर चौराहा, रेलवे माल गोदाम क्षेत्र व घसियारन टोल आदि स्थानों पर भारी मात्रा में स्मैक बिक रही है।

# 122 ग्राम स्मैक बरामद, एक आरोपित गिरफ्तार

**बहराइच :** थानाध्यक्ष श्रीधर पाठक ने बताया कि एसएसबी के बीओपी इंचार्ज धांग कुमांग बाइते के साथ संयुक्त अभियान चलाया गया। बताया कि भारत-नेपाल सीमा स्थित पिलर संख्या 651/4 के पास एक संदिग्ध युवक नेपाल की ओर से आता दिखा। घेराबंदी कर उसे रोका गया। तलाशी के दौरान उसके पास से 122 ग्राम स्मैक बरामद हुई। आरोपित इलाके के जैतापुर गंगापुर निवासी सुनील है। मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने उसे न्यायालय भेज दिया। (जासं)

# चौकी इंचार्ज लाइन हाजिर

**बहराइच :** रुपईडीहा इलाके के बाबागंज चौकी प्रभारी को एसपी ने लाइन हाजिर कर दिया है। आने वाले फरियादियों से व्यवहार अच्छा न होने के साथ कार्यों में हीलाहवाली के चलते उन्हें लाइन हाजिर किया गया है। विभागीय सूत्रों की माने तो अपने पद व गरिमा का ख्याल न रखते हुए काम करने वाले चौकी प्रभारी रामकेश की लगातार शिकायतें आ रही थी। इलाके में इंटरनेट मीडिया पर तमंचे संग वायरल हुई फोटो मामले में भी चौकी इंचार्ज ने आरोपितों को अभयदान दिया था। यही नहीं आरोपित युवकों के स्वजन से मिलकर निर्दोष पर मुकदमा भी दर्ज किया था। (जासं)

# SHRAWASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 26-11-2022




बैठक में मौजूद डीएम व अन्य । ● हिन्दुस्तान

# घरेलू हिंसा के खिलाफ अभियान शुरू

श्रावस्ती। घरेलू व लैंगिक हिंसा के खिलाफ महिलाओं तथा बालिकाओं को जागरूक करने के लिए राष्ट्रीय जेण्डर अभियान शुरू किया गया है। इसका शुभारंभ दिल्ली से किया गया जिसका सचीव प्रसारण किया गया। कलेक्ट्रेट में में महिलाओं को हिंसा के खिलाफ तैयार करने के लिए बताया गया।

# 153 वाहनों का काटा गया चालान

श्रावस्ती। वाहन चेंकिग अभियान में153 वाहन यातायात नियमों का उल्लंघन करते पाये गए। नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के चालान किए गए वाहनों के स्वामियों पर दो लाख 53 हजार 500 रुपये का जुर्माना लगाया गया। वहीं पुलिस ने चेकिंग करते हुए वाहन चालकों को मानक पूरा करने के साथ ही नियमों का पालन करते हुए वाहन चलाने के लिए प्रेरित किया।

# फरार आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ा

**सफलता**

**श्रावस्ती, संवाददाता।** गैंगस्टर एक्ट का एक आरोपी लम्बे समय से फरार चल रहा था। शुक्रवार को पुलिस की ओर से आरोपी को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। आरोपी पर सिर 25 हजार रुपये का इनाम भी घाषित किया गया था।

पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार मौर्य की ओर से अपराध नियंत्रण को लेकर अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को नवीन मॉडर्न पुलिस थाना श्रावस्ती के प्रभारी निरीक्षक राम पाल यादव टीम के साथ क्षेत्र भ्रमण कर रहे थे। इस दौरान पुलिस ने नवीन माडर्न पुलिस थाना श्रावस्ती में पंजीकृत मुकद्दे के आरोपी गैंगस्टर आरोपी जालिम पुत्र शेर खान निवासी बंजारन पुरवा थाना विशेश्वर गंज जनपद बहराइच को मुखबिर की सूचना पर उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को थाने लाकर जेल भेज दिया गया। आरोपी के विरुद्ध उत्तर प्रदेश गिरोह बन्द एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम 1986 से संबंधित धाराओं में मामला दर्ज है। साथ ही उसके सिर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। गिरफ्तारी टीम में प्रभारी निरीक्षक के साथ उपनिरीक्षक अमित सिंह, आरक्षी रमाकांत वर्मा व महिला आरक्षी पूजा शामिल रही।

## महिलाओं ने जाने अपने अधिकारी

## यातायात नियमों का सड़क पर चलते समय ध्यान रखें

**जागरूकता**

# एसपी ने थाने में आगंतुक कक्ष का किया उद्घाटन

**सुविधा**

**श्रावस्ती, संवाददाता।** सिरसिया थाने में आगंतुक कक्ष का निर्माण कराया गया। जिसका उद्घाटन शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार मौर्य ने फीता काटकर किया। एसपी ने ग्राम प्रहरियों का कुशलक्षेम जाना और उन्हें अपने क्षेत्र की सूचनाओं को समय से प्रेषित करने के लिए प्रेरित किया।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि यह आगंतुक कक्ष का उपयोग थाने में आने वाले लोगों के लिए किया जाएगा। इस एसपी ने क्षेत्र का हाल जाना गया। इसके बाद पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रांगण में उपस्थित थाना क्षेत्र के ग्राम प्रहरियों से उनका कुशलक्षेम जाना गया। साथ ही एसपी ने ग्राम प्रहरियों से बात चीत कर सभी को समय से सूचना देने व अपने दायित्वों का अच्छी तरह निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि ग्राम प्रहरी पुलिस विभाग का अभिन्न अंग होता है। इनकी ओर से क्षेत्र में घटित घटनाओं आदि की सूचना पुलिस विभाग को प्रदान की जाती रही है। सूचना तंत्र को और अधिक मजबूत करने तथा ग्राम प्रहरियों की सक्रियता को बढ़ाने के लिए पुलिस अधीक्षक की ओर से उनसे मुलाकात कर वार्ता की गई तथा अपने कार्यों के प्रति और अधिक सक्रिय रहने के लिए उनका मनोबल बढ़ाया गया।

# महिलाओं के विरुद्ध हिंसा रोकने के लिए शुरू हुआ जेंडर अभियान

**श्रावस्ती।** जिले में महिलाओं व बच्चियों के खिलाफ हिंसा रोकने व उन्हें जागरूक करने के लिए शुक्रवार से राष्ट्रीय जेंडर अभियान की शुरुआत की गई। जिसका दिल्ली के डॉ. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर से केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह एवं केंद्रीय राज्यमंत्री निरंजन ज्योति ने द्वीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। वहीं जिले में डीएम व सीडीओ ने कलेक्ट्रेट सभागार में दीप प्रज्ज्वलित कर इसकी शुरुआत की।

इस दौरान डीएम नेहा प्रकाश ने कहा कि इस अभियान के तहत महिला हिंसा के विरुद्ध मौजूदा कानूनी व अन्य उपायों के बारे में जानकारी दी जाएगी। यह अभियान 23 दिसंबर तक चलाया जाएगा। इसमें विभिन्न विभागों के माध्यम से गतिविधियों को संचालित कर महिलाओं के प्रति हो रही हिंसा को कम करने के लिए जागरूक किया जाएगा।

सीडीओ अनुभव सिंह ने कहा कि महिलाओं के खिलाफ हिंसा को खत्म करने के लिए निरंतर कार्रवाई की आवश्यकता पर ध्यान में रखते हुए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाती हैं। इस अभियान के माध्यम से महिलाएं कानूनी व अन्य मदद लेना चाहें तो उनकी समस्याओं का निदान किया जाएगा। इस दौरान एएसपी प्रवीण कुमार यादव, डीसीएनआरएलएम रविंद्र कुमार चतुर्वेदी, उपनिदेशक कृषि कमल कटियार, सीवीओ डॉ. विनोद कुमार आदि मौजूद रहे। संवाद

# लैंगिक हिंसा के खिलाफ किया जाएगा जागरूक




राष्ट्रीय जेंडर अभियान के शुभारंभ अवसर पर कलेक्ट्रेट में मौजूद जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ( दाएं ) व सीडीओ अनुभव सिंह ( बाएं से दूसरे ) ● जागरण

**जासं, श्रावस्ती :** लैंगिक हिंसा के खिलाफ महिलाओं व लड़कियों को जागरूक करने के लिए शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम नेहा प्रकाश व सीडीओ अनुभव सिंह ने राष्ट्रीय जेंडर अभियान का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। दिल्ली में आयोजित मुख्य कार्यक्रम का प्रसारण भी देखा गया। यह अभियान 23 दिसंबर तक चलेगा।

डीएम ने कहा कि महिलाओं और बालिकाओं के खिलाफ हिंसा को कम करने के उद्देश्य से अंतरराष्ट्रीय दिवस के अवसर पर इस अभियान को शुरू किया गया है। यह दुखद है कि बड़ी संख्या में पुरुष और महिलाएं अभी भी लिंग आधारित हिंसा को सामान्य मानते हैं। इसमें बदलाव लाने के लिए खासतौर से ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं व लड़कियों पर ध्यान केंद्रित करते हुए लिंग आधारित भेदभाव व हिंसा के खिलाफ अभियान शुरू किया गया है। सीडीओ ने कहा कि अभियान के माध्यम से महिलाएं कानूनी या अन्य मदद लेना भी चाहें तो उनकी समस्याओं का निवारण किया जाएगा। इस मौके पर एएसपी प्रवीण कुमार यादव मौजूद रहे।

# जनता के फीडबैक में भिनगा कोतवाली की पुलिस अव्वल

**जासं, श्रावस्ती :** गोरखपुर जोन के अपर पुलिस महानिदेशक अखिल कुमार की ओर से श्रावस्ती जिले के सभी थानों की कार्यशैली की जमीनी हकीकत पता लगाने के लिए 11 नवंबर से 17 नवंबर तक ट्विटर पोल फीडबैक अभियान चलाया गया था। इसमें भिनगा कोतवाली की पुलिस अव्वल रही।

एसपी अरविंद कुमार मौर्य के नेतृत्व में चलाए गए सात दिवसीय अभियान में भिनगा कोतवाली की पुलिस का कार्य सराहनीय रहा। जनता ने भिनगा कोतवाली पुलिस को ट्विटर व डायरेक्ट पोल का फीडबैक देकर प्रथम स्थान पर पहुंचाया। एसपी ने बताया कि अभियान के दौरान ट्विटर पोल वोटिंग फीडबैक, जनसुनवाई आइजीआरएस, ट्विटर पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण व एफआइआर पंजीकरण के संबंध में श्रावस्ती जिले के थानों की वोटिंग कराई गई थी।

भिनगा कोतवाली पुलिस पब्लिक अप्रूवल रेटिंग 78.88 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम स्थान पर रही। 76.78 प्रतिशत अंक प्राप्त कर मल्हीपुर थाने की पुलिस दूसरे, 75.87 प्रतिशत अंक पाकर श्रावस्ती थाने की पुलिस तीसरे, 73.86 प्रतिशत अंक प्राप्त कर गिलौला थाने की पुलिस ने चौथे, 73.24 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सिरसिया पुलिस पांचवें, 71.95 प्रतिशत अंक हासिल कर इकौना थाने की पुलिस ने छठवां, 68.34 प्रतिशत अंक हासिल कर महिला थाने की पुलिस सातवें, 60.64 प्रतिशत अंक पाकर सोनवा पुलिस आठवें स्थान पर रही। पब्लिक अप्रूवल रेटिंग के तहत आइजीआरएस के माध्यम से 147, ट्विटर पोल के माध्यम से 1029 व डायरेक्ट पोल के माध्यम से 14920, एफआइआर व एनसीआर के माध्यम से 91, पासपोर्ट व चरित्र सत्यापन के माध्यम से 317 लोगों से संपर्क स्थापित कर फीडबैक प्राप्त किया गया।

# शांति भंग की आशंका में 19 गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** जिला पुलिस की ओर से चलाए जा रहे अभियान के दौरान गुरुवार रात 19 लोगों को गिरफ्तार किया गया। जिनके विरुद्ध शांति भंग की आशंका में कार्रवाई कर संबंधित एसडीएम के सुपुर्द कर दिया गया है। संवाद

# 153 वाहनों का चालान

**श्रावस्ती।** जिला पुलिस ने शुक्रवार को नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध विभिन्न बैरियर व चेक पोस्ट पर जांच अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान पुलिस ने 153 वाहनों का चालान किया। इस दौरान पुलिस ने 2,53,500 रुपये शमन शुल्क भी वसूल किया। संवाद

# आगंतुक कक्ष का लोकार्पण

**श्रावस्ती।** सिरसिया थाने में जन सहयोग से आगंतुक कक्ष का निर्माण कराया गया है। जिसका शुक्रवार को एसपी अरविंद कुमार मौर्य ने लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने मौजूद क्षेत्र के गणमान्यों से क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस का सहयोग करने की अपील की। वहीं ग्राम प्रहरियों से मिल कर उन्हें गांव की छोटी बड़ी गतिविधियों की सूचना समय से पुलिस को देने तथा अपने दायित्वों का अच्छी तरह से निर्वहन करने को कहा। इस दौरान एएसपी प्रवीण कुमार यादव, क्षेत्राधिकारी नगर अतुल कुमार चौबे, पुलिस उपाधीक्षक (प्रशिक्षु) सतीश कुमार शर्मा, थानाध्यक्ष सिरसिया पंकज कुमार सहित क्षेत्र के गणमान्य मौजूद रहे। संवाद

# गैंगस्टर का आरोपी भेजा गया जेल

**श्रावस्ती।** गैंगस्टर के मामले में फरार चल रहे बहराइच के थाना विशेश्वरगंज अंतर्गत मझवा बनकट के मजरा बंजारन पुरवा निवासी जालीम को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

नवीन मॉर्डन थाना कटरा की पुलिस ने उसे शुक्रवार को अपर जिला जज गैंगस्टर के सामने पेश किया गया। जहां से उसे 60 दिन के लिए न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया है। संवाद